दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार 22 दिसंबर 2023, वर्ष-12 अंक- 280 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

विधानसभा अपडेट : छत्तीसगढ़ विधानसभा षष्ठम शीतकालीन तीन दिवसीय सत्र नई सरकार और नए सदस्यों की शपथ, राज्यपाल का अभिभाषण, स्पीकर का चुनाव, अनुपूरक बजट और राज्यपाल की अभिभाषण की चर्चा के साथ आगामी तीथि तक स्थगित हो गया। अनुपूरक बजट पर आज दिनभर हुई चर्चा में हास्-परिहास् के साथ पक्ष-विपक्ष के सदस्य एक दूसरे पर तंज कसे गए। अधिकांश ने एक-दूसरे के प्रति अपना राजनीतिक और परिवारिक संबंधों का हवाला दिया। कई बार गरमा-गरमी भी हुई लेकिन नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने चिरपरिचित अंदाज में दोनों पक्षों को शांत किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बजट अनुदान मांगों पर चर्चा में बड़ा भावुक भाषण दिया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आकड़ों के साथ सरकार को घेरने की कोशिश की। हालांकि सदन में आज हमेशा की भांति वरिष्ठ विधायक अजय चन्द्राकर काफी मुखर रहे। विपक्ष की ओर से उमेश पटेल ने शानदार प्रदर्शन किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी अनुपूरक बजट की मांगों पर चर्चा में अपनी बात रखी।

पांच साल में 50 हजार करोड़ के कर्ज में डूबा राज्य : विष्णुदेव साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज यहां कहा है कि पुरानी सरकार ने पांच साल में 50 हजार करोड़ रुपए का कर्ज ले लिया है। इसके बाद भी राज्य सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए तत्पर है। 2018 के जनघोषणा पत्र में प्रधानमंत्री आवास का दावा करने वाली कांग्रेस ने बेघरों को बेघर ही रखा। विधानसभा में 12 हजार करोड़ से अधिक के अनुपूरक बजट की अनुदान मांगों पर चर्चा करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी के चलते शपथ के कुछ घंटों बाद ही सबसे पहले 18 लाख परिवारों को पीएम आवास की फाइल पर हस्ताक्षर हुए। पिछली सरकार ने राजस्व प्राप्ति के कोई ठोस प्रयास नहीं किए, बल्कि बेतहाशा कर्ज लिया। 2018 में 41 हजार 695 करोड़ रुपए का कर्ज था, जो अभी 91 हजार 533 करोड़ रुपए हो गया है। पांच सालों में 50 हजार करोड़ रुपए का कर्ज ले लिया। ऐसी स्थिति में भी मोदी की गारंटी को पूरा करने हम जनघोषणा पत्र में किए गए वायदों के मुताबिक आवासहिनों को आवास देंगे। पहला निर्णय 3 हजार 799 करोड़ आवास के लिए लिया गया है और 13 लाख किसानों को 2016-17, 2017-18 का बकाया दो साल का बोनस देने के लिए इसमें प्रावधान रखा गया है। महतारी वंदन योजना के तहत 12 सौ करोड़ रुपए का प्रावधान है। अपने पहले भाषण में भावुक होते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मेरी 10 वर्ष की आयु में पिता का साया उठ गया था। मैं उस दुख को समझता हूं, इसलिए राज्य की पिता और पालक की तरह सेवा करता रहूंगा और माता और बहनों की सेवा करता रहूंगा। मुख्यमंत्री ने शपथ की भांति संकल्प लेते हुए प्रत्यक्ष संकल्प - मैं विष्णुदेव साय के नाम से दोहराया।

मैं पूरा जीवन पिता बनकर सेवा करूंगा

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के गुरूवार को आखिरी दिन 12 हजार 992 करोड़ 70 लाख 98 हजार 8 सौ रुपए का अनुपूरक बजट पास हो गया है। अनुपूरक बजट के चर्चा के दौरान कई मुद्दों पर पक्ष-विपक्ष में तंज और बहस देखने को मिली। सीएम साय ने अनुपूरक बजट चर्चा के दौरान कहा कि 10 वर्ष की उम्र में ही मेरे पिता का साया सिर से उठ गया। अब मैं अपना जीवन प्रदेश के नागरिकों की बेहतरी के लिए समर्पित करूंगा। मैं पिता और भाई बनकर प्रदेश के नागरिकों की सेवा करूंगा।

मोदी की गारंटी पहली नजर में धोखा लगती है : महंत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने आज यह कहा कि मोदी की गारंटी के नाम पर आई सरकार का यह अनुपूरक बजट जनता के साथ धोखा लगता है। डॉ. महंत सरकार द्वारा विधानसभा पटल पर प्रस्तुत 12 हजार करोड़ से अधिक के अनुपूरक बजट की अनुदान मांगों पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस घोषणा पत्र के वादों में जल जीवन मिशन और महतारी वंदन योजना की राशि की व्यवस्था कहां से करेंगे, इसका उल्लेख नहीं है। ये सरकार बिजली बिल हॉफ योजना बंद करना चाह रही है जिससे गरीबों के आर्थिक स्थिति पर फर्क पड़ेगा। राजीव गांधी किसान न्याय योजना का आप क्या करना चाह रहे, यह तय नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी ही अजय चंद्राकर जी ने कहा था कि यह बजट मोदी की गारंटी वाला बजट है। मोदी की पहली गारंटी तो फेल हो गई है। 15 लाख रुपए खाते में और 2 करोड़ की नौकरियां नहीं मिली है। नई घोषणा महतारी वंदन योजना की है। प्रदेश में 70 लाख विवाहित महिलाएं हैं। अगर 1 हजार रुपए प्रतिमाह मार्च 2024 तक देते भी हैं तो 28 सौ करोड़ रुपए होता है। कैसे देंगे ये बता ही नहीं पा रहे हैं? महंत के भाषण के दौरान 2 लाख रुपए कर्जा माफ सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर अच्छा खासा हंगामा हुआ। इस पर डॉ. महंत ने कहा कि शर्मा जी अब फंस गए। 25 तारीख को सरकार एकमुश्त बोनस देने की बात कर रही है। उसकी क्या तैयारियां है, किसी को कोई निर्देश नहीं मिले है? सरकार के आते ही नक्सल घटनाएं बढ़ गई है, आप से उनका क्या संबंध है, ये पता ही नहीं है? हसदेव का आंदोलन चल रहा है, 3 आदिवासियों को गिरफ्तार किया गया है। भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह की ओर इशारा करते हुए महंत ने कहा कि इन्हीं ने 26 जुलाई 2022 को एक प्रस्ताव हसदेव को लेकर पेश किया था। 14 हेक्टेयर में पेड़ काटने की अनुमति दी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आपसे पहले वाले ने कका बनकर सेवा की

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के भाषण के बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा- आप पिता बनकर सेवा करें, अच्छी बात है। आपसे पहले वाले ने कका बनकर सेवा की, पर छत्तीसगढ़ की जनता को यह पसंद नहीं आया। अनुपूरक बजट चर्चा के दौरान सदन में पक्ष-विपक्ष में जमकर गरमा-गरमी बनी रही।

यह भगवा नहीं ठगवा सरकार : उमेश

कांग्रेस सदस्य उमेश पटेल ने बिजली बिल हाफ योजना बंद किए जाने को लेकर सवाल किया क्या योजना बंद होगी। इसे स्पष्ट करें कि योजना को लेकर भाजपा सदस्य जो बयान दे रहे हैं वो सही है या नहीं। उन्होंने धान खरीदी, किसानों को चौथी किस्त और बेरोजगारी भत्ता देने की मांग के साथ किसानों का कर्जा माफ करने की मांग रखी। तंज कसते हुए उन्होंने कहा यह भगवा नहीं ठगवा सरकार है।

पीएससी को लेकर भिड़ीं दो पूर्व मंत्री

अनिला भेंडिया ने पीएससी में अधिकारियों के बच्चों के चयन होने पर कहा कि अधिकारी के बच्चे क्यों अधिकारी नहीं बन सकते। जवाब में भाजपा की लता उसेंडी ने इस पर टिप्पणी की तो भाजपा के वरिष्ठ विधायक राम विचार नेताम ने चुटकी लेते हुए कहा कि यह दो पूर्व महिला बाल विकास मंत्री के बीच का मामला है।

2 लाख तक की कर्जमाफी पर हंगामा

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा- चुनाव प्रचार के दौरान वे जब 2 लाख तक की कर्जमाफी की बात की थी, उस समय घोषणा पत्र नहीं आया था, घोषणा पत्र आने के बाद यह बात नहीं कही। इस पर विपक्ष के सदस्यों ने झूठ बोलने और किसानों को धोखा देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

पूर्व सीएम ने महतारी वंदन योजना पर उठाए सवाल

अनुपूरक बजट चर्चा के दौरान प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महतारी वंदन योजना को लेकर सदन में सवाल पूछा? भूपेश बघेल ने कहा महतारी वंदन योजना कब से प्रदेश में लागू होगी। उन्होने कहा कि प्रदेश भर में चर्चा है कि भाजपा ने बड़ी संख्या में महतारी वंदन योजना के फार्म जमा कराये है और ये भी पता चला है कि इस फार्म को भरते समय पहली किस्त के रूप में 1000 हजार रुपए भी दिए गए। श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार फार्म भराकर और पैसा बांटकर बनी है। अब ये भी बताए कि महतारी वंदन योजना कब से लागू हो रही है।

पूर्व सीएम को रामविचार ने दिया जवाब

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सवालों पर भाजपा सदस्य रामविचार नेताम ने कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रदेश में आपकी सरकार थी और भाजपा ने इतना बड़ा काम कर लिया आपको हवा भी नहीं लगी। भाजपा हमेशा काम करती है। प्रदेश में भर में हमने काम किया आप को पता ही नहीं चला। जब फार्म भरे जा रहे थे। पैसा दिया जा रहा था तो सरकार को पता क्यों नहीं चला।

बिरनपुर मामले की सीबीआई जांच की मांग

भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर ने प्रदेश की बहुचर्चित घटना बिरनपुर और बस्तर के रूप सिंह सलाम का मामला उठाया। उन्होंने इन दोनों घटना की सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा की अभी तो जांच होगी, कुछ दिन रुकिये कई लोग जेल भी जाने वाले है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार ने नरवा, घरवा, घुरवा बारी योजना को घोटालों का अड्डा बना रखा था। इसकी भी जांच होगी। पूर्ववर्ती सरकार ने कई योजना का पैसा दूसरे मद में उपयोग कर राज्य की आर्थिक स्थिति पर बोझ बढ़ाया है। प्रदेश में सीबीआई पर लगे प्रतिबंध को हटाएंगे। पूर्ववर्ती सरकार ने पीएससी में जो गड़बड़ी की है जिसमें पिछले दरवाजे से आईपीएस, आईएएस बनाए गए है उनकी भी जांच होगी।

आज बेबाक

विपक्ष की तरफ से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को प्रधानमंत्री का चेहरा बनाने के प्रस्ताव से नीतीश कुमार को जोर का झटका जोर से लगा है। लालू यादव को भी यह प्रस्ताव नागवार गुजरा है। नीतीश कुमार के लिए दिल्ली दूर होने का मतलब है लालू के लाल की लालटेन बुझना। नीतीश कुमार अब मुख्यमंत्री पद की कुर्सी नहीं छोड़ेंगे। ऐसे में तेजस्वी यादव को स्टूल से ही काम चलाना पड़ेगा। नीतीश कुमार के दिल के अरमान आंसुओं में बह गए। उनके लिए तो यहि कहावत चरितार्थ हो रही है कि - गए थे हरि भजन को ओटन लगे कपास।

किरण सिंहदेव बने छत्तीसगढ़ बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ बीजेपी ने प्रदेश अध्यक्ष बदल दिया है। किरण सिंहदेव को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। किरण सिंहदेव बस्तर के जगदलपुर से विधायक हैं। अब तक प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी अरुण साव के पास थी। बीजेपी सरकार बनते ही अरुण साव को डिप्टी सीएम बनाया गया है। नई सरकार में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के उपमुख्यमंत्री बनने के बाद से ही संगठन में फेरबदल की चर्चा थी, लेकिन यह फेरबदल मंत्रिमंडल के गठन से पहले ही हो गया। प्रदेश के महामंत्री भी जल्द ही बदले जा सकते हैं। 61 साल के किरण सिंह देव जगदलपुर से चुनाव जीते हैं। इससे पहले वे जगदलपुर के ही महापौर भी रहे हैं। पेशे से वकील किरण सिंहदेव ने जनता युवा मोर्चा से राजनीति की शुरुआत की थी। 2023 में पहली बार बीजेपी से टिकट मिला और उन्होंने 29 हजार 834 वोटों के अंतर से जीत हासिल की। प्रदेश अध्यक्ष के बाद अब बीजेपी के महामंत्री भी बदले जाएंगे। विजय शर्मा कैबिनेट में शामिल हो चुके हैं, ओपी चौधरी के शामिल होने की चर्चा है। दोनों ही महामंत्री हैं, ऐसे में इन दोनों में भी बदलाव होगा।

आदिवासी और ओबीसी के बाद सामान्य को जिम्मा

किरण सिंहदेव सामान्य वर्ग से आते हैं। इससे पहले आदिवासी और ओबीसी को अध्यक्ष के रूप में मौका दिया गया। आदिवासी अध्यक्ष के रूप में नंदकुमार साय, विष्णुदेव साय के अलावा विक्रम उसेंडी रह चुके हैं। वहीं ओबीसी वर्ग से धरमलाल कौशिक और अरुण साव प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। इससे पहले सामान्य वर्ग से डॉ. रमन सिंह बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं।

संसद की सिक्योरिटी का जिम्मा अब सीआईएसएफ को

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को दी गई है। 21 दिसंबर को संसद में सुरक्षा चूक को देखते हुए सरकार ने ये फैसला लिया है। सीआईएसएफ के पास अभी एटॉमिक, दिल्ली मेट्रो, हवाई अड्डे और एयरोस्पेस से जुड़े संस्थानों समेत कई इमारतों की सिक्योरिटी का जिम्मा है। सीआईएसएफ के साथ संसद की सुरक्षा में पार्लियामेंट सिक्योरिटी सर्विस (पीएसएस), दिल्ली पुलिस और पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप (पीडीजी) भी शामिल रहेंगे। पीडीजी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का ही हिस्सा है। वहीं, सुरक्षा चूक मामले में गिरफ्तार चार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सांसदों के निलंबन के खिलाफ विपक्षी इंडिया गठबंधन आज करेगा प्रदर्शन

नई दिल्ली (वार्ता)। इंडिया गठबंधन के नेता सांसद से सांसदों की निलंबन के खिलाफ शुक्रवार को यहां जंतर मंतर पर प्रदर्शन करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष तथा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे ने गुरुवार को विजय चौक पर विपक्षी नेताओं के साथ आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि धरना प्रदर्शन जंतर मंतर के साथ ही देश की विभिन्न हिस्सों में भी किया जाएगा। उन्होंने मोदी सरकार पर लोकतंत्र को ढस्थ करने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा नहीं चाहती है कि देश में बहुदलीय लोकतंत्र हो। विपक्ष की सदस्यों को सही मांग को लेकर आवाज उठाने के आरोप में संसद संसद से निलंबित किया जा रहा है। उन्होंने कहा मोदी सरकार ये नहीं चाहती कि सदन चले। लोकतंत्र में सवाल करना हमारा हक है। हम सवाल उठा रहे हैं कि संसद सुरक्षा में जो चूक हुई, उस पर प्रधानमंत्री जी और गृह मंत्री जी बयान दें। श्री खडगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से संसद की सुरक्षा को लेकर संसद में बयान देने की मांग विपक्ष कर रहा है। विपक्ष की इस मांग को लेकर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है और सदन की कार्यवाही से निलंबित किया जा रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी और गृह मंत्री जी बाकी जगहों पर बात कर रहे हैं लेकिन वे सदन में बयान नहीं दते हैं, ये सदन का अपमान है।

सोनिया-खड़गे को राम मंदिर ट्रस्ट ने भेजा न्यौता

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी को 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह के लिए न्योता मिला है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण भेजा है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और एचडी देवगौड़ा को भी प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए बुलाया गया है। आने वाले दिनों में ट्रस्ट की तरफ से विपक्ष के अन्य नेताओं को भी निमंत्रण भेजे जाने संभावना है। हालांकि, विपक्षी नेताओं के अयोध्या जाने की संभावना नहीं है। इससे पहले विश्व हिंदू परिषद ने 19 दिसंबर को भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या आने का आमंत्रण दिया था। 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लोकसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा गुरुवार 21 दिसंबर को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई। संसद के शीतकालीन सत्र के लिए 22 दिसंबर तक का वक्त तय किया गया था। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा कि सदन की कार्यवाही 61 घंटे 50 मिनट चली। वर्क प्रोडक्टिविटी 74 प्रतिशत रही। चर्चा के बाद 18 सरकारी विधेयक पास हुए। शून्यकाल के दौरान 182 मामले उठाए गए। लोकसभा ने गुरुवार को ही मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसीएस) की नियुक्ति, सेवा शर्तों को विनियमित करने वाले बिल को मंजूरी दे दी। राज्यसभा से यह बिल 12 दिसंबर को पास हुआ था। इसे चुनाव आयोग (चुनाव ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्यसभा में ये बिल हुए पास

राज्यसभा में गुरुवार को टेलीकम्युनिकेशन बिल 2023 पास हो गया। इस बिल को लोकसभा में 20 दिसंबर को पास किया गया था। अब इसे राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेज जाएगा। राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद यह बिल कानून बन जाएगा। इस बिल में फर्जी सिम लेने पर 3 साल जेल और 50 लाख तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

आय से अधिक संपत्ति के मामले में पूर्व मंत्री-उनकी पत्नी को 3 साल की कैद

चेन्नई (एजेंसी)। मद्रास हाईकोर्ट ने 21 दिसंबर को आय से ज्यादा प्रॉपर्टी मामले में तमिलनाडु के पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी और उनकी पत्नी को 3 साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोनों के खिलाफ 50-50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। दोनों 1.75 करोड़ रुपए की आय से ज्यादा प्रॉपर्टी मामले में दोषी पाए गए थे। मामले में कोर्ट का फैसला आने के बाद के पोनमुडी विधायक पद के लिए अयोग्य हो गए हैं। साथ ही उन्होंने मंत्री पद भी खो दिया। मामले में कोर्ट का फैसला आने से पहले तक वे उच्च शिक्षा मंत्री थे। अब यह विभाग पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री आरएस राजकन्नप्पन को दे दिया गया है। तमिलनाडु के राजभवन की ओर से प्रेस नोट जारी कर इसकी जानकारी दी। बताया गया कि मुख्यमंत्री स्टालिन ने राज्यपाल आरएन रवि से इसकी सिफारिश की थी, जिसे राजभवन ने मंजूरी दे दी। यह फैसला न्यायमूर्ति जी जयचंद्रन ने सुनाया। हाईकोर्ट की ओर से फैसला सुनाए जाने के बाद आरोपियों के वकील एनआर एलांगो ने अपील की, मेरे मुवक्किल की सजा 30 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

साय मंत्रिमंडल का विस्तार आज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की कैबिनेट का विस्तार शुक्रवार 22 दिसंबर को होगा। साय मंत्रिमंडल में कौन-कौन विधायक शामिल होंगे इस बात पर मुहर लग चुकी है। दिल्ली के नेताओं से नाम फाइनल होने के बाद राजभवन प्रपोजल भेज दिया गया है। मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह राजभवन में शुक्रवार की सुबह 11 बजे के बाद शुरू होगा।

ये विधायक कल लेंगे मंत्री पद की शपथ- बृजमोजन अग्रवाल, रामविचार नेताम, दयालदास बघेल, केदार कश्यप,श्याम बिहारी जयसवाल, ओपी चौधरी, टंकराम वर्मा, लक्ष्मी रजवाड़े।

■ न्यूज गैलरी

कनॉट प्लेस की गोपाल दास बिल्डिंग में भीषण आग

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली के पॉश इलाके कनॉट प्लेस में आग लगने की बड़ी घटना सामने आई है। गुरुवार दोपहर को दिल्ली के बाराखंभा रोड स्थित गोपाल दास बिल्डिंग में आग लग गई। आग बिल्डिंग के 11वें फ्लोर पर लगी है। दमकल की गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। फिलहाल किसी बड़े नुकसान या किसी के हताहत होने की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। गोपालदास बिल्डिंग में कई कंपनियों के ऑफिस हैं। बिल्डिंग से धुआं निकलता देख चारों तरफ चीख-पुकार मच गयी। आग बुझाने के लिए दमकल की 16 गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंच गईं। फायरब्रिगेड कर्मचारी क्रेन से बिल्डिंग की 11वीं मंजिल पर पहुंचे।

पीड़ितों की सहायता में लापरवाही पर होगी कार्रवाई: सीएम योगी

गोरखपुर(वार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को चेतावनी दी है कि पीड़ितों की मदद में विलंब और लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए। गोरखनाथ मंदिर में जनता जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान श्री योगी ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी तय है। किसी पीड़ित की समस्या के समाधान में अगर कहीं भी कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर निराकरण कराया जाए और किसी स्तर पर जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो संबंधित की जवाबदेही तय की जाए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही दो टूक समझाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।

कम दाम की हवाई सेवा पर फोकस कर रही है सरकार

नयी दिल्ली(वार्ता)। सरकार ने कहा है कि देश में वायु सेवा को बढ़ावा देने के साथ सस्ता करने पर जोर दिया जा रहा है और अहमदाबाद जैसी नगरों से अमेरिका आदि राज्यों को सीधी हवाई सेवा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है! लोकसभा में नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि अहमदाबाद से अमेरिका, कनाडा आदि के प्रमुख शहरों के लिए सीधी उड़ान देने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के दौरान पूर्वोत्तर का 'उदय पूर्वोत्तर' किया जा रहा है। वहां के विभिन्न शहरों को हवाई यातायात से जोड़ा जा रहा है। मोदी सरकार आने के बाद पूर्वोत्तर के राज्यों में उड़ान सेवा की सुविधा को दोगुना करने का काम हुआ है। राज्य मंत्री सेवानिवृत जनरल वीके सिंह ने कहा कि एक शहर को दूसरे शहर से हवाई सेवा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है और कम किराए में लोगों को हवाई यात्रा उपलब्ध कराई जा सके।

7 दिन पहले हुई महिला की मौत, शव के साथ घर में ही रह रहा था परिवार

हैदराबाद। हैदराबाद में एक अजीबोगरीब घटना का खुलासा हुआ है। 45 साल के एक महिला की मौत हो गई। इसके बाद उसके परिवार के दो सदस्य करीब एक सप्ताह तक उसके शव के साथ घर में ही समय बिताया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि दोनों को क्षत-विक्षत शव के साथ वहां रहते पाया गया। पुलिस को इस मामले की तब जानकारी हुई जब बुधवार को कुछ पड़ोसियों ने घर से आती दुर्गंध की शिकायत की। उन्होंने घर के अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। जीदीमेटला पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ दिया क्योंकि वह अंदर से बंद था।

अनुबंधित कर्मचारियों को एक झटके में नहीं निकाल सकते

हाईकोर्ट ने कर्मियों को फिर से कर दिया बहाल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट ने पिछले दिनों अनुबंध पर बहाल कर्मियों को हटाने से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए साफ तौर पर कहा कि अनुबंध पर बहाल किसी भी कर्मचारी को एक झटके में नहीं हटाया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि अगर किसी कर्मचारी के खिलाफ किसी तरह की अनियमितता की शिकायत आई है, तब भी उसे अपना पक्ष रखने का मौका दिए बिना नहीं हटाया जा सकता है। जस्टिस एमए चौधरी की एकल पीठ ने कहा कि संविदा पर नियुक्ति किसी भी कर्मी को सुनवाई का अवसर दिए बिना उनकी नौकरी समाप्त नहीं की जी सकती है। हाई कोर्ट ने कहा कि अगर किसी कर्मचारी पर कदाचार के आरोप लगते हैं तो वह उस कर्मचारी पर कलंक होता है, जिस पर सफाई देने का उसका अधिकार है। जम्मू-कश्मीर हस्तशिल्प निगम के प्रबंध निदेशक ने 16 सितंबर, 2022 को एक आदेश पारित कर कई कर्मचारियों के सेवा समाप्त कर दी थी। उनमें से 16 व्यक्तियों ने रिट याचिका दायर कर हाई कोर्ट से राहत देने की गुहार लगाई थी।

इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए 19 दिसंबर को हाई कोर्ट के जस्टिस चौधरी की बेंच ने यह टिप्पणी की। याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता हस्तशिल्प निगम में समय-समय पर विभिन्न पदों पर संविदा के तौर पर समेकित वेतन, आवश्यकता या आकस्मिकता के आधार पर कार्यरत थे और अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर रहे थे लेकिन तत्कालीन प्रबंध निदेशक के विरुद्ध भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में कुछ व्यक्तियों की शिकायत पर एंटी करप्शन ब्यूरो ने एक सर्कुलर जारी किया था, जिसमें याचिकाकर्ताओं को इस कारण से हटाने की सिफारिश की गई थी कि ये अनुबंध निगम के विभिन्न प्रबंध निदेशकों द्वारा अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर किए गए थे।

अपने-अपने पद से हटाए गए अनुबंध कर्मियों ने याचिका में कहा कि उन्हें कोई बात रखने का अवसर दिए बिना प्रबंध निदेशक ने उनकी सेवा समाप्त कर दी, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत और उचित कानूनी प्रक्रिया का अनुपालन किए जाने के खिलाफ है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि उन्हें सुनवाई का अवसर प्रदान करना प्रबंध निदेशक का कर्तव्य था लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि अनुबंध कर्मी को सेवा से हटाना नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा शक्तियों का दुरुपयोग है और इससे याचिकाकर्ताओं पर कलंक लगता है और यह दंडात्मक है और उचित जांच के बिना ऐसा नहीं किया जा सकता है। इसके खिलाफ वरिष्ठ अतिरिक्त महाधिवक्ता ने तर्क दिया कि कानून तय कर चुका है कि संविदा पर बहाल कर्मियों को जॉब पर जारी रखने का कोई निहित अधिकार नहीं है और यह अदालतों पर लागू नहीं होता कि वह किसी नियोक्ता को अनुबंध जारी रखने या संविदात्मक रोजगार की स्थिति को किसी भी तरीके से बदलने का निर्देश दे। एएजी ने कहा कि बिना किसी आपत्ति के दोनों पक्षों की सहमति से इसे स्वीकार किया गया था।

दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि अगर कोई आदेश आरोपों पर आधारित है तो वह कलंकपूर्ण और दंडात्मक है। इसके बाद, एमडी के आदेश को रद्द करते हुए अदालत ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे याचिकाकर्ताओं को उनके काम पर वापस लौटने की अनुमति दें जैसा कि उन्हें निगम में समेकित/आवश्यकता/संविदा/आकस्मिकता के आधार पर नियुक्त किए जाने के समय सौंपा गया था। अदालत ने कहा, उत्तरदाताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे उस अवधि के लिए याचिकाकर्ताओं द्वारा रोकी गई मजदूरी, यदि कोई हो, तो उसका भी भुगतान करें।

खड़गे के नाम पर इंडिया में घमासान, नीतीश हलाकान

बड़े फैसले के मूड में जेडीयू

नई दिल्ली। 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चुनौती देने के लिए विपक्षी दलों ने एक इंडिया गठबंधन तैयार किया है। हाल ही में इसमें शामिल सभी 28 राजनीतिक दलों की दिल्ली में बैठक हुई थी। इस बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर उछला। इसके बाद विपक्षी दलों के बीच रार ठन गई है। जनता दल के एक वरिष्ठ नेता ने खड़गे का नाम प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में आगे बढ़ाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। इस बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 29 दिसंबर को जेडीयू की राष्ट्रीय परिषद की बैठक बुला ली है।

इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद दिल्ली के सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नाराज हो गए हैं। उन्होंने दिल्ली में अपनी पार्टी के सभी सांसदों से मुलाकात की। साथ ही 29 दिसंबर को दिल्ली में ही पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक बुलाने का फैसला किया। हालांकि जेडीयू के लिए यह तारीख पहले से ही तय था। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होने वाली है। हालांकि, इंडिया की बैठक के बाद जेडीयू ने राष्ट्रीय परिषद की बैठक बुलाने का फैसला किया, जिसमें पार्टी के सभी बड़े नेता मौजूद रहेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अफाक अहमद ने इसकी पुष्टि की है कि दोनों बैठकें एक ही दिन होंगी। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि अल्प सूचना पर परिषद की बैठक बुलाने का क्या कारण है।

जेडीयू में बेचैनी

जेडीयू के वरिष्ठ नेता ने यह स्वीकार किया है कि मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम पर पार्टी के भीतर बेचैनी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी के साथ ही उसी दिन राष्ट्रीय परिषद बुलाने का निर्णय असामान्य है। अक्सप प्रमुख राजनीतिक निर्णय लेने के लिए यह बैठक बुलाई जाती है। जेडीयू के एक वरिष्ठ नेता ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा, ÷यह निश्चित रूप से भविष्य में कुछ महत्वपूर्ण निर्णयों का संकेत है। राष्ट्रीय परिषद की बैठक बुलाने के फैसले ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है।''

ममता का प्रस्ताव, केजरीवाल-उद्धव का समर्थन

आपको बता दें कि इंडिया गठबंधन की मंगलवार की बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में खड़गे के नाम की वकालत की। इस सुझाव का दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भी समर्थन किया।

जेडीयू के लिए नीतीश उम्मीदवार

खड़गे भले ही यह कह रहे हों कि पीएम के नाम का फैसला चुनाव के बाद किया जाएगा, लेकिन ममता बनर्जी द्वारा उनके नाम का प्रस्ताव आगे बढ़ाने से इंडिया गठबंधन में घमासान मच गया है। जेडीयू के नेता लंबे समय से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को संभावित पीएम उम्मीदवार के रूप में पेश करते रहे हैं। उनका तर्क है कि उनके पास विपक्षी गुट का नेतृत्व करने की योग्यता है।

नीतीश को नजरअंदाज करना ठीक नहीं: मंत्री

जेडीयू के वरिष्ठ नेता और सामाजिक कल्याण मंत्री मदन साहनी ने भी गठबंधन में नीतीश कुमार की भूमिका के बारे में बात की है। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन में किसी को भी नीतीश कुमार को हल्के में नहीं लेना चाहिए या उन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। जदयू इसे स्वीकार नहीं करेगा। अगर इंडिया गठबंधन में कोई यह सोचता है कि नीतीश कुमार की भूमिका सिर्फ गठबंधन में रहना है तो यह लंबे समय तक नहीं चलेगा। उनकी भूमिका पहले भी महत्वपूर्ण थी, आज भी महत्वपूर्ण है और भविष्य में भी महत्वपूर्ण रहेगी। नीतीश कुमार ने हालांकि अभी तक बैठक पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन वह मंगलवार को जल्दी ही बैठक छोड़कर चले गए। बाद में बुधवार को ललन सिंह ने गरार की बात को कम महत्व देने की कोशिश की। जेडीयू अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे और वरिष्ठ नेताओं सोनिया और राहुल गांधी से इजाजत लेकर बैठक से निकले थे।

ईरान, कतर के विदेश मंत्रियों ने गाजा संकट के राजनीतिक समाधान पर चर्चा की

तेहरान(वार्ता)। ईरान और कतर के विदेश मंत्रियों ने बुधवार को गाजा संकट का राजनीतिक समाधान करने के लिए अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। यह जानकारी सिन्हुआ ने गुरुवार को दी। ईरान के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि कतर की राजधानी दोहा में वार्ता के दौरान, ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन और उनके कतर के समकक्ष शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने द्विपक्षीय संबंधों और सामान्य हितों के क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि फिलिस्तीन का मुद्दा और गाजा का विकास पिछले दो महीनों में दोनों देशों द्वारा संयुक्त रूप से उठाए गए सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिसका उद्देश्य गाजा में इजरायली हमलों को स्थायी रूप से रोकना और युद्धग्रस्त क्षेत्र में सहायता वितरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि गाजा संकट का राजनीतिक समाधान खोजने के लिए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कोशिशों को बढ़ाना बहुत महत्वपूर्ण है।

'मेरे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं', दिल्ली शराब घोटाले में ईडी के समन पर बोले केजरीवाल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया है। इस बीच अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली शराब नीति मामले में ईडी के समन को अवैध और राजनीति से प्रेरित बताया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने अपना जीवन पारदर्शिता और ईमानदारी से जीया है और उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह किसी भी कानूनी समन को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। अरविंद केजरीवाल 10 दिन की विपासना यात्रा पर चले गए हैं। अरविंद केजरीवाल को ईडी ने इससे पहले 2 नवंबर को बुलाया गया था, लेकिन वह मध्य प्रदेश चुनाव के लिए प्रचार करने का हवाला देकर पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे। आप ने मंगलवार को समन की टाइमिंग पर सवाल उठाते हुए कहा कि पार्टी के वकील नोटिस को देख रहे हैं और वही कानूनी रूप से सही कदम उठाएंगे। केजरीवाल का विपश्यना सत्र पहले से निर्धारित था और जानकारी पब्लिक डोमेन में थी। आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा, हर कोई जानता है कि मुख्यमंत्री 19 दिसंबर को विपश्यना के लिए जा रहे हैं। वह नियमित रूप से इसके लिए जाते हैं। यह एक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम है। अरविंद केजरीवाल को ईडी ने सबसे पहले 16 अप्रैल को पूछताछ के लिए बुलाया था। उनसे करीब 9 घंटे तक पूछताछ हुई थी। उन पर आरोप है कि शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने के लिए दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति को कुछ शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाया गया था। बता दें कि शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इस मामले में मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह पहले से ही जेल में हैं। अरविंद केजरीवाल भी आशंका जता चुके हैं कि उन्हें भी सरकार जेल भेजने की तैयारी कर रही है।

कांग्रेस को सिर्फ 48 घंटे में मिला 3 करोड़ का दान

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने क्राउडफंडिंग के जरिए सिर्फ 48 घंटों के भीतर 3 करोड़ रुपये इकट्ठा कर लिए हैं। अभी तक करीब 1,13,000 लोगों ने दान दिया है। कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी के लिए संसाधन जुटाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी क्राउडफंडिंग अभियान 'डोनेट फॉर देश' शुरू किया है। बुधवार सुबह 9 बजे तक कांग्रेस ने 1,13,713 दानदाताओं से 2.81 करोड़ रुपये जुटाए।

रिपोर्ट में पार्टी सूत्रों के हवाले से कहा कि अधिकांश दान करने वाले लोगों ने 138 रुपये का दान दिया है। केवल 32 लोगों ने 1.38 लाख रुपये का दान दिया है।

कांग्रेस पार्टी अपनी 138वीं वर्षगांठ मना रही है। एक वरिष्ठ नेता ने बताया, दान देने वालों में अधिकांश 138 रुपये दिए हैं। केवल 32 लोगों ने 1 लाख 38 हजार रुपये का दान दिया है। 626 लोगों ने 13,000 रुपये और 680 रुपये का दान दिया है। 1.38 लाख रुपये दान करने वाले नेताओं में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, अशोक गहलोत, सीपी जोशी, निरंजन पटनायक, सुशील कुमार शिंदे, टीएस सिंह देव, जयराम रमेश और पवन खेड़ा जैसे नेता शामिल हैं। 11 लाख से अधिक लोगों ने Donateinc.in पर विजिट किया। इस साइट को 20,000 से अधिक बॉट हमलों का सामना करना पड़ा। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस पार्टी अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए संपन्न लोगों से फंडिंग को बढ़ावा देने के लिए राज्य के नेताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्यों में केंद्रीय पर्यवेक्षकों को भेजेगी।

पंजाब कांग्रेस में कलह, सिद्धू को बाहर करने अड़े

चंडीगढ़। पंजाब में कांग्रेस एक तरफ गठबंधन को लेकर आप के साथ खींचतान में है तो वहीं अब अंतर्कलह भी शुरू हो गई है। नवजोत सिंह सिद्धू ने पिछले दिनों 'जीतेगा पंजाब' रैली का आयोजन किया था, जिसे लेकर अब रार शुरू हो गई है। प्रताप सिंह बाजवा ने सिद्धू से अपील की है कि वे पार्टी के आधिकारिक कार्यक्रम करें। उससे अलग हटकर अपना ही मंच न सजाएं। वहीं कई अन्य नेता तो ऐसे भी हैं, जिन्होंने सिद्धू के रैली करने को अनुशासनहीनता बताया है और पार्टी से अपील की है कि उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाए। यह संघर्ष इसलिए भी बढ़ा है क्योंकि रैली में सिद्धू ने पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी समेत पार्टी के ही कई नेताओं पर तंज कसा था। अब कांग्रेस नेताओं ने संयुक्त बयान जारी कर पार्टी नेतृत्व से अपील की है कि सिद्धू के बयानों ने विधानसभा चुनाव में भी नुकसान पहुंचाया था। कुलदीप सिंह जीरा ने कहा कि पार्टी के सामूहिक प्रयासों को नवजोत सिंह सिद्धू की हरकतें नुकसान पहुंचाती हैं।

कोरोना का नया वैरिएंट 40 देशों में फैला

नई दिल्ली। भारत में कोरोना के नए वैरिएंट ने चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में कई राज्यों में पॉजिटिव केस की संख्या में वृद्धि देखी गई है। दक्षिण भारत के राज्य केरल में सक्रिय मामलों की संख्या बुधवार को 2000 का आंकड़ा पार कर गई। वहीं, गोवा में जेएन.1 के सबसे अधिक अधिकतम मामले दर्ज किए गए। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार सुबह आठ बजे तक भारत भर में सक्रिय मामलों की संख्या 2,669 थी। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, केरल में सक्रिय मामलों की संख्या 2000 का आंकड़ा पार करने के एक दिन बाद 2,341 हो गई। राज्य में 20 दिसंबर से लेकर गुरुवार सुबह तक 300 नए मामले और तीन मौतें दर्ज की गई। वहीं, बीते 24 घंटों में ठीक होने वाले और डिस्चार्ज होने वाले मरीजों की संख्या 211 थी।

केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने मंगलवार को कहा कि राज्य में कोरोना मामलों की संख्या में हालिया वृद्धि चिंता की कोई बात नहीं है। वे वायरस संक्रमण से निपटने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कोविड रोगियों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान करने और अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड, कमरे, ऑक्सीजन बेड, आईसीयू बेड और वेंटिलेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

गोवा में जेएन.1 के सबसे ज्यादा मामले

गोवा में क्रिसमस से पहले जेएन.1 के 19 मामले दर्ज किए गए हैं। हालांकि, राज्य के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। राज्य के महामारी विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत सूर्यवंशी ने मामलों की पुष्टि की और कहा कि चिंता या घबराने की कोई जरूरत नहीं उन्होंने कहा, सभी मरीज होम आइसोलेशन में थे। अभी तक कोरोना के कारण कोई मौत नहीं हुई है।''

दुश्मन का दुश्मन दोस्त, जम्मू-कश्मीर में दो पुराने सियासी शत्रु एकजुट

श्रीनगर। अनुच्छेद 370 को खत्म करने के केंद्र सरकार के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की भी मुहर लगने के बाद जम्मू-कश्मीर में सियासी हवा तेजी से बदलने लगी है। अब दो सियासी दुश्मनों ने बीजेपी के खिलाफ राजनीतिक लड़ाई में हाथ मिलाने के संकेत दिए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी नेशनल कॉन्फ्रेन्स के साथ आगामी विधानसभा चुनावों में गठजोड़ करने के संकेत दिए हैं। सुको ने अगले साल सितंबर से पहले जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने को कहा है।

तमिलनाडु के मंत्री को 3 साल की सजा, स्टालिन सरकार को झटका

नई दिल्ली। तमिलनाडु की एमके स्टालिन सरकार के मंत्री के. पोनमुडी को भ्रष्टाचार के मामले में तीन साल कैद की सजा सुनाई गई है। हालांकि अदालत ने एक राहत देते हुए सजा को तीन साल के लिए निलंबित कर दिया है। मद्रास हाई कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु के उच्चतर शिक्षा मंत्री को यह सजा सुनाई। 1.75 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति के मामले में मंत्री को यह सजा सुनाई गई है। उच्च न्यायालय के. पोनमुडी और उनकी पत्नी पर 50-50 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। मंगलवार को ही उच्च न्यायालय ने के. पोनमुडी को करप्शन के केस में दोषी पाया था। उनके अलावा पत्नी को भी दोषी ठहराया गया था और आज के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया था। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के फैसले को खारिज करते हुए यह आदेश दिया है। के. पोनमुडी पर यह केस 2006 से 2011 तक मंत्री रहने के दौरान कमाई गई दौलत को लेकर चल रहा था। अदालत का कहना था कि 72 साल के के. पोनमुडी के ज्ञात स्रोतों से 1.75 करोड़ रुपये अधिक की संपत्ति पाई गई है। यह संपत्ति कैसे अर्जित की गई है, इसके बारे में मंत्री जानकारी नहीं दे सके हैं। दरअसल मंत्री को विल्लुपरम की निचली अदालत ने 2016 में बरी कर दिया था। फिर यह मामला जब हाई कोर्ट पहुंचा तो उसने निचली अदालत के आदेश को खारिज कर दिया। इसके बाद कोर्ट ने कहा कि प्रिवेंशन ऑफ करप्शन ऐक्ट के तहत यह केस साबित होता है। यही नहीं उच्च न्यायालय के जस्टिस जयचंद्रन ने कहा था कि निचली अदालत में सबूतों को दरकिनार कर दिया गया था। और यह न्याय की धारणा के विपरीत था। अदालत में सबूतों को सही से पेश नहीं किया गया था।

न्यायालय नायब तहसीलदार बेरला, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शंकर पिता मातादीन निवासी ग्राम तारालीम तहसील बेरला जिला बेमेतरा के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि ग्राम तारालीम प.ह.नं. 16 तहसील बेरला, जिला बेमेतरा स्थित भूमि ख.नं. 584/2 रकबा 0.80 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक शंकर पिता मातादीन के नाम पर दर्ज है। उक्त वाद भूमि सीलिंग से प्राप्त भूमि है। आवेदक के पुत्र के पुत्र (पोता) योगेश सागरवंशी पिता कमलेश कुमार के नाम पर ग्राम तारालीम प.ह.नं. 16 तहसील बेरला स्थित कृषि भूमि ख.नं. 725, 726 कुल रकबा 0.42 हे. भूमि भी है। जिसमें सिंचाई सुविधा भी उपलब्ध है तथा ख.नं. 725, 726 से लगा हुआ भूमि ख.नं. 728/6 रकबा 0.32 हे. तथा कुछ ही दूरी पर ख.नं. 296, 1106 रकबा 0.30, 0.15 हे. भूमि है जो जो सुनीता देवी पति कप्तान सिंह के नाम पर दर्ज है। चकबंदी के निर्माण हेतु आवेदकन अपने पोता योगेश के नाम पर दर्ज भूमि ख.नं. 725, 726 से लगा हुआ भूमि ख.नं. 728/6, 296, 1106 कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.77 हे. भूमि सुनीता के नाम पर दर्ज है उसको आवेदक क्रय करना चाहता है तथा उक्त वाद भूमि को सुनीता देवी विक्रय करने को तैयार है एवं आवेदक के नाम पर दर्ज भूमि ख.नं. 584/2 रकबा 0.80 हे. से लगा हुआ सुनीता देवी की भूमि ख.नं. 588 व अन्य भूमि है। आवेदक द्वारा उक्त सीलिंग भूमि को विक्रय किए जाने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्थ को कोई आपत्ति हो वह नियत दिनांक 05.01.2024 तक स्वयं अतवा अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद पराप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.12.2023 को इस न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से ईश्तहार जारी किया।

सील | **नायब तहसीलदार बेरला**

कार्यालय नगर पंचायत-नगरी जिला-धमतरी (छ.ग.)

क्र. 762/न.पं./राजस्व/2023-24
नगरी, दिनांक 21/12/2023

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती पूर्णिमा साहू पति कैलाश कुमार साहू जाति तेली महात्मा गांधी वार्ड क्र. 04 नगर पंचायत नगरी तह. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.) का निवासी है। उनके द्वारा निकाय क्षेत्रांतर्गत महात्मा गांधी वार्ड क्र. 04 प.ह.नं. 23 बड़े झाड़ की जंगल की भूमि पर काबिजदार श्री देवनारायण साहू पिता दशरथ लाल साहू (निवासी ग्राम सिंधौरीखुर्द तह. कुरूद जिला धमतरी छ.ग.) द्वारा काबिज भूमि पर स्थित कच्ची मकान/मलमा को खरीदी बिक्री पत्र के माध्यम से क्रय किया गया है। विक्रेता देवनारायम साहू का नाम निकाय के कर संग्रहण पंजी वार्ड क्र. 04 की मांग संख्या 53 पर दर्ज है। निकाय के कर संग्रहण पंजी से विक्रेता का नाम विलोपित/संशोधित कर आवेदक का नाम दर्ज करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन के बाबत यदि उक्त काबिज मलमा पर किसीभी व्यक्ति/संस्था का हितबद्ध तो संबंधित हितबद्ध पक्षकार अपना दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 21.01.2024 तक कार्यालय नगर पंचायत नगरी के राजस्व शाखा में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 21.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी किया गया।

सील | **मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत नगरी**

न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

क्र. 205/ना.तह./वा./2023
सण्डी, दिनांक 10.12.2023
रा.प्र.क्र. 202310211700072 ब/121
2023-24 ग्राम देवसुन्द्रा प.ह.नं. 05

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गैंदराम पिता अभयराम जाति मेहर निवासी देवसुन्द्रा प.ह.नं. 5 तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा ग्राम देवसुन्द्रा स्थित भूमि ख.नं. 67, 130/1, 356, 517/1 रकबा 0.4740, 0.2390, 0.0450, 0.1740 हे. कुल खसरा 04 कुल रकबा 0.9320 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में अवधराम, गैंदराम, साधुराम, पुन्नीबाई पिता अभयराम, पवन, मन्टोरिया पिता नम्मु जाति मेहर के नाम पर भूमि स्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि का किसान किताब कहीं गुम हो चुका है जिसे खोजने पर कहीं नही मिला। जिसकी रिपोर्ट थाना में किया गया। उक्त भूमि का किसान किताब की द्वितीय प्रति प्रदाय किए जाने हेतु आवेदनमय बी-1 खसरा, बैंक का अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना रिपोर्ट की कापी, चालान की प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया। जो कि इस न्यायालय की विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 26.12.2023 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मियात पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 10.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुहर द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील | **नायब तहसीलदार सण्डी, पलारी**

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं-2)
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 7638 दिनांक 16.12.2023
वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित मकान/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR737B00132 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती RANJITA THAKUR पिता/ श्री/श्रीमती ASHVANI SINGH THAKUR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SHEFALI THAKUR पिता/पति श्री/श्रीमती KAMLESH SINGH THAKUR ने मृत्यु प्रमाण पत्र ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ **पंजीकृत विक्रय विलेख/** अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।

श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 2
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 7717 दिनांक 19.12.2023
वार्ड का नाम 69 माधवराव सप्रे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR568C00571 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती FORAM DAMA पिता/पति श्री/श्रीमती MITESH DAMA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती MAMTA SAHU पिता/ पति श्री/श्रीमती RAJENDRA SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री अरुण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा छ.ग.

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री अश्वनी कुमार पिता फेरहा निवासी ग्राम परपोडा प.ह.नं. 05 उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि ग्राम परपोडा प.ह.नं. 05 स्थित भूमि ख.नं. 442/1, 1617/1, 1617/3 रकबा 0.03, 0.34, 0.21 हे. राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम दर्ज है। उक्त ऋण पुस्तिका आवेदक के घर में ठीक से रखरखाव न होने के कारण कहीं गुम हो चुका है। उक्त भूमि की ऋण पुस्तिका कहीं बंधक, गिरवी नहीं है पूर्ण रूप से साफ तथा पूर्णतः भार मुक्त है। आवेदक द्वारा ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति जारी करने बाबत आवेदन पत्र के साथ बी-1, स्थानीय बैंकों का कर्ज मुक्त नहीं प्रमाण पत्र, पुलिस थाना में ऋण पुस्तिका गुमने की सूचना की कापी एवं शपथ पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में/ब-121 विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 10.01.2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से आज दिनांक 21.12.23 को जारी किया गया।

सील | **नायब तहसीलदार देवरबीजा**

न्यूज गैलरी

बुजुर्गों के लिए 'जीना इसी का नाम है' का आयोजन आज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आर्टिस्टिक वाईब्स फाउंडेशन द्वारा वृद्धा आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों के मनोरंजनार्थ जीना इसी का नाम है कार्यक्रम का आयोजन 22 दिसम्बर शुक्रवार को समता परिसर के सामने श्री मेडिशाइन हॉस्टिल के पास किया जा रहा है। संघ की अध्यक्ष तृप्ति लुनिया ने बताया कि यह आयोजन का 9वां वर्ष है उक्त आयोजन रायपुर के समस्त वृद्धाआश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम खेल, संगीत एवं नृत्य कविता पाठ की प्रस्तुति उपस्थित वृद्धजनों द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यकम दोपहर 2 बजे से रात के 8 बजे तक आयोजित किया गया है। वर्तमान समय में संस्था द्वारा दावड़ा कॉलोनी में मनोहर जीवन कल्याण वृद्धा आश्रम किराये के भवन में 10 बुजुर्गों के साथ चलाया जा रहा है। पत्रकारवार्ता में समाजसेवी मुकेश शाह उपस्थित थे।

साहू संघ युवक-युवती परिचय सम्मेलन कल

रायपुर/नवप्रदेश। शहर जिला साहू संघ 34वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं व्यापार एक्सपो का आयोजन 23 एवं 24 दिसम्बर को कर्माधाम कृष्णानगर (संतोषी नगर में) करेगा। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संघ के अध्यक्ष केशव राम साहू एवं अन्य ने दी। पत्रकारवार्ता केशव राम ने बताया कि अब तक युवक युवती परिचय सम्मेलन के लिए 1500 आयोजन आ चुके हैं। उक्त आयोजन का शुभारंभ 23 दिसम्बर को कर्माधाम रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू करेंगे, जबकि अतिथि होंगे पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू। 24 दिसम्बर को सुबह 11 बजे युवक युवती परिचय सम्मेलन का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे। उक्त अवसर पर छठवीं विधानसभा में समाज के नवनिर्वाचित विधायकों का पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया जाएगा। इनमें 6 विधायक कांग्रेस के एवं 6 विधायक भाजपा के शामिल है। उक्त जानकारी महासचिव उधोप्रसाद साहू ने दी।

अलग-अलग क्षेत्रों से दोपहिया वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश। दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने एक्टिवा व बुलेट वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। शांति कुमार जैन 45 वर्ष चौबे कालोनी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 डीएल 7271 को डगनिया बाजार के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 8 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। वहीं दूसरे मामले में श्यामनगर तेलीबांधा निवासी सिमरन दीप सिंह सबरवाल 28 वर्ष ने थाना तेलीबांधा में शिकायत किया कि वह अपनी बुलेट वाहन क्रमांक सीजी 04 एचजे 8956 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बुलेट वाहन की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। करण नगर चंगोराभाठा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 20 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थिया हेमलता सरवैया 52 वर्ष करण नगर चंगोराभाठा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे नकदी 20 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

गांजा बेचते युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। पुरानी बस्ती पुलिस ने सांई मंदिर के पास राधास्वामी नगर में गांजा बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 12 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सांई मंदिर के पास राधास्वामी नगर में अवैध गांजा बेचते आरोपी मुख्तियार असगर खान 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 12 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजा की कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मुख्यमंत्री साय ने जीरो पॉइंट चौक के सौंदर्यीकरण कार्यों का किया लोकार्पण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरूवार को राजधानी रायपुर में विधानसभा के समीप स्थित जीरो पॉइंट चौक के सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण किया। सौंदर्यीकरण के तहत मुख्य चौक तथा सड़क के दोनों तरफ के उद्यानों में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति एवं लोक कला को प्रदर्शित किया गया है। चौक के मध्य में और दोनों तरफ के उद्यान का सौंदर्यीकरण 37.95 लाख रुपए की लागत से किया गया है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, विधायक अजय चंद्राकर, रामविचार नेताम, गोमती साय, दयालदास बघेल, मोती लाल साहू, प्रबोध मिंज, पुरन्दर मिश्रा, गुरू खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा, भावना बोहरा सहित अनेक विधायकगण, विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा भी उपस्थित थे।

दुर्घटना की बनी रहती थी संभावना

मोवा-विधानसभा फोरलेन मार्ग में स्थित चौक लगभग 20 वर्ष पूर्व निर्मित किया गया था। मोवा-विधानसभा फोरलेन मार्ग में स्थित चौक की गोलाई अत्यधिक होने के कारण हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी। चौक की गोलाई को कम कर विधानसभा की गरिमा अनुरुप चौक के सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया। विधानसभा पहुँच मार्ग में मार्ग के दोनों ओर स्थित उद्यान लगभग 16 वर्ष पूर्व निर्मित किये गये थे। चूंकि उक्त दोनों उद्यान छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन के प्रवेश मार्ग में स्थित हैं। अतः उक्त दोनों उद्यान में छत्तीसगढ़ संस्कृति की झलक हो एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन की गरिमा के अनुरुप उद्यान का स्वरुप हो, इस उद्देश्य से उद्यान के सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया।

बस्तर आर्ट बेल मेटल पेटर्न की लगाई मूर्ति

चौक में बस्तर आर्ट बेल मेटल पेटर्न की मूर्ति लगाई गई है, मूर्ति को इस तरह से स्थापित किया गया है जिससे की उसे तीन तरफसे देखा जा सकता है। इस चौक को 6 मीटर गोलाई में बनाया गया है। विधानसभा मार्ग के दोनों ओर स्थित उद्यान में मुरिया नृत्य करते हुए महिलाएँ एवं पुरुषों की मूर्तियां लगायी गई हैं। उद्यान में स्थित दीवाल पर बस्तर आर्ट बेल मेटल पेटर्न से कलाकृति बनाई गई है। उद्यान में बस्तर आर्ट बेल मेटल से विभिन्न मूर्तियाँ तैयार कर लगाई गई हैं।

उत्तर की सर्द हवा से दिन में भी छूट रही कंपकंपी

रायपुर/नवप्रदेश। उत्तर से आ रही सर्द हवा के असर से राजधानी रायपुर में तापमान काफी नीचे चला गया है। इसके चलते दिन में भी लोगों को गर्म कपड़े पहनने के बाद राहत नहीं मिल रही है और लोगों को दिन ढलते ही अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार लक्षद्वीप में गरज के साथ छिटपुट हल्की से मध्यम बारिश और बिजली गिरने की संभावना है. तमिलनाडु और केरल में 1 या 2 स्थानों पर हल्की बारिश संभव है. भारत के गंगा के मैदानी इलाकों में मध्यम से घना कोहरा संभव है. बिहार, ओडिशा, मेघालय और त्रिपुरा में मध्यम से हल्का कोहरा छाए रहने का अनुमान है. हालांकि तापमान में आज भी तब्दीली की उम्मीद नहीं है। इसी तरह छत्तीसगढ़ में भी अधिकांश जिलों में तापमान सामान्य से नीचे चला गया है।

बात राजधानी रायपुर की करें तो यहां भी न्यूनतम तापमान का ग्राफ काफी कम हो गया है। उत्तर से आ रही सर्द-शुष्क हवा के असर से दिन में भी कंपकंपी महसूस हो रही है। लोग दिन भर गर्म कपड़े पहने हुए हैं, बावजूद इसके ठंड से ज्यादा राहत नहीं मिल रही है। मौसम का मिजाज फिलहाल ऐसे ही बना रह सकता है।

पीएससी घोटाले की होगी जांच, युवाओं के साथ नहीं होगा अन्याय : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का बड़ा बयान सामने आया। उन्होंने विपक्ष को करारा जवाब देते हुए कहा कि जनता उन्हें नीरस कर दिया है इसलिए उन्हें सब नीरस दिखाई दे रहा है। राज्यपाल ने सरकार का जो काम है, सरकार ने जो वादा किया है उसकी बात कही है। पीएससी घोटाले की जांच होगी। लाखों नौजवानों को एक संदेश है आने वाले समय में नौजवानों के साथ अन्याय अत्याचार या भ्रष्टाचार नहीं होगा। पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आगे कहा कि उनके भविष्य के साथ सरकार खिलवाड़ नहीं करेगी। इसके साथ में उन्होंने छत्तीसगढ़ की महिलाओं, किसानों, नवजवानों, वनवासियों, आदिवासियों, पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जातियों सबको साथ में लेकर चलने की बात कही है। राज्यपाल उनका विस्तृत भाषण बजट के समय आएगा ये तो प्रारंभिक भाषण है। सरकार को बने 15 दिन भी नहीं हुआ है, तब राज्यपाल का इतनी बड़ी उद्घोषणा सरकार की काम को प्रदर्शित करता है। वहीं अनुपूरक बजट पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आज जो बजट आया उसमें मोदी की गारंटी, मातृ वंदन योजना के लिए, पीएम आवास के लिए और धान खरीदी के लिए पैसा रखा गया है। यह पहली सरकार है जो बनते ही मोदी की गारंटी बात की हैं। बजट आएगा तब आप देखिएगा कांग्रेस के लोग जमीन पर लौटने लगेंगे। इसके अलावा उन्होंने उमेश पटेल के कठपुतली वाले बयान पर कहा कि थोड़ा इंतजार करिए, जब सरकार बनेगी, तो मंत्रिमंडल का गठन होगा। तब इनको समझ आएगा कि फैसला कैसे होते है।फैसला भ्रष्टाचार करने के लिए नहीं होते हैं। अपने-अपने लोगों को बचाने पर भ्रष्टाचार में साथ दे उनके लिए नहीं होते हैं।

डिप्टी सीएम साव ने किया बीएमसी कैंसर डेकेयर का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) के बीएमसी कैंसर डेकेयर सेंटर का उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने उद्घाटन किया। डेकेयर सेंटर रायपुर में उन्नत कैंसर देखभाल लाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह सेंटर पचपेड़ी नाका, कलर्स मॉल के पास स्थित है। आठ कीमोथेरेपी इकाइयों और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह केंद्र व्यक्तिगत रोगी देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।डेकेयर सेंटर में दी जाने वाली सेवाओं में कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, टारगेटेड थैरेपी, टेस्ट एवं रिपोर्ट संग्रह, ओपीडी परामर्श और कैंसरसंबंधित सहायता सेवाएँ शामिल हैं। बीएमसी कैंसर डेकेयर की सुविधाएं अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करती हैं और रायपुर के साथ पूरे छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्यों के मरीजों के लिए सेवाएं उपलब्ध हैं। अनुभवी और प्रसिद्ध ऑन्कोलॉजिस्ट सप्ताह में छह दिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक ओपीडी परामर्श प्रदान देंगे। सेंटर में कैफे भी है जिससेइलाज के दौरान मरीजों और उनके देखभाल करने वालों के लिए भोजन की व्यवस्था आसान होगी। नया रायपुर, छत्तीसगढ़ में मध्य भारत के सबसे बड़े और सबसे उन्नत कैंसर संस्थान के रूप मेंबालको मेडिकल सेंटर 24 घंटे कैंसर देखभाल सेवाएं प्रदान करते हुए मुख्य केंद्र बना हुआ है। ऑन्कोलॉजिस्ट एवं अत्याधुनिक मशीनों के साथ एडवांस सर्जरी, कीमोथेरेपी,रेडिएशन थेरेपी, पीईटी स्कैन, स्पेक्ट स्कैन, एचडीटी, एलडीटी थेरेपी, बोन मैरो ट्रांसप्लांट, आईसीयू, सर्जरी, दर्द एवं उपशामक केयरऔर 24/7 प्रयोगशाला सेवाएँ, ब्लड बैंक, फ र्मेसी, कॉल सेंटर तथा आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध होगी। समारोह के मुख्य अतिथि अरुण साव ने डेकेयर सेंटर के सफल उद्घाटन पर टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कैंसर के बढ़ते मामले काफी चिंताजनक हैं ऐसे में इससे निपटने के लिए यह पहल हमारी सामूहिक लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीएमसी के डेकेयर सेंटर में प्रदान की जाने वाली विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं निस्संदेह कैंसर से जूझ रहे व्यक्तियों के लिए आशा की किरण साबित होंगी। मैं इस सराहनीय प्रयास के लिए बालको मेडिकल सेंटर की सराहना करता हूं। मुझे विश्वास है कि यह केंद्र उपचार को आगे बढ़ाने और कई लोगों के जीवन पर सार्थक प्रभाव डालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

अवैध शराब बेचते 7 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 187 पाव देशी शराब, बिक्री रकम 2020 रुपए और दो बाइक जब्त किया है। जानकारी के अनुसार गंज पुलिस ने तेलघानी नाका चौक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी सागर सेन 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 20 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 700 रुपए जब्त किया है। वहीं आमानाका पुलिस ने आरोपी मुकेश साहू 48 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 20 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी रेलवे फाटक के पास जोरा में अवैध शराब बेचते आरोपी सुनील राव 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया है।

अवैध रूप से बन रही दुकानों पर चला बुलडोजर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में अवैध रूप से बन रही दुकानों पर बुलडोजर की कार्रवाई जारी है. जानकारी के अनुसार, बिना अनुमति के दुकानों का निर्माण किया जा रहा था. कांग्रेस पार्षद पति पर अवैध निर्माण करने का आरोप लगा है। जोन कमिश्नर बाबरा ने बताया, आज नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 7 के नगर निवेश विभाग की टीम ने वार्ड नम्बर 25 में भारत माता चौक के पास कार्रवाई की है. जहां एक नागरिक ने अपनी लगभग 1200 वर्गफीट निजी भूमि पर बिना अनुमति लिए 2 अवैध दुकानें बनवा ली थी जिसे श्रमिकों की सहायता से तोड़ने की कार्रवाई की गई है। संबंधित को पूर्व में नगर निगम अधिनियम के तहत नोटिस दिया गया था। इसके बावजूद दो दुकानों को नहीं हटाए जाने पर नगर निगम में प्राप्त जनशिकायत पर कार्रवाई की गई।

सेंट्रल पूल में 15 लाख मेट्रिक टन उसना चावल लेगा एफसीआई

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आग्रह को भारत सरकार ने तत्काल स्वीकार करते हुए छत्तीसगढ़ से सेन्ट्रल पूल में 15 लाख मेट्रिक टन उसना चावल लिए जाने की अनुमति प्रदान कर दी है। यह राज्य के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। छत्तीसगढ़ से उसना चावल उपार्जित किए जाने की अनुमति काफी दिनों से लंबित थी।

मुख्यमंत्री ने भारत सरकार से उसना चावल के उपार्जन की अनुमति मिलने पर कहा कि डबल इंजन की सरकार होने से राज्य को यह फायदा मिला है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय खाद्य मंत्री पीयूष गोयल का इसके लिए राज्य की ओर से आभार जताया है। सीएम विष्णु देव साय ने राज्य में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की स्थिति एवं कस्टम मिलिंग की ओर केन्द्रीय खाद्य मंत्री पीयूष गोयल का ध्यान आकर्षित करते हुए 21 दिसंबर को पत्र लिखा था। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में सेन्ट्रल पूल में चावल उपार्जन का कोटा 61 लाख मेट्रिक टन से बढ़ाकर 74 लाख मेट्रिक टन करने के साथ ही राज्य से 59 लाख मेट्रिक टन अरवा तथा 15 लाख मेट्रिक टन उसना चावल लिए जाने का अनुरोध अपने पत्र में किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 20 दिसंबर की स्थिति में समर्थन मूल्य पर 8.68 लाख किसानों से 39.63 लाख मेट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है एवं प्रतिदिन 3 लाख मेट्रिक टन से ज्यादा धान की आवक हो रही है। इस साल किसानों से समर्थन मूल्य पर लगभग 130 लाख मेट्रिक टन धान का उपार्जन अनुमानित है। जिसके कस्टम मिलिंग से 88 लाख मेट्रिक टन चावल निर्मित होगा। इसमें से केन्द्रीय पूल में लगभग 74 लाख मेट्रिक टन (भारतीय खाद्य निगम में 58 मेट्रिक लाख टन एवं नागरिक आपूर्ति निगम में 16 लाख टन) एवं स्टेट पूल में 14 लाख टन चावल का उपार्जन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश हेतु केन्द्रीय पूल में 61 लाख टन चावल उपार्जन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश में कुछ किस्म के धान के मिलिंग में ज्यादा ब्रोकन आने के कारण निर्धारित गुणवत्ता का अरवा चावल नहीं बनने से अरवा मिलिंग में कठिनाईयां आती है। ऐसे धान की उसना मिलिंग कराने से कस्टम मिलिंग में गति आयेगी। मुख्यमंत्री के आग्रह को स्वीकार करते हुए केन्द्रीय खाद्य मंत्री के निर्देश पर भारत सरकार के खाद्य विभाग मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ से 15 लाख मेट्रिक टन उसना चावल उपार्जन की स्वीकृति का पत्र जारी कर दिया गया है।

सर्व आदि दल लोकसभा की 11 सीटों में लड़ेगी चुनाव

रायपुर/नवप्रदेश। सर्व आदि दल ने विधानसभा चुनाव में 11 प्रत्याशी उतारे थे, जिसका पंजीयन 16 अक्टूबर को हुआ था, अल्प समय में ही विधानसभा चुनाव में एक लाख 14 हजार 286 मद प्राप्त होना दल के लिए प्रसन्नता का विषय है। लोकसभा चुनाव में सर्व आदि दल सभी 11 लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़ा करेगी। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूण पन्नालाल एवं अंकुश बरियेकर, सुभाष महानंद ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकारवार्ता में अरूण पन्नालाल ने बताया कि उक्त विधानसभा चुनाव में समाज के प्रत्याशियों को सतारूढ़ दल के सदस्यों ने डराया, धमकाया बावजूद इसके उम्मीद्वारों ने निडरतापूर्वक नामांकन दाखिल किया। अब तक समाज के सदस्यों पर सरगुजा, कांकेर, केशकाल, कोंटा, नारायणपुर आदि क्षेत्रों में समर्थन मिलने की वजह से उत्साहवर्धन हुआ है।

प्रति एकड़ 21 क्विंटल और 3100 रूपए मान से होगी धान खरीदी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर 21 क्विंटल धान प्रति एकड़ के मान से क्रय करने का आदेश जारी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार जनता से किए सभी वादे को पूरा करेगी। हम राज्य के किसानों से 3100 रूपए क्विंटल के मान से धान की खरीदी करेंगे। राज्य में इस साल 130 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी अनुमानित है। समर्थन मूल्य पर धान उर्पाजन के एवज में किसानों को लगभग 40 हजार करोड़ का भुगतान होगा।

राज्य में अब तक किसानों से समर्थन मूल्य पर मात्र 15 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही थी, जिसे सरकार ने बढ़ाकर 21 क्विंटल कर दिया है। धान की खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से होने पर किसानों को प्रति एकड़ धान विक्रय पर लगभग 23,355 रूपए का अधिक लाभ मिलेगा। पिछली सरकार द्वारा किसानों से प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान की खरीदी और चार किश्तों में इनपुट सब्सिडी के कुल भुगतान को मिलाकर अधिकतम 41,745 रूपए का भुगतान किया जा रहा था। राज्य में प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी को लागू करके किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से 21 क्विंटल धान की खरीदी कर रहे हैं। इससे किसानों को प्रति एकड़ का धान बेचने पर कुल 65,100 रूपए का भुगतान होगा, जो उन्हें धान खरीदी के एवज में अब तक हो रहे भुगतान से 23,355 रूपए अधिक है।

25 को मिलेगा 2 साल का बकाया बोनस

मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसानों को धान बेचने में किसी भी तरह की दिक्कत ना हो, इसके लिए सभी खरीदी केन्द्रों में बेहतर और पर्याप्त इंतजाम किए जाने के भी निर्देश दिए गये हैं। उन्होंने कहा कि 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म-जयंती को हम राष्ट्रीय सुशासन दिवस के रूप में मना रहे हैं। 25 दिसम्बर को राज्य के किसान भाईयों को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी के अनुरूप 2 साल के धान की बकाया बोनस राशि के रूप में 3716 करोड़ 38 लाख 96 हजार रूपए का भुगतान करेंगे।

जो बेच चुके उन्हें भी मिलेगा लाभ

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा प्रति एकड़ धान खरीदी की अधिकतम सीमा 21 क्विंटल लिंकिग के साथ होगी। ऐसे किसान जो अपना धान पूर्व में समर्थन मूल्य पर विक्रय कर चुके हैं, उन्हें भी उक्त मात्रा के अंतर्गत धान विक्रय करने की सुविधा दी जाएगी।

1 नवंबर से धान खरीदी है चालू

राज्य में बीते 01 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए 26 लाख 86 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। पंजीकृत धान का रकबा 33 लाख 15 हजार हेक्टेयर है। समर्थन मूल्य पर अब तक लगभग सवा 9 लाख किसान 42.20 लाख मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर बेच चुके है। यह आदेश जारी होने के बाद धान बेच चुके किसान भी 21 क्विंटल प्रति एकड़ निर्धारित मात्रा का लाभ मिलेगा।

नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर कल

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जैन संघटना छत्तीसगढ़ एवम MGM नेत्र संस्थान रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में 23 दिसंबर को एक वृहद नेत्र शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिन मरीजों में मोतियाबिंद पाया जाएगा उनका निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन MGM नेत्र संस्थान, विधानसभा रोड में कराया जायेगा। मरीज 23 दिसंबर को जैन दादा बाड़ी एमजी रोड रायपुर में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

धान खरीदी को लेकर प्रदेश सरकार का ताजा आदेश क्रांतिकारी कदम : भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश प्रभारी संदीप शर्मा ने चालू खरीफ सत्र से किसानों से धान प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदने का आदेश देने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार माना है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने धान खरीदी के लिए नवगठित विधानसभा के पहले ही सत्र में अनुपूरक बजट पेश किया है और अपने वादे के मुताबिक धान खरीदी करने पर भाजपा की प्रदेश सरकार पर 11,800 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार पड़ेगा। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश प्रभारी श्री शर्मा ने कहा कि किसानों के सर्वांगीण उन्नति की दिशा में यह एक क्रांतिकारी कदम है। इससे स्पष्ट होता है कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। इस निर्णय से किसानों की उपज का दाना-दाना खरीदकर अन्न का सम्मान प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है। प्रदेश सरकार के इस आदेश के बाद अब किसानों को प्रति एकड़ 6,300 रुपए का लाभ होगा। इतना ही नहीं, किसानों को उनकी उपज का पूरा भुगतान एकमुश्त होगा और किसानों को हर पंचायत भवन में बैंकों के नकदी आहरण काउंटर स्थापित कर बिना लम्बी कतारों के भुगतान प्रदान किया जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि अब धान खरीदी से पहले ही बारदानों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है।

संपादकीय

उपेक्षा से आहत हैं नीतीश

नई दिल्ली में आईएनडीआईए की चौथी बैठक में इस गठबंधन के संयोजक का मामला नहीं सुलझ पाया। अलबत्ता गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम का प्रस्ताव जरूर आया। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने खड़गे के नाम का प्रस्ताव रखा। जिसका नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने समर्थन किया। हालांकि इस प्रस्ताव पर अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। खुद खड़गे ने भी इस प्रस्ताव पर कोई खास रुचि नहीं दिखाई है। उन्होंने बैठक के अंत में अपने संबोधन के दौरान कहा कि पहले हमें इतने एमपी जिताकर लाना है कि हम अपनी सरकार बना सके। इसके बाद ही पीएम का नाम तय किया जाएगा। इधर नीतीश कुमार इस बैठक के दौरान खामोश ही रहे उन्हें उम्मीद थी कि उन्हें आईएनडीआईए का संयोजक बनाया जाएगा और भावी प्रधानमंत्री के रूप में उनका ही नाम आगे किया जाएगा किन्तु ऐसा नहीं हुआ जाहिर है इससे नीतीश कुमार असंतुष्ट ही हुए हैं। यद्यपि उन्होंने अभी तक खुलकर अपना असंतोष व्यक्त नहीं किया है। नीतीश कुमार के नाखुश होने की खबर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ममता बनर्जी ने कहा है कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि खड़गे का नाम आगे करने से नीतीश कुमार नाराज हो गए हैं। गौरतलब है कि इस गठबंधन को अस्तित्व में लाने के लिए नीतीश कुमार ने बहुत मेहनत की थी। पिछले साल सितंबर माह में जब विपक्षी पार्टियों को एकजुट करके नया गठबंधन बनाने की कवायद शुरू की गई थी तो नीतीश कुमार को ही सभी विपक्षी नेताओं के साथ मुलाकात कर नए गठबंधन को आकार देने की जिम्मेदारी सौपीं गई थी। नीतीश कुमार ने अपनी यह जिम्मेदारी बखूबी निभाई भी पहली बैठक बिहार की राजधानी पटना में ही आयोजित की गयी थी। जिसमें 27 दलों के नेता शामिल हुए थे और आगे की रणनीति तय की गयी थी। इसके बाद हुई दो बैठकों में आईएनडीआईए के संयोजक पद पर किसी की नियुक्ति का फैसला नहीं हो पाया चौथी बैठक में भी इस पर आम राय नहीं बन पाई। ऐसी स्थिति में नीतीश कुमार की नाराजगी स्वाभाविक है क्योंकि जदयू और राजद के तमाम नेता यह चाहते है कि नीतीश कुमार को ही गठबंधन का संयोजक बनाया जाए और भावी प्रधानमंत्री के रूप में उनका नाम आगे रखा जाए यही वजह है कि चौथी बैठक के पहले बिहार की राजधानी पटना में नीतीश कुमार को आईएनडीआईए का संयोजक बनाने के समर्थन में पोस्टर बैनर लग गए थे। किन्तु नीतीश कुमार को दरकिनार करने से उनके समर्थकों में मायूसी का आलम देखा जा रहा है। खुद नीतीश कुमार भी अपनी इस उपेक्षा से बुरी तरह आहत हैं। लालू प्रसाद भी नीतीश कुमार को महत्व न मिलने से असंतुष्ट बताए जाते हैं। दरअसल लालू यादव चाहते थे कि नीतीश कुमार केन्द्र की राजनीति में जाएं और बिहार के मुख्यमंत्री पद से हट जाएं ताकि लालू प्रसाद यादव अपने बेटे तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनवा सके। जो अभी बिहार के उपमुख्यमंत्री हैं। अब चूंकि नीतीश कुमार को गठबंधन में महत्व नहीं मिल रहा ऐसे में वे अब शायद ही केन्द्र की राजनीति में जाएं। ऐसी स्थिति में अब वे मुख्यमंत्री का पद नहीं छोड़ेंगे तो स्पष्ट है कि तेजस्वी यादव बिहार के मुख्यमंत्री नहीं बन पाएंगे। नीतीश कुमार की अब क्या भूमिका होगी इसे लेकर तरह तरह के कयास लगाए जा रहे है। जदयू की अगले सप्ताह नई दिल्ली में बड़ी बैठक होने जा रही है इसी बैठक में यह तय होगा कि अब नीतीश कुमार क्या करेंगे। फिलहाल तो वे खामोशी अख्तियार किए हुए हैं। उनकी यह शांति आने वाले किसी तूफान का भी संकेत हो सकती है। देखना दिलचस्प होगा की अपनी उपेक्षा का दंश झेलने वाले नीतीश कुमार अब आगे क्या कदम उठाते हैं।

राष्ट्रीय गणित दिवस पर विशेष

संख्याओं के जादूगर रामानुजन

योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को भारत में 'राष्ट्रीय गणित दिवस' मनाया जाता है, जो देश के महान् गणितज्ञों में से एक श्रीनिवास रामानुजन को सम्मान देने के उद्देश्य से उनकी स्मृति में उनके जन्मदिवस पर मनाया जाता है। करीब एक दशक पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह ने चेन्नई में रामानुजन की 125वीं जयंती समारोह में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा था कि ऐसे प्रतिभावान तथा गूढ़ ज्ञान वाले पुरूषों और महिलाओं का जन्म कभी-कभार ही होता है। गणित में रामानुजन के अविस्मरणीय योगदान को याद रखने और सम्मान देने के लिए उसी अवसर पर रामानुजन के जन्मदिन पर प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय गणित दिवस' मनाए जाने का निर्णय लिया गया था। मद्रास से करीब चार सौ किलोमीटर दूर तमिलनाडु के ईरोड शहर में 22 दिसम्बर 1887 को जन्मे श्रीनिवास अयंगर रामानुजन का बचपन कठिनाइयों और निर्धनता के दौर में बीता था। तीन वर्ष की आयु तक वह बोलना भी नहीं सीख पाए थे और तब परिवार के लोगों को चिंता होने लगी थी कि कहीं वह गूंगे न हों लेकिन कौन जानता था कि यही बालक गणित के क्षेत्र में इतना महान् कार्य करेगा कि सदियों तक दुनिया उन्हें आदर-सम्मान के साथ याद रखेगी। उन्हें गणित में इतनी दिलचस्पी थी कि गणित में उन्हें प्रायः सौ फीसदी अंक मिलते थे लेकिन बाकी विषयों में बामुश्किल ही परीक्षा उत्तीर्ण कर पाते थे क्योंकि गणित के अलावा उनका मन दूसरे विषयों में नहीं लगता था। उन्होंने कभी गणित में किसी तरह का प्रशिक्षण नहीं लिया था।

गणित में अतुलनीय योगदान के लिए श्रीनिवास रामानुजन को के. रंगनाथ राव पुरस्कार भी दिया गया था। उनका गणित प्रेम इतना बढ़ गया था कि उन्होंने दूसरे विषयों पर ध्यान देना ही छोड़ दिया था। दूसरे विषयों की कक्षाओं में भी वे गणित के ही प्रश्नों को हल किया करते थे। नतीजा यह हुआ कि 11वीं कक्षा की परीक्षा में वे गणित के अलावा दूसरे सभी विषयों में अनुत्तीर्ण हो गए और इस कारण उन्हें मिलने वाली छात्रवृत्ति बंद हो गई। परिवार की आर्थिक हालत पहले ही ठीक नहीं थी, इसलिए परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी करने के लिए उन्होंने गणितज्ञ रामास्वामी अय्यर के सहयोग से मद्रास पोर्ट ट्रस्ट में क्लर्क की नौकरी करनी शुरू की। नौकरी के दौरान भी वे समय मिलते ही खाली पन्नों पर गणित के प्रश्नों को हल करने लग जाया करते थे। एक दिन एक ब्रिटिश की नजर उनके द्वारा हल किए गए गणित के प्रश्नों पर पड़ी तो वह उनकी प्रतिभा से बहुत प्रभावित हुआ। उसी अंग्रेज के माध्यम से रामानुजन का सम्पर्क जाने-माने ब्रिटिश गणितज्ञ और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जी एच हार्डी से हुआ। हार्डी ने उनकी विलक्षण प्रतिभा को भांपकर उन्हें अपनी प्रतिभा को साकार करने के लिए लंदन बुला लिया और उनके लिए कैम्ब्रिज के ट्रिनिटी कॉलेज में व्यवस्था की, जिसके बाद उनकी ख्याति दुनियाभर में फैल गई। जी. एस. हार्डी ने रामानुजन को यूलर, गोस, आर्किमिडीज, आईजैक न्यूटन जैसे दिग्गजों के समकक्ष श्रेणी में रखा था। 1917 में उन्हें 'लंदन मैथेमेटिकल सोसायटी' का सदस्य चुना गया और अगले ही वर्ष इंग्लैंड की प्रतिष्ठित संस्था 'रॉयल सोसायटी' ने उन्हें अपना फैलो बनाकर सम्मान दिया। रामानुजन ने करीब पांच साल कैम्ब्रिज में बिताए और उस दौरान गणित से संबंधित कई शोधपत्र लिखे। इंग्लैंड में उन पांच वर्षों के दौरान उन्होंने मुख्यतः संख्या सिद्धांत के क्षेत्र में कार्य किया। प्रोफेसर जी एच हार्डी के साथ मिलकर रामानुजन ने कई शोधपत्र प्रकाशित किए और उन्हीं में से एक विशेष शोध के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने रामानुजन को बी.ए. की उपाधि भी प्रदान दी। महान् गणितज्ञ रामानुजन की गणना आधुनिक भारत के उन व्यक्तित्वों में की जाती है, जिन्होंने विश्व में नए ज्ञान को पाने और खोजने की पहल की।

भारतीय गणित की महान् परम्परा के वाहक श्रीनिवास रामानुजन को 'गणितज्ञों का गणितज्ञ' और संख्या सिद्धांत पर अद्भुत कार्य के लिए 'संख्याओं का जादूगर' भी कहा जाता है, जिन्होंने खुद से गणित सीखा और जीवनभर में गणित के 3884 प्रमेयों (थ्योरम्स) का संकलन किया, जिनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध किए जा चुके हैं। रामानुजन ने गणितीय विश्लेषण, अनंत श्रृंखला, संख्या सिद्धांत तथा निरंतर भिन्न अंशों के लिए आश्चर्यजनक योगदान दिया और अनेक समीकरण व सूत्र भी पेश किए। वे ऐसे विश्वविख्यात गणितज्ञ थे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों और विषय गणित की शाखाओं में अविस्मरणीय योगदान दिया और जिनके प्रयासों तथा योगदान ने गणित को एक नया अर्थ दिया। उनके द्वारा की गई खोज 'रामानुजन थीटा' तथा 'रामानुजन प्राइम' ने इस विषय पर आगे के शोध और विकास के लिए दुनियाभर के शोधकर्ताओं को प्रेरित किया।

किसानों की बुलंद आवाज़ थे चौधरी चरण सिंह

रमेश सर्राफ

अपने सिद्धांतों से उन्होने कभी समझौता नहीं किया। 1977 में चुनाव के बाद जब केन्द्र में जनता पार्टी सत्ता में आई तो मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने और चरण सिंह को देश का गृह मंत्री बनाया गया। केन्द्र में गृहमंत्री बनने पर उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की। 1979 में वे उप प्रधानमंत्री बने। बाद में मोरारजी देसाई और चरण सिंह के मतभेद हो गये। 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक चौधरी चरण सिंह समाजवादी पार्टियों तथा कांग्रेस के सहयोग से भारत के पांचवें प्रधानमंत्री बने।

अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने 2001 में हर वर्ष 23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह की जयंती को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाने की जो परम्परा शुरू की थी उससे जरूर उनको साल में एक दिन याद किया जाने लगा है। आज किसानो कि हालात को देखकर चौधरी चरणसिंह जैसे देश के बड़े किसान नेता की याद आना स्वाभावित ही है। मौजूदा समय में चौधरी चरणसिंह जैसा नेता होता तो किसानो को उनका वाजिब हक मिलने से कोई नहीं रोक सकता था। चौधरी चरण सिंह जैसे किसानो के बड़े नेता द्वारा किसानो के हित में किये गये कार्यों को देखते हुये वर्षों पूर्व ही उनको भारत रत्न सम्मान मिलना चाहिये था। मगर सरकारों की अनदेखी के चलते अभी तक उनको उचित सम्मान नहीं मिल पाया है।

देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह कहते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। उनका कहना था कि भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वो देश कभी तरक्की नहीं कर सकता। इसीलिये देश के लोगो का आज भी मानना है कि चौधरी चरण सिंह एक व्यक्ति नहीं विचारधारा थे। चौधरी चरण सिंह ने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की थी कि किसानों को खुशहाल किए बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उनकी नीति किसानों व गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की थी। उन्होने किसानों की खुशहाली के लिए खेती पर बल दिया था। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल सके इसके लिए भी वो बहुत गंभीर रहते थे। उनका कहना था कि भारत का सम्पूर्ण विकास तभी होगा जब किसान, मजदूर, गरीब सभी खुशहाल होंगे। चौधरी चरण सिंह की गिनती हमेशा एक ईमानदार राजनेता के तौर पर की जाती है। उन्होंने जीवन पर्यन्त किसानों की सेवा को ही अपना धर्म माना और अपने अंतिम समय तक देश के गांव में रहने वाले किसानों, गरीबों, दलितो, पीड़ितों की सेवा में ही पूरी जिंदगी गुजारी। चौधरी चरण सिंह जाति प्रथा के कट्टर खिलाफ थे।

चौधरी चरण सिंह एक कुशल लेखक भी थे। उनका अंग्रेजी भाषा पर अच्छा अधिकार था। उन्होंने कई पुस्तकों का लेखन भी किया। 29 मई 1987 को 84 वर्ष की उम्र में जब उनका देहान्त हुआ तो देश के किसानो ने सरकार में पैरवी करने वाला अपना नेता खो दिया था। लोगों का मानना था कि चरण सिंह से राजनीतिक गलतियां हो सकती हैं लेकिन चारित्रिक रूप से उन्होंने कभी कोई गलती नहीं की। इतिहास में उनका नाम प्रधानमंत्री से ज्यादा एक किसान नेता के रूप में जाना जाता है। चौधरी चरण सिंह ने ही भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे पहले आवाज बुलन्द करते हुये आह्वान किया था कि भ्रष्टाचार का अन्त ही देश को आगे ले जा सकता है। चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसम्बर,1902 को गाजियाबाद जिले के नूरपुर गांव के चौधरी मीर सिंह के घर हुआ था। बाद में उनका परिवार नूरपुर से जानी खुर्द गांव आकर बस गया था। 1928 में चौधरी चरण सिंह ने आगरा विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा लेकर गाजियाबाद में वकालत प्रारम्भ की। 1930 में महात्मा गांधी द्वारा नमक कानून तोडने के समर्थन में चरण सिंह ने हिण्डन नदी पर नमक बनाया जिस पर उन्हे 6 माह जेल की सजा हुई। 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी चरण सिंह गिरफ्तार किये गये। 1942 में अगस्त क्रांति के माहौल में चरण सिंह को गिरफ्तार कर डेढ़ वर्ष की सजा हुई। जेल में ही चौधरी चरण सिंह की लिखित पुस्तक शिष्टाचार भारतीय समाज में शिष्टाचार के नियमों का एक बहुमूल्य दस्तावेज है। चौधरी चरण सिंह खुद एक छोटे से गांव में एक किसान के घर जन्मे थे। बचपन से ही उन्होंने गांव के किसानों, गरीबों के दुखः दर्द को नजदीकी से देखा जाना था। इसलिये उन्हें उनकी समस्याओं का बखूबी अहसास था। उनको जब कभी कहीं मौका मिलता वे गांव के किसानों की सेवा करने से नहीं चूकते थे। उनके दिल में हमेशा गांव के किसान ही बसे रहते थे। चौधरी चरण सिंह जीवन पर्यन्त गांधी टोपी धारण कर महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बने रहे।

आज देश के किसान कर्ज में डूबे हुये हैं। उनको उनकी उपज का पूरा दाम नहीं मिल पाता है। अपनी खराब आर्थिक स्थिति के चलते देश में बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहें हैं। केन्द्र व राज्य सरकारें भी किसानो के भले की योजनायें बना पाने में नाकाम रही है। चुनाव के समय राजनीतिक पार्टियां किसानो को झांसा देकर उनके वोट बटोर लेती है। फिर किसी का ध्यान किसानो की समस्याओं के समाधान करने की तरफ नहीं जाता है। ऐसे में आज देश के किसानो को चौधरी चरणसिंह जैसे सच्चे किसान हितैषी नेता की जरूरत है। जो उनके हक में खड़ा होकर किसानो की आवाज बुलन्द कर सके व उनका वाजिब हक दिला सके। चौधरी चरण सिंह भारतीय राजनीति में एक बड़े नेता थे। मगर इंदिरा गांधी के सहयोग से कुछ समय के लिये देश के प्रधानमंत्री बन कर उन्होने देश में पहली बार कांग्रेस के खिलाफबने एक मजबूत गठबंधन को तोड़ा था। उससे उनकी प्रतिष्ठा को भी गहरा आघात पहुंचा था।

चौधरी चरण सिंह को 1951 में उत्तर प्रदेश सरकार में न्याय एवं सूचना विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 1952 में डॉक्टर सम्पूर्णानंद के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्हें राजस्व तथा कृषि विभाग का दायित्व मिला। एक जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को खेती करने के अधिकार मिले। 1954 में उन्होने किसानों के हित में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। चरण सिंह स्वभाव से भी कृषक थे तथा कृषक हितों के लिए अनवरत प्रयास करते रहे। 1960 में चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में उन्हें गृह तथा कृषि मंत्री बनाया गया। उत्तर प्रदेश के किसान चरण सिंह को अपना रहनुमा मानते थे। उन्होंने कृषकों के कल्याण के लिए काफी कार्य किए। लोगों के लिए वो एक राजनीतिज्ञ से ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके भाषण को सुनने के लिये उनकी जनसभाओं में भारी भीड़ जुटा करती थी।

किसानो में चौधरी साहब के नाम से मशहूर चौधरी चरण सिंह 3 अप्रैल 1967 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। तब 1967 में पूरे देश में साम्प्रदायिक दंगे होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में कहीं पत्ता भी नहीं हिल पाया था। 17 फरवरी 1970 को वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। अपने सिद्धांतों से उन्होने कभी समझौता नहीं किया। 1977 में चुनाव के बाद जब केन्द्र में जनता पार्टी सत्ता में आई तो मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने और चरण सिंह को देश का गृह मंत्री बनाया गया। केन्द्र में गृहमंत्री बनने पर उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की। 1979 में वे उप प्रधानमंत्री बने। बाद में मोरारजी देसाई और चरण सिंह के मतभेद हो गये। 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक चौधरी चरण सिंह समाजवादी पार्टियों तथा कांग्रेस के सहयोग से भारत के पांचवें प्रधानमंत्री बने। अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने 2001 में हर वर्ष 23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह की जयंती को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाने की जो परम्परा शुरू की थी उससे जरूर उनको साल में एक दिन याद किया जाने लगा है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1241 मंगोल के प्रमुख लेफ्टीनेंट बहादुर तैर हुलागु खान ने लाहौर पर कब्जा किया। 1715 जेम्स एडवर्ड स्टुअर्ट ने स्कॉटलैंड में जैकोबेट विद्रोहियों को फिर से मिला, लेकिन उसकी सेना को उकसाने में विफल रहा। 1769 चीन-बर्मीज़ युद्ध (1765-69) संघर्ष से समाप्त हुआ। 1769 ध्वनि से युद्ध में पराजित होने के बाद, किंग राजवंश ट्रिन की शर्तों पर सहमत हो गया, जिससे चीन-बर्मी युद्ध समाप्त हो गया। 1772 मोरावियन मिशनरी एलेगेंनी के पहले स्कूलघर पश्चिम का निर्माण किया गया। 1807 नेपोलियन के युद्धों में उलझने से बचने के प्रयास में, द यूनाइटेड स्टेट्स कांग्रेस ने विदेशी देशों के साथ व्यापार करने में अमेरिकी जहाजों को पकड़ने से मना करते हुए एम्बरगो अधिनियम पारित किया। 1807 संयुक्त राज्य कांग्रेस ने प्रतिबंध कानून पारित किया। 1855 मेट्रोपॉलिटन बोर्ड ऑफ़वर्क्स की स्थापना लंदन में की गई। 1882 थॉमस एडीसन द्वारा क्रिसमस क्रिसमस का रोशनी वाला पेड़ बनाया गया। 1882 थामस एडीसन द्वारा बनाए गए बल्बों से पहली बार क्रिसमस ट्री सजाया गया।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:16, सूर्यास्त : 05:34, चन्द्रोदय : 13:12, चन्द्रास्त : 26:19, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : दशमी, नक्षत्र : अश्विनी, योग : परिघ, प्रथम करण : कौलव (09:37 तक), द्वितीय करण : तैतिल (20:54 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : धनु, चंद्र : मेष (22:08 से), मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : धनु (अस्त, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : तुला (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:54 से 12:35, अमृत काल : 19:50 से 21:22, सर्वार्थसिद्धि योग : पूरे दिन, रवियोग : पूरे दिन, विजय मुहूर्त : 13:57 से 14:38, गोधूलि मुहूर्त : 17:18 से 17:46, सायाह्न सन्ध्या : 17:21 से 18:44, निशिता मुहूर्त : 23:47 से 24:43, राहुकाल : 10:30 से 12:00, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 07:09 से 08:25, दुर्मुहूर्त : 10:33 से 11:14, होमाहुति : शुक्र।

QUIZ TIME

1) भारत में लगनेवाला सबसे बड़ा मेला कौन सा है?

2) भारत की प्रथम महिला मुस्लिम आईपीएस का नाम क्या है?

3) किस भाषा के वर्णमाला में 204 अक्षर होते है?

4) भारत में कितनी बार नोटबंदी हो चुकी है?

5) भारत की सबसे तेज सौर इलेक्ट्रिक नाव बाराकुडा कहाँ लॉन्च की गई?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सोनपुर मेला, बिहार (2) [illegible] (3) [illegible] (4) तीन (5) अलाप्पुझा (केरल)

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य
वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर
देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपको मिश्रित फल प्रदान करेगा।

वृषः आज का दिन आपको मध्यम फलदायक रहेगा। प्रातः काल से ही स्वास्थ्य सामान्य रहने पर भी आलस्य अधिक रहेगा।

मिथुनः आज का दिन आपके लिये कार्यसफलता वाला रहेगा बीते दिनों से जिस कार्य को लेकर भागदौड़ कर रहे थे आज उसके पूर्ण होने से आय के नए मार्ग खुलेंगे।

कर्कः आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायक रहेगा। आज आपकी दिनचार्य योजना बद्ध नही रहेगी जो भी कार्य करेंगे उसमे कोई न कोई टांग अड़ायेगा।

सिंहः आज का दिन आपके लिए प्रतिकूल रहने से आपका स्वास्थ्य अचानक बिगड़ सकता है।

कन्याः व्यापारिक दृष्टिकोण से आज का दिन आपको शुभफलदायक रहेगा। कार्य क्षेत्र पर सुव्यवस्था रहने से लोगो को शीघ्र आकर्षित कर लेंगे अन्य लोगो की तुलना में आपका काम अधिक पसंद किया जाएगा।

तुलाः आज का दिन आपके लिए प्रतिकूल फलदायक रहेगा। शारीरिक रूप से दिन उतार चढ़ाव वाला रहेगा।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिये मिला-जुला फल देगा। दिन के आरंभिक भाग में सुस्ती रहेगी मध्यान के समय ही कार्यो को थोड़ी बहुत गंभीरता से लेंगे।

धनुः आज का दिन आपके लिए अशांत रहेगा। दिन के पहले भाग में ही किसी परिजन या रिश्तेदार से तीखी झड़प होने के आसार बनेंगे आपका स्वभाव शांत रहेगा लेकिन व्यवहार की लापरवाही कलह कराएगी।

मकरः आज का दिन भी आपको धनलाभ कराएगा। सरकार की तरफसे भी आज अप्रत्यक्ष लाभ हो सकता है।

कुंभः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वभाव से संतोषि रहेंगे जिससे किसी भी कार्य को देखभाल कर ही करेंगे जोखिम लेने से आज हानि भी हो सकती है।

मीनः आपका आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। आकस्मिक यात्रा के योग बनेंगे अंत समय मे टल भी सकते है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -280

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 279 का हल

ग	ल	त	■	■	■	खा	म	खाँ
णे	■	ल	■	झ	प	की	■	■
श	र	ब	त	■	रं	■	■	मि
■	ज	गा	ना	■	प	रा	का	ष्ठा
■	नी	र	■	वि	रा	ज	मा	न
ना	च	■	■	प	■	■	य	■
म	र	णा	स	न्न	■	पा	नी	■
ची	■	■	प	■	पा	■	■	भो
न	ज	रा	ना	■	स	मा	चा	र

न्यूज गैलरी

अवैध शराब के साथ 2 गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। सुपेला पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करते दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। गदा चौक एवं डेरा बस्ती फरीद नगर के पास कर शराब बेच रहे थे। दोनो से 61 पौवा देशी शराब एवं स्कूटी एक्टीवा कुल कीमती 55,000 रुपए जब्त किया गया है। मुखबीर द्वारा सूचना मिला की एक व्यक्ति डेरा बस्ती मंच के पास फरीद नगर के पास शराब बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंची और संदेही को घेराबंदी का पकड़ा गया। संदेही से नाम पता पूछने पर अपना नाम देवेन्द्र नेताम डेरा बस्ती फरीद नगर का रहने वाला बताया जिनके कब्जे से 31 पौवा देशी प्लेन मदिरा जप्त किया गया। दोनो आरोपियों को आज न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

आज वैशालीनगर में रोजगार मेला

भिलाई/नवप्रदेश। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की पहल से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग द्वारा सृजन रोजगार अंतर्गत आयोजित रोजगार मेला 22 दिसंबर शुक्रवार को सुबह साढ़े 10 बजे से वैशाली नगर विधायक कार्यालय लोकांगन के समीप स्थित वैशाली नगर में होगा। बेरोजगार युवाओं के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने दुर्ग में आयोजित इस रोजगार मेला का स्थान परिवर्तन कर उसे वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में रखने की पहल की है। श्री सेन ने कहा कि भिलाई के अनेक युवाओं को रोजगार मेला दुर्ग पहुंचने में दिक्कत होती थी और उन्हें सभी आवश्यक दस्तावेज लेकर दुर्ग आने जाने में अतिरिक्त समय भी लगता था।

मिशन क्लीन टॉयलेट कैंपेन

भिलाईनगर। निगम की स्वच्छता टीम द्वारा निकाय क्षेत्र के सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की विशेष सफाई की जा रही है, साथ नागरिकों को शौचालय में स्वच्छता बनाए रखने जागरूक भी किया जा रहा है। आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के समस्त नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत विश्व शौचालय सप्ताह मनाया जा रहा है। निगम में चलने वाले क्लीन टॉयलेट कैंपेन में समाज के सभी वर्ग को स्वच्छता कैंपेन से जोड़ा जाना है। निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम क्षेत्र के नागरिकों को क्लीन टायलेट कैंपेन अभियान में जुड़कर क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालय की सफाई एवं रखरखाव में सहयोग हेतु अपील की जा रही है।

राजस्व विभाग और निगम का शिविर आज

दुर्ग। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग और निगम द्वारा आज एक दिवसीय शिविर आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पट्टा से संबंधित आवेदन लिये जाने हेतु शिविर प्रातः 10 से शाम 4 बजे तक सामुदायिक भवन मुक्तिधाम वार्ड कं. 4, मानस वाटिका शक्तिनगर, सामुदायिक भवन सूर्योदय नगर (कुष्ट आश्रम) में आयोजित है।

उपराष्ट्रपति की मिमिक्री, भाजपा ने फूंका राहुल का पुतला

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया के नेतृत्व में उपराष्ट्रपति जगदीश धनकड़ की मिमिक्री करने के विरोध में घड़ी चौक सुपेला में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी एवम तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी का पुतला दहन किया गया। जिलाध्यक्ष बिचपुरीया ने अपने संबोधन में कहा कि जिस तरह तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति श्री जगदीश धनकड़ की मिमिक्री की और वहा उपस्थित कांग्रेस सांसद राहुल गांधी वीडियो बना रहे थे। यह पूरी तरह गैर जिम्मेदाराना एवम असंवैधानिक है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए वो कम है। उपराष्ट्रपति का पद एक संवैधानिक पद है इस तरह की मिमिक्री कर लोकतंत्र का अपमान किया है, शर्मसार किया है। इतने वरिष्ठ सांसद अगर इस तरह का कृत्य करते है यह समझ से परे है। इसलिए भाजपा आज ये मांग करती है कि इन सांसदों की संसद

सदस्यता समाप्त कर देना चाहिए। उपराष्ट्रपति धनकड़ एक किसान परिवार से आते है इस तरह कांग्रेस एवम विपक्ष ने किसानों और जाट समाज का भी अपमान किया है। इसके विरोध में प्रदेश भाजपा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सम्पूर्ण में राहुल गांधी का पुतला दहन किया जा रहा है। पुतला दहन कार्यक्रम में महामंत्री योगेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष अमर सोनकर, महेश वर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन एवम धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री प्रेमलाल साहू ने किया।

इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, उपाध्यक्ष शिवसागर मिश्रा, महेश वर्मा, शंकरलाल देवांगन, संजय सिंह, मिथिला किचरिया, विजेंद्र सिंह, विजय जायसवाल, के गणपति, राजेश श्रीवास्तव, रविन्द्र सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित मिश्रा, रमेश साहू दादर, मनीष अग्रवाल, पवन यादव, केशव पटेल, राजू लाल नेताम, मनीष पिपरोल, विजय शुक्ला, अशोक गुप्ता, रुपराम साहू, ज्ञान दास मानिकपुरी, सुंदरलाल साहू, के रुद्र मूर्ति, राजू जंघेल , मनीष निर्मलकर, गीता विश्वकर्मा, सरला आचार्य, शैलेंद्र शेंदे, सत्यम व्यास, विनय सेन, जे पी घनघोरकर, मनोज तिवारी, समीर अग्रवाल, गीता वर्मा, दीपमाला सिंह, मीना गिरी, प्रमिला दुबे, संजु ठाकुर, कांति वर्मा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

शिवनाथ नदी में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। मदर टेरेसा नगर छावनी का रहने वाला 20 वर्षीय युवक ताकेश उर्फ टिंकू कन्नौजे शिवनाथ नदी में नहाने के दौरान डूब गया। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस उसे नदी से निकालकर जिला अस्पताल लेकर गई, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला अंजोरा चौकी क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, टिंकू कन्नौजे अपने दोस्त राकेश यादव और बिट्टू के साथ बुधवार की दोपहर क्रिकेट खेलने के लिए गया था। क्रिकेट खेलने के बाद टिंकू ने शिवनाथ नदी में नहाने का प्लान बनाया। तीनों दोस्त बाइक से दुर्ग शिवनाथ

नदी में नहाने के लिए गए। राकेश अच्छा तैराक है। वहीं टिंकू को कम तैरना आता था। बिट्टू को तैरना नहीं आता था, इसलिए वो नदी के किनारे ही बैठा था। राकेश ने बताया कि बुधवार डेढ़ बजे के करीब वो लोग दुर्ग के अंजोरा चौकी अंतर्गत शिवनाथ नदी घाट गए थे। वहां बने डैम के ऊपर से राकेश और टिंकू ने नदी में छलांग लगाई। इसके बाद वो लोग पुराने ब्रिज की तरफ आने लगे। राकेश ने बताया कि उसने टिंकू से पूछा भी कि वो तैरना जानता है या नहीं। इस पर टिंकू ने हां कहते हुए उसके साथ तैरना शुरू कर दिया। बीच नदी में आते-आते टिंकू थक गया और डूबने लगा। इस पर राकेश ने उसका हाथ पकड़ा और उसे किनारे की तरफ ले जाने की कोशिश करने लगा, लेकिन उसे बचा नहीं सका। इसके बाद वो नदी में डूब गया। टिंकू को डूबता देखकर राकेश और बिट्टू ने लोगों से मदद की गुहार लगाई। थोड़ी ही देर में स्थानीय मछुआरे वहां पहुंचे। उन्होंने नदी में कूदकर टिंकू को नदी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। मछुआरों ने टिंकू के चेस्ट और पेट को दबाया। मुंह से सांस भी दी, लेकिन जब कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला, तो वे लोग उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर गए। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

कभी भी बंद हो सकती है धान खरीदी

नव प्रदेश संवाददाता

पाटन। विकास खंड के ग्राम सांकरा के धान खरीदी केंद्र पर कभी भी खरीदी बंद हो सकती है। किसानों के खरीदे गए धान का उठान परिवहन नहीं होने के कारण अब फड़ में धान रखने की जगह ही नहीं है। समिति प्रबंधक द्वारा इसकी जानकारी संबंधित जिम्मेदार अधिकारी को दिए है। इसके बाद भी धान का परिवहन किए जाने के लिए डीओ नही काटा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक अभी तक करीब 15 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। अभी बहुत से किसान का धान खरीदी शेष है। जल्द ही धान का उठाव नहीं हुआ तो खरीदी प्रभावित हो सकती है। पाटन ब्लॉक के सभी 35 सेवा सहकारी समितियां में 1 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू की जा चुकी है । वहीं इसका परिवहन भी कई समितियां में किया जा रहा है। लेकिन विकासखंड के ग्राम सांकरा समिति में खरीदे धान का परिवहन न होने से धान फड़ में ही जाम हो रहा है। फड़ में जगह नहीं होने के कारण किसान अपने धान को रखने के लिए कई बार वाद विवाद की भी स्थिति बनती जा रही है। अगर एक-दो दिन में सांकरा समिति से धान का उठाव नहीं हुआ तो फिर सोमवार से धान खरीदी बंद करने के भी नौबत आ सकती है। इसी तरह से पाटन सहित आसपास के अन्य सेवा सरकारी समितियां में भी खरीदे गए धान का परिवहन नहीं होने से जाम की स्थिति बनती जा रही है। डीओ काटने के लिए कई बार संबंधित अधिकारी को देने के बाद भी धान का परिवहन हेतु कोई कारगर कदम नहीं उठाया।

विद्युत दुर्घटना से बचाव और उपायों को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता


मुहर | तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील पाटन प.ह.न. 00004 जमराव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430301900001

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00004 के अंतर्गत ग्राम जमराव के वर्तमान भूमिस्वामी संजू पिता/पति सुनील पता जमराव के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 739/2 (0.2000) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मे. श्री फिजिकल लेब प्रोपाइटर चंद्रशेखर वर्मा पिता/पति स्व. श्री तुलाराम वर्मा पता जमराव तह. पाटन जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.12.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार पाटन पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.12.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर | तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती ज्योत्सना शुक्ला पति स्व. अनिल कुमार शुक्ला निवासी सेक्टर-01 भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 225/14 रकबा 0.010 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार अनिल कुमार शुक्ला की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.11.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. | पक्षकार का नाम: अर्पण तरुण/एमलेट राम | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202312104300064

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक बो.आ.क्रि.क. चर्च भिलाई सचिव अर्पण तरुण निवासी चरोदा तहसील भिलाई-3 जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम चरोदा प.ह.न. 09 तह. भिलाई जिला दुर्ग	267/396	0.037 हें	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी, भिलाई-03, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील पाटन प.ह.न. 00004 जमराव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430301900003

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00004 के अंतर्गत ग्राम जमराव के वर्तमान भूमिस्वामी गंगादीन साहू पिता/पति बिसम्भर पता सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 739/10 (0.1900) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती संजू खण्डेलवाल पिता/पति श्री सुनील खण्डेलवाल पता जमराव तह. पाटन जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.12.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार पाटन पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.12.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर | तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया / Union Bank of India
1. सिंधिया नगर, दुर्ग शाखा
2. जगदलपुर ईएबी शाखा

परिशिष्ट-IV कब्जा नोटिस नियम 8 (1)

सेक्यूरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल असेट्स एंड इनफोर्समेंट ऑफ सेक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत नियम-3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की निम्नलिखित शाखाओं के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों को निम्नलिखित तिथियों में डिमांड नोटिस में दर्शायी गई राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया था. उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता/जमानतदार/ऋणियों को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम-8 के साथ पठित उक्त एक्ट की धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित दिनांक को कर लिया गया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता/जमानतदार व बंधककर्ता और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई लेन-देन न करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन इस पर वर्णित बकाया राशि ब्याज, आकस्मिक खर्च एवं लागत और शुल्क के लिये यूनियन बैंक ऑफ इंडिया कि संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अधीन होगी।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये ध्यानाकर्षित किया गया है।

अ. उधारकर्ता का नाम / ब. शाखा का नाम	संपत्तियों का विवरण	1. मांग सूचना की तिथि / 2. मांग सूचना राशि रु / 3. कब्जे की तिथि
अ. श्री बाबा सिंह पिता- स्वरन सिंह, श्रीमती लोशिमा सिंह पति- बाबा सिंह. ब. सिंधिया नगर, दुर्ग शाखा	लोशिमा सिंह पति- बाबा सिंह के नाम पर खसरा नं. 850/3, आवंटित खसरा नं. 850/31, पी.सी. नं. 24, मौजा- दुर्ग, नयापारा, राजीव नगर, आरआईसी- दुर्ग, क्षेत्रफल- 700 वर्गफीट में स्थित आवासीय भवन।	29.09.2023 / ₹ 8,72,055.00 + 31.08.2023 से ब्याज + कानूनी व अन्य शुल्क / 16.12.2023
अ. श्री प्रहलाद देवांगन, श्रीमती अनिता देवांगन पति- प्रहलाद देवांगन ब. जगदलपुर ईएबी शाखा	श्री प्रहलाद देवांगन के नाम पर भूतल हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, जगदलपुर, जिला-बस्तर, में स्थित फ्लैट नं. 4/39.	22.08.2023 / ₹ 7,42,412.77 + 01.08.2023 से ब्याज + कानूनी व अन्य शुल्क / 16.12.2023
अ. श्रीमती राशि जैन पति- श्री अजय कुमार जैन (प्रोप. राशि मार्केटिंग) जमानतदार- श्री अजय कुमार जैन पिता- कमल कुमार जैन ब. जगदलपुर ईएबी शाखा	संपत्ति श्रीमती राशि जैन पति- श्री अजय कुमार जैन के नाम पर ठाकुर रोड, सदर बाजार, जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग.) में स्थित प्लॉट नं. 120/4 एवं 1230/5 का ईएमडी।	21.09.2023 / ₹ 21,22,592.05 + 01.09.2023 से ब्याज + कानूनी व अन्य शुल्क / 16.12.2023

दिनांक: 20.12.2023 | प्राधिकृत अधिकारी/यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा शासन के मंशानुसार एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट को अवैध रूप से शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी-बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में जानकारी एकत्र कर पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित करते हुये इस पर कार्यवाही कर अंकुश लगाने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।इसी तारतम्य में माह दिसंबर में अब तक वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में रायपुर पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 270 प्रकरणों में 275 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 247.640 लीटर शराब कीमती 61,910/- रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध संबंधित थानों में कार्यवाही की गई।

अवैध रूप से दुकान के बाहर रखें सामानों पर पुलिस की कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने, शराब दुकानों के आस-पास चखना दुकान एवं अवैध रूप से ठेले एवं गुमटियों में चौपाटी संचालित करने वालों के विरूद्ध रायपुर पुलिस एवं नगर निगम के कार्यवाही के तहत् रायपुर के अलग - अलग मुख्य मार्गो में स्थित दुकान संचालको को अवैध रूप से दुकान के बाहर रखें समानो को दुकान के अंदर रखने की समझाईश दी जा रहीं है, कुछ दुकानों के बाहर अवैध रूप से रखें सामान जिससे यातायात बाधित हो रहा था ऐसे दुकानों से सामान जप्त कर संचालकों पर कार्यवाही भी की जा रहीं है। शराब दुकानों के आस-पास अवैध रूप से चखना दुकान/ठेला संचालित करने वालों संचालकों पर कार्यवाही कर चखना दुकान/ठेला हटाया जा रहा है तथा मुख्य मार्गो के किनारे अतिक्रमण कर अवैध रूप से ठेले एवं गुमटियों में संचालित चौपाटी को हटाया जा रहा है तथा होटल, ढ़ाबा, रेस्टोरेंट एवं बार को निश्चित समयाधि में बंद कराये जा रहे है।

गांजा तस्करी असगर खान गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 21.12.23 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना पुरानी बस्ती क्षेत्रांतर्गत सांई मंदिर पास राधा स्वामी नगर में एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा कहीं जाने की फिराक में है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम श्री जय प्रकाश बढ़ई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध श्री पीताम्बर सिंह पटेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती श्री राजेश चौधरी द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी पुरानी बस्ती को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना पुरानी बस्ती पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम मुख्तियार असगर खान निवासी लखनऊ उत्तर प्रदेश का होना बताया।

सरकार ने ली अटल चौक की सुध, सुशासन दिवस के पूर्व रंगरोगन, जीर्णोद्धार भी शुरू

बालोद/ नवप्रदेश। 25 दिसंबर को जिले में सुशासन दिवस मनाया जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके लिए प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी गई है। गांवों में स्थापित अटल चौक को फिर से संवारने की कवायद शुरू हो गई है। बीते पांच सालों में प्रशासन ने इन अटल चौक की सुध नहीं ली थी। जिसका नतीजा वर्तमान में अटल चौक जर्जर हालत में है। कई अटल चौक खंडहर में तब्दील हो चुके हैं तो कई गांव के अटल चौक शराब पीने का अड्डा बन गए थे। जिसे सुधारने अब जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायतों के माध्यम से रंग रोगन व मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही जिला प्रशासन ने अटल चौक की सुध ली। भाजपा की सरकार बनते ही अटल चौक को सजाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रशासन द्वारा प्राथमिकता के साथ इसकी मरम्मत कराने और रंगरोगन कर बकायदा फोटो खींचकर प्रशासन को शेयर करने का आदेश ग्राम पंचायतों को दिया गया है। प्रदेश में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के सम्मान में ग्राम पंचायतों में अटल चौक का निर्माण शुरू किया गया था। इसके बाद लगातार पांच साल चरणबद्ध रूप से अटल चौक का निर्माण जारी रहा। शासन प्रशासन की उदासीनता के कारण लंबे समय तक देखरेख नहीं होने से यह चबूतरे अटल चौक टूटने लगे तो कहीं जर्जर होने लगे थे। इसकी देखरेख नहीं होने की वजह से कई चौक क्षतिग्रस्त हो गए हैं। विभिन्न स्थानों के अटल चौक दुरूस्त करने के अलावा रंगरोगन का कार्य करना शुरू कर दिया है। भाजपा सरकार द्वारा 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती है। उस दिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। प्रशासन का फरमान है कि 25 दिसंबर से पहले सभी पंचायत सचिव इसकी फोटो सहित रिपोर्ट देंगे कि अटल चौकों का रंग रोगन व जीणोद्धार कर दिया गया। कई गांवों में यह काम पूर्ण हो चुका है तो कई गांवों में अटल चौक की मरम्मत व रंग रोगन नहीं हुई है।

सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार की लापरवाही

बालोद/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम सिवनी में तांदुला नहर नाली में पुल और सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार मनमानी कर रहा है। ग्राम सिवनी के ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य में लगने वाले रेत, गिट्टी और मुरुम का अवैध रूप से भंडारण गांव के खेल मैदान में किया गया है। खेल मैदान में भारी मात्रा में निर्माण सामग्री को रखा गया है। इसके कारण नजदीक के स्कूली बच्चों सहित गांव के खिलाड़ी जो खेलों में रुचि रखते हैं उन्हें खेलने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारी मात्रा में रेत, गिट्टी और मुरुम का भंडारण करने के मामले को लेकर खनिज विभाग द्वारा भी स्पष्ट रूप से जवाब नहीं दिया जा रहा है। आरोप है कि उक्त ठेकेदार द्वारा बिना अनुमति लिए ही शासकीय जमीन खेल मैदान में मटेरियल का अवैध भण्डारण किया गया है। इसी प्रकार ग्राम सिवनी से संयुक्त जिला कार्यालय तक बनने वाले सड़क निर्माणकार्य धीमी गति से चल रहा है। ग्राम सिवनी में पुराने सड़क को उखाड़ दिया गया है। इसके कारण वहां से गुजरने वाले राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उबड़ खाबड़ सड़क में पानी बहने से ग्रामीण तथा इस मार्ग से होकर गुजरने वाले राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 7 करोड़ रुपए की लागत से ग्राम सिवनी से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जो कछुआ गति से जारी है। गांव के मुख्य मार्ग में पुराने डामरीकरण को उखाड़ कर वहां मुरुम डालकर छोड़ दिया गया है।

सचिव ने सुतियापाट बांध के नहर विस्तारीकरण स्थल का किया निरीक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा अंतर्गत प्रस्तावित सिंचाई योजनाओं का सचिव, जल संसाधन विभाग, पर्यटन एवं संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग अन्बलगन पी., प्रमुख अभियंता आई.जे. उइके, मुख्य अभियंता मुकेश कुमार संतोषी, अधीक्षण अभियंता, डी.के. भगोरिया कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग एन.के. चौहान द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल द्वारा बुधवार सबेरे 09 बजे से सुतियापाट नहर विस्तारीकरण कार्य के लिए सुतियापाट मध्यम जलाशय परियोजना पहुंचकर जल की उपलब्धता एवं उपयोग पर चर्चा किया गया। जिसमें रबी फसल के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष जोर दिया गया तथा नहर विस्तारीकरण स्थल का परीक्षण किया गया। तद्उपरांत प्रस्तावित जगमड़वा जलाशय योजना, बड़ौदाखुर्द जलाशय योजना स्थल का दौरा कर स्थल की समस्त जानकारी सचिव द्वारा ली गई। जिसमें मुख्य रूप से भू-अर्जन प्रकरण, वनभूमि का डायवर्सन एवं उसकी प्रक्रियाओं पर हो रहे विलम्ब पर कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से निराकरण के लिए कार्य ऐजेसियों को निर्धारित मापदण्ड पर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए एवं योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता द्वारा दी गई। निरीक्षण दल द्वारा करियाआमा जलाशय योजना एवं बहेराखार मध्यम जलाशय परियोजना का निरीक्षण किया गया।

उमरगांव में क्रिकेट स्पर्धा की शुरुआत

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खण्ड के स्टार इलेवन क्रिकेट क्लब उमरगांव के तत्वावधान में 10 दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया है। इस उदघाटन समारोह मुख्य अतिथि डॉ लक्ष्मी ध्रुव व ग्रामीण सरपंच के आतिथ्य में पूजा अर्चना कर रिबन काट कर शुभारंभ किया। साथ ही मुख्य अतिथि डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि आप लोगों ने गांव में एक सुंदर वातावरण देने का प्रयास किया है। खेल के माध्यम से,खेल से हमें दो लाभ होता है एक शरीर स्वस्थ रहता है दूसरा अगर एक उच्च स्तर तक पहुंच जाते हैं तो आर्थिक स्थिति मजबूत होती है आप सभी युवाओं से आग्रह करती हूं की सभी लोग खेल अवश्य खेलें कोई जरूरी नहीं है कि हम क्रिकेट को ही चुने खेल कई प्रकार से होता है अपना खेल का चयन करें कि किस खेल के माध्यम से हम आगे बढ़ सकते हैं एवं समस्त क्रिकेट क्लब के सदस्यों एवं ग्राम वासियों को इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

अवैध रेत परिवहन, चेन माउंटेन पोकलेन और हाइवा जब्त

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देश पर जिले में अवैध रेत परिवहन के मामलों में तेज़ी से कार्रवाई की जा रही है। अवैध रेत खनन और भंडारण के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। जिसमें 1 चेन माउंटेडफोकलेंड सहित 9 रेत से भरे हाईवा वाहन ज़ब्त किया गया हैं। जिला खनिज अधिकारी के के बंजारे ने बताया कि देर रात 12 से 3 बजे के बीच खनिज विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध उत्खनन परिवहन भंडारण के संबंध में जांच की गई। जांच के दौरान लवन तहसील अंतर्गत ग्राम सुनसुनिया में महानदी क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन संलिप्त 1 चेन माउंटेडफोकलेंड मशीन टाटा हिताची चेचिस क्रमांक एसपी 21 62281 को जब्त कर सील कर दिया गया है। इसके साथ ही घाट के नजदीक 9 रेत से भरे हाईवा सीजी 09 जेएफ 6935,सीजी 12 बीड़ी 6182,सीजी 22 डब्लू 2555,सीजी 22 डब्लू 2666 सीजी 22 वाय 8410,सीजी 09 जेक्यू 9988,सीजी 04पीबी 2398,सीजी 04 पीएफ 8898 एवं सीजी 22 एक्स 3674 शामिल है। सभी जब्त वाहन नजदीकी थाना लवन को सुपुर्दगी में रखा गया है। यह सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत किया गया है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है की कलेक्टर चंदन कुमार ने जिले में रेत के अवैध कारोबार के मामले में अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं।

आईटीआई परिसर से हटाया अतिक्रमण

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा स्थित आईटीआई परिसर से लंबे समय से काबिज बेजा कब्जाधारियों को बुधवार को हटाया गया। दोबारा कब्जा नही करने संबंधी समझाइश दी गई। उक्त अतिक्रमण एसडीएम सुरुचि सिंह आईएएस तथा तहसीलदार परमानंद बंजारे के निर्देश पर नायब तहसीलदार राजश्री पाण्डेय, नायब तहसीलदार चांदनी देवांगन की उपस्थिती में शान्तिपूर्ण रूप से तीसरी बार हटाया गया।

4 कोचियों से 72 पौवा शराब जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। चार कोचियों से बुधवार 20 दिसंबर को 72 पौवा शराब पुलिस ने जप्त की। 20 दिसंबर को थाना बेमेतरा एवं पुलिस चौकी देवरबीजा में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 4 प्रकरण दर्ज कर 4 कोचियों रोहित साहू साकिन मउ बलराम वर्मा साकिन करचुवा जम्मु पारधी बहेरा जिला बेमेतरा के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया हैं।

श्रीमद् भागवत कथा आज से

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। ग्राम सोनाडुला में नीलकमल साहू एवं श्रीमती धात्री साहू के सौजन्य से संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 22 दिसंबर से 29 दिसंबर तक किया जा रहा है। 22 दिसम्बर को भव्य कलश यात्रा ,वेदी पूजन,महात्म कथा प्रारंभ, 23 को सुखदेव जी का प्राकट्य, परीक्षित जन्म, कपिल उपाख्यान, ध्रुव चरित्र 24 को जड़ भरत प्रसंग, प्रहलाद चरित्र 25 को श्री राम चरित्र, श्री कृष्ण जन्मोत्सव, नंद उत्सव 26 को बाल लीला माखन चोरी गोवर्धन पूजा 27 को महारास, कंसवध,रुखमणी विवाह 28 श्री कृष्णा गोलोक प्रस्थान,सुदामा चरित्र,कथा विश्राम 29 को हवन यज्ञ,सहस्त्रधारा स्नान,चिकट,प्रसाद वितरण होगा। कथा समय दोपहर 3 बजे से राधे कृपा तक होगा। इसके कथाकार ग्राम घाघरा खरसिया निवासी पंडित दीपक कृष्ण महाराज होंगे।

समिति के मनोनीत अध्यक्ष हटाए गए

नवागढ़/नवप्रदेश। प्रदेश में सरकार बदलते ही मनोनीत सदस्यों पर गाज गिरने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। सहकारी संस्थाओं के उप पंजीयक ने आदेश निकाल कर नवागढ़ शाखा अंतर्गत सभी 11 सेवा सहकारी समितियों के मनोनीत अध्यक्षों को पद से हटा दिया है। अब जबतक नए अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो जाती तक तक, उनकी जगह प्रशासनिक अधिकारी प्राधिकृत रूप में काम करेंगे। नवागढ़ शाखा अंतर्गत सेवा सहकारी समिति नवागढ़ में अशोक साहू, मुरता में युवराज वर्मा, बोरतरा में रज्जू यादव, रनबोड में सीताराम अंनत, प्रतापपुर में राजकुमार साहू, झाल में गौकरण साहू, मजगांव में लालाराम चंद्रवंशी, छिरहा में उजागर सिंह भुवाल, नेवशा के भुवन सही, हटहाडाडू में द्वारिका सोनवानी एवं अँधियारखोर में बलभद्र ठाकुर को उप पंजीयक ने 15 दिसंबर को आदेश जारी कर पदमुक्त कर दिया है। वहीं प्राधिकृत अधिकारी के रूप में नवागढ़ शाखा प्रबंधक आर शर्मा नवागढ़, मुरता, झाल, बोरतरा के प्रभार पर रहेंगे। वहीं सहकारी निरीक्षक वर्षा पटवर्धन रनबोड व प्रतापपुर में प्रधिकृत बनाई गई है। मजगांव व छिरहा में सहकारी निरीक्षक महेन्द्र टेकाम को प्रधिकृत किया गया है। नेवशा व हटहाडाडू में राजेश प्रकाश मसीह अंकेक्षण अधिकारी को प्रधिकृत अधिकारी बनाया गया है। अँधियारखोर में सहकारिता निरीक्षक पल्लवी मेश्राम प्रधिकृत रहेंगी।

बच्ची सिद्धि की हुई सफल इलाज

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मेरी कहानी- मेरी जुबानी के तहत एक पिता ने सरकारी खर्च से अपने बच्ची के इलाज के बारे में बताया। पिता ने कहा-वो भुवनेश्वर पटेल निवासी कालाखूंटा विकासखंड बरमकेला, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ का निवासी हूं। जब मेरी पुत्री नहीं सुन पा रही है। यह जानकर वो हैरान रह गया था। दिल बहुत रोने लगा। बेटी के इलाज हेतु किरोड़ीमल शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ ले गया और ओएई टेस्ट-जांच हुआ तो उन्होंने बताया कि समस्या है। अतः कन्फर्मेशन के लिए बेरा टेस्ट का सलाह दिए। कोरोना महामारी का काल था।

पिस्टल से जानलेवा हमला करने वाला उड़ीसा का अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रार्थी अरिहंत चोपड़ा ने थाना तेलीबांधा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह बालफोर्ट इलक्लेव बी 02 /407 रायपुर में रहता है तथा ड्राई फरुट का व्यापारी है। दिनांक 20/12/2023 को प्रार्थी शास्त्री मार्केट स्थित अपनी दुकान में था इसी दौरान लगभग 11:20 बजे प्रार्थी के मामा संदीप जैन ने प्रार्थी को फोन कर बताया कि पुरानी शराब दुकान के पास लाभाण्डी मोड ठाकुर दुकान के आगे सडक के मोड के पास एक व्यक्ति ने मुझे जान से मारने कि नियत से सीने के पास गोली मार दिया है। जिस पर प्रार्थी जाकर देखा तो उसके मामा संदीप जैन घायल थे और उनके सीने से खून बह रहा है वह ठाकुर दुकान के पास पेड का सहारा लेकर खडे थे। प्रार्थी अपने मामा संदीप जैन से पूछा आपको किसने मारा तब संदीप जैन इशारा कर बताया की पुलिस की डॉयल 112 की गाडी में जो व्यक्ति हरा शर्ट पहना हुआ है उसका नाम अमन शर्मा है, जो मुझे जान से मारने की नियत से मेरे सीने पर बन्दूक से गोली चलाकर मारा है। उसने बताया कि वह अपने स्कूटी से जा रहा था तभी अमन शर्मा हाथ दिखाकर उसे रूकवाकर वाद विवाद करते हुए जान से मारने कि नियत से बन्दुक से सीने में गोली मार दिया कि अमन शर्मा को मौके पर पकड़ा गया तथा घायल संदीप जैन को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया, कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में अपराध क्रमांक 788/23 धारा 307 भादवि. 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध पीताम्बर सिंह पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन मनोज ध्रुव, प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी कोतवाली स्वयं तत्काल घटना स्थल पर रवाना होकर घटना का मुआयना करते हुए पीड़ित, प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ किया गया। मौके पर पकड़े गये आरोपी अमन शर्मा से विस्तृत पूछताछ पर उसने बताया कि वह मूलतः जिला सुन्दरगढ़ उडीसा का निवासी है। वह दिनांक 12.12.23 को अपने साथ पिस्टल, देशी कट्टा एवं कारतूस लेकर रायपुर आया तथा अपने मोबाईल फोन के व्हाट्सएप से संदीप जैन के साथ मोबाईल में चैट कर उसे मिलने बोला एवं इसी दौरान आरोपी अमन शर्मा ने संदीप जैन से उसका फोटो एवं निवास का पता प्राप्त करते हुए उसके घर का रेकी किया तथा दिनांक घटना 20.12.2023 को आरोपी अमन शर्मा ने व्हाट्सएप के माध्यम से संदीप जैन को मिलने बुलाया एवं घटना स्थल पास पहुंचकर घटना को अंजाम दिया था। आरोपी अमन शर्मा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 नग पिस्टल, 01 नग देशी कट्टा एवं कारतूस जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। पूछताछ में आरोपी अमन शर्मा ने 02 संदेहियों के संबंध में बताया है, पुलिस द्वारा दोनों संदेहियों को भी हिरासत में लेकर घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रहीं है तथा आरोपी अमन शर्मा का पुलिस रिमाण्ड लिया जा रहा है।

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग वृत्त, रायपुर (छ.ग.)

दिनांक 15.12.2023

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	नि.आ.सू.क्र. दिनांक	सिस्टम आईडी क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत
1.	25/CE/NH/TC/ 44-04/2023 (3rd Call)	2023_MORTH_ 785697_1	One Time Improvement of Kanker City Portion (KM 132.600 to KM 136.000 KM 140.600 to KM 142.800) & Keshkal City/Ghat Portion (KM 162.600 to KM 167.000) on NH-30in the State of Chhattisgarh Under EPC mode.	Rs. 14.42 Crore (i/c GST)

1. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 30.12.2023 सुबह 11.00 बजे तक है।
2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H's) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाऊनलोड की जा सकती है।

जी-06530/4

मुख्य अभियंता,
लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र
रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 12.12.2023

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर पर दिनांक 27.12.2023 तक आमंत्रित की जाती है :-

निविदा आमंत्रण स.क्र.	कार्य का नाम	आमंत्रण	अनुमानित लागत (राशि लाख में)
329 / दुर्ग (दुर्ग)/2023	उपखण्ड नं. 2 दुर्ग अंतर्गत दुर्ग-धमधा-बेमेतरा राज्य मार्ग धमधा गंडई मार्ग के विभिन्न किमी में सड़क चिन्हांकन का कार्य।	तृतीय	48.00
330 / दुर्ग (खैरागढ) / 2023 मार्ग	सी.जी.आर.आई.डी.सी.एल. योजनांतर्गत खैरागढ लॉजी (राज्य मार्ग 22) के कि.मी. 01 से 03, 19 से 25 एवं 33/10 से 37/4 कुल लं. 13.40 कि.मी. एवं सिघौरी ये धोटवानी सरहद तक मार्ग लं. 3.70 कि.मी. में रोड फर्नीचर कार्य	द्वितीय	42.61

टीप
1. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. कमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

जी-06527/4

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष 0788-2210876

कार्यालय कलेक्टर (आबकारी), जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

(Ph. No. 07741-232227, Email id-excise.deokawardha@nic.in)

क्रमांक/आब./ठेका/2023-24/5711 कबीरधाम, दिनांक 14/12/2023

// द्वितीय निविदा सूचना //

जिला-कबीरधाम में वर्ष 2023-24 हेतु संचालित 09 देशी, 09 विदेशी एवं 05 कम्पोजिट मदिरा दुकान इस प्रकार कुल 23 मदिरा दुकानों एवं 03 चेक पोस्ट में लगे सी.सी. टी.व्ही. कैमरा एन.व्ही.आर. एवं उससे सम्बद्ध समस्त उपकरणों की मेंटनेन्स के लिए निर्धारित प्रारूप में मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रस्तुत करने हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप शर्तों एवं जिले की मदिरा दुकानों की सूची निविदा सूचना प्रकाशन के उपरांत दिनांक 03.01.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक कार्यालय जिला प्रबंधक, सी.एस.एम.सी.एल., जिला-कबीरधाम के नाम से 1000/- रू. आवेदन शुल्क (बैंक ड्राफ्ट के द्वारा) जमा किया जाकर प्राप्त किया जा सकता है। मुहरबंद निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 03.01.2024 को दोपहर 02.00 बजे तक नियत है एवं दिनांक 04.01.2024 को शाम 4:00 बजे जिला स्तरीय समिति के समक्ष निविदा को खोली जावेगी।

निविदा की शर्तें एवं जानकारी निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, कलेक्ट्रेरेट परिसर जिला-कबीरधाम (छ.ग.) से प्राप्त की जा सकती है।

जी-06508/3

जिला आबकारी अधिकारी
हेतु कलेक्टर
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग कांकेर वृत्त, कांकेर

आरामशीनों/विनिर्माता/काष्ठ व्यापारी/आयात पंजीयन के नवीनीकरण वर्ष 2024 के लिए पंजीयन हेतु सूचना

सूचना क्रमांक / 3996 दिनांक/15/12/2023

एतत् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कांकेर वृत्त कांकेर के अन्तर्गत आने वाले कांकेर/पूर्व भानुप्रतापपुर/पश्चिम भानुप्रतापपुर/नारायणपुर/केशकाल एवं कोण्डागांव वन मण्डलों के समस्त आरामशीनों / विनिर्माता/काष्ठ व्यापारी/आयात पंजीयन के नवीनीकरण वर्ष 2024 हेतु दिनांक 25.12.2023 तक संबंधित वन मण्डलों में नवीनीकरण फार्म जमा किया जाना प्रस्तावित है।

अतः कैलेण्डर वर्ष 2024 के लिए नीचे दर्शित सारणी अनुसार नवीनीकरण शुल्क की राशि की अदायगी का डिमाण्ड ड्राफ्ट संबंधित वन मण्डलाधिकारी के नाग पर दिनांक 25.12.2023 तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन करते हुए वर्ष 2023 के ''नवीनीकरण अनुज्ञप्ति का छायाप्रति'' के साथ संबंधित वन मण्डल कार्यालय में जमा करें। फार्म एवं अन्य जानकारी हेतु संबंधित वन मण्डलाधिकारी के कार्यालय से कार्यालयीन दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

उक्त निर्धारित तिथि तक आवेदन पत्र प्राप्त न होने की स्थिति में संबंधित आरामशीनों/विनिर्माता/काष्ठ व्यापारी /आयात पंजीयन के विरूद्ध छ.ग. काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 के अन्तर्गत कार्यवाही की जावेगी।

इसके अतिरिक्त निम्नलिखित पंजीयन हेतु नाम के समक्ष दर्शित अनुसार आवेदन पत्र मय वांछित दस्तावेजों के जमा करें, ताकि कैलेण्डर वर्ष 2024 हेतु पंजीयन/नवीनीकरण किया जा सकें।

अ.	पंजीयन हेतु आवेदन	पंजीयन शुल्क	आवेदन शुल्क	कुल शुल्क
01	02	03	04	05
1	आरामशीन अनुज्ञप्ति नवीनीकरण	300.00	1.00	301.00
2	आरा गढ्ढा पंजीयन	30.00	1.00	31.00
3	विनिर्माता, व्यापारी एवं उपभोक्ता	2000.00	1.00	2001.00
4	व्यापारी - (क) भवन निर्माण ठेकेदार	1500.00	1.00	1501.00
	(ख) बढ़ई की दुकान, जो फर्नीचर के निर्माण में संबद्ध है, जिसमें टर्नर आर्टीसन सम्मिलित है,	500.00	1.00	501.00
	(ग) अन्य व्यापारी	2000.00	1.00	2001.00
5	वास्तविक उपभोक्ता	25.00	1.00	26.00
6	आयात पंजीयन	2500.00	1.00	2501.00

जी-06519/4

मुख्य वन संरक्षक,
कांकेर वृत्त, कांकेर

न्यूज गैलरी

अतिक्रमण हटाने की लोगों ने की मांग

भाटापारा/नवप्रदेश। कृषि उपज मंडी जाने वाली मुख्य सड़क के पीछे स्थित घनी आबादी वाले क्षेत्र में लगातार अवैध अतिक्रमण के चलते पैदल चलना मुश्किल हो गया है। क्षेत्र के लोगों ने शहर में चल रहे अभियान के तहत तोड़ू दस्ता के अधिकारियों से उक्त संकुचित सड़क पर हो रहे कब्जा रोकने और तोड़ने की गुहार प्रशासनिक अधिकारियों से लगाई है। नया गंज वार्ड मंडी रोड़ स्थित लोहा बाड़ा के पीछे बस्ती बस गई है। मुख्य रास्ता इंटर प्राइजेज के बाजू से है,उक्त अंदर की सड़क की हालात ऐसे हो गई की गांव की पगडंडी की तरह चल कर लोग आना जाना करने मजबूरहैं। कोरोना के समय भी एंबुलेंस सहित अन्य चिकित्सा सेवा की गाड़ियां तक नही आ पाती थी। इसके कारण मरीजों को घरों से निकाल कर सड़क तक लाना पड़ता था। हाथ रिक्शा भी अब अंदर तक नहीं पहुंच पा रहा है। लोगों ने अधिकारियों से मंडी रोड़ स्थित लोहा बाड़ा, इंटर प्राइजेज के बाजू से जाने वाली सड़क को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की गुहार लगाई है।

25 को ग्राम पंचायतों में सुशासन दिवस

कवर्धा/नवप्रदेश। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर 2023 को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। सुशासन दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जो एक सप्ताह तक चलेगा। सुशासन दिवस में सभी ग्राम पंचायतो में पूर्व से निर्मित अटल चौक में सुबह 10 बजे से कार्यक्रम का आयोजन होगा। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता द्वारा सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाने का निर्देश राज्य शासन से प्राप्त हुआ है। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतो को निर्देश दिए गए हैं और कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है।

स्कूल प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 17 फरवरी को

कवर्धा/नवप्रदेश। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव महराजपुर में कक्षा 6वी (रिक्त सीट अनु.जनजाति 28, अनु.जाति 05 अन्य 02) एवं कक्षा 9वीं (रिक्त सीट अनु.जनजाति 02,अनु.जाति 02) में रिक्त सीट पर सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 17 फरवरी 2024 शनिवार को 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। उक्त परीक्षा के लिए आवेदकों को निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन पत्र 05 फरवरी 2024 तक शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव, महराजपुर में जमा करना होगा। प्रवेश के लिए सत्र 2023-24 के परीक्षा (5वीं/8वीं) में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रा को ही पात्रता होगी। आवेदन का प्रारूप शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव, महराजपुर में उपलब्ध है।

कोचिये से 13 पौवा शराब की बोतल जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। मंगलवार 18 दिसंबर को गाड़ी की डिक्की में शराब ले जाते हुए एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ा। उसके पास से पुलिस ने 13 पौवा शराब जप्त की। मंगलवार 18 दिसंबर को थाना परपोडी में अवैध रूप से अपने गाडी के डिग्गी में शराब रख कर बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी हेमंत देवांगन पिता विष्णु देवांगन उम्र 33 साल साकिन वार्ड नं. 08 परपोडी थाना परपोडी जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। कोचिये से कुल 13 पौवा देशी प्लेन शराब किमती 1040 रूपये व बिक्री रकम 1500 रूपये एवं मोटर सायकल कीमती 15000 रूपये कुल जुमला 17540 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं।

जिला स्तरीय पंथी नृत्य स्पर्धा 23 को

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में 18 दिसम्बर से 25 दिसम्बर के मध्य गुरू घासीदास जंयती सप्ताह के रूप में आयोजित की जायेगी। उक्त कार्यक्रम में जिला स्तर पर पंथी नृत्य का आयोजन किया जायेगा। जिसमे एक टीम का चयन कर राज्य स्तरीय आयोजन में चयनित दल को भाग लेने हेतु अवसर दिया जायेगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरण किया जायेगा। उक्त संबंध में जिले में गरिमामय एवं सादगीपूर्ण तरीके से 23 दिसम्बर 2023 को शास.पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास बलौदाबाजार में कार्यक्रम आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी हेतु संयुक्त जिला कार्यालय कमरा नंबर 86, आदिवासी विकास बलौदाबाजार में 22 दिसम्बर 2023 तक आवेदन जमा कर सकते है।

जयंती में मनखे-मनखे एक समान का संदेश

भटगांव/नवप्रदेश। नगर भटगांव में परम पूज्य घासीदास बाबा की जयंती को सतनाम के संस्थापक परम पूज्य गुरु घासीदास जी की 267 वी जयंती बड़े ही उत्साह,उमंग के साथ मनाया गया । जहाँ सतनाम संदेश यात्रा निकाला गया. इस अवसर पर क्षेत्र भर के सामाजिक कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि अधिवक्ता फिरीत लाल खटकर ,,~मनीराम खुटे ,विकाश कुर्रे ,आयुष खटकर ,रामप्रसाद टंडन, जय कुमार टंडन, नवरंग भैया सहित आमजन भारी संख्या में शामिल हुआ।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी विभाग हितग्राहियों को दिलाएं लाभ

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। डॉ. सिद्दीकी ने बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभागों द्वारा दिए जा रहे सुविधाओं, कार्यों के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी विभाग द्वारा योजना के अंतर्गत जितना लाभ प्रत्येक नागरिक को दिया जा सकता है, वो सब उन्हें प्रदान करें। इसके लिए किसी गांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के पूर्व आवश्यक तैयारियां जैसे किसी योजना का प्रारंभिक कार्य आवेदन भरना या टीबी, कुष्ठ, फाइलेरिया, एनीमिया बीमारियों का प्रारंभिक परीक्षण आदि को पूर्ण कर सकते हैं और उस गांव के यात्रा दिवस में हितग्राही को सुविधा, दवा, इलाज, आयुष्मान कार्ड निर्माण, आधार नया कार्ड और आधार अपडेशन आदि प्रदान करें। बैठक में नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने यात्रा में उज्ज्वला योजना और हर घर जल योजना के हितग्राहियों को शामिल होने तथा महिला स्वसहायता समूह द्वारा धरती कहे पुकार के कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए कहा। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से स्कूली बच्चों के वार्षिक परीक्षा तैयारी के संबंध में जानकारी ली और रणनीति तैयार कर क्रियान्वयन करने के लिए सभी बीईओ को निर्देशित किया। इसी प्रकार धान खरीदी प्रगति के संबंध में खाद्य, विपणन, सहकारिता, अपेक्स बैंक आदि के अधिकारियों से जानकारी ली। डॉ. सिद्दीकी ने अधिकारियों से पीएम विश्वकर्मा योजना के संबंध में जानकारी ली और जिले के सभी नगरपालिका अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर पूरा करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को कहा कि जिले में राजस्व कार्य-सीमांकन, बटांकन, नामांतरण आदि निरंतर करते रहें।

बुदबुदा के विकसित भारत संकल्प यात्रा की तारीफ

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। भारत सरकार से नियुक्त स्वास्थ्य नोडल अधिकारी डॉ मनोज मुखीयार ने ग्राम बुदबुदा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। सभी विभाग द्वारा हितग्राहियों और नागरिकों को दिए जा रहे इस शिविर व्यवस्था कार्यक्रम का अवलोकन कर डॉ मुखियार ने प्रसन्नता व्यक्त किया। तारीफ में उन्होंने कहा कि अभी तक का विकसित भारत संकल्प यात्रा में सबसे अच्छा कैम्प मैनेजमेंट है। उन्होंने फोटोग्राफ्स वीडियो को भारत सरकार को रिपोर्टिंग भेजने की बात कही। जिले के ग्राम बुदबुदा, लिप्ती, कुम्हारी और पाट में वीबीएसवाय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संकल्प यात्रा पहुंची कंतेली और ओटेबंद

बेमेतरा/नवप्रदेश। दो- दो ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जहां ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दे रहे हैं। आज जनपद पंचायत के कंतेली एवं ओटेबंद पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वैन का स्वागत ग्राम पंचायत एवं शासकीय अमले ने किया। वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया एवं चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर माल्यार्पण व उनके समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कंतेली में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा मे कलेक्टर पीएस एल्मा व सीईओ जनपद पंचायत बेमेतरा पीएल ध्रुव, ग्राम पंचायत सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य, जनप्रतिनिधि मिथलेश वर्मा व विभाग के अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुये।

यदुनंदन नगर कालोनी कचरे की ढेर में तब्दील

बिलासपुर। जिले में स्थित नगर पालिक तिफरा से जुड़े यदुनंदन नगर कालोनी में इन दिनों साफ सफाई व्यवस्था चौपट होती दिख रही हैं। आलम यह है की कालोनी की मुख्य सड़क पर दिन भर धूल और डिस्पोजल के ढेर यहां वहा देखने को मिल रहा हैं। आपकों बता दे कि इस कालोनी में निवासित लोगो का कहना हैं कि इस कालोनी की सफाई व्यवस्था अब सिर्फ राम भरोसे रह गईं हैं, कॉलोनी में झाडू भी यदा कदा ही लगती है। कालोनी की लगभग हर गलियों में कूड़े कचरे का ढेर प्रायः देखने को मिल रहा हैं जिसकी वजह से कालोनी वाशियो की सेहत पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा हैं। शासन द्वारा सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का अक्सर निर्देश दिया जाता रहा हैं, इसके बाद भी गहरी नीद में सोए नगर पालिक तिफरा के जिमेदार अधिकारी इस विषय पर सुध नहीं ले रहे हैं। आपकों बता दे कि यदुनंदन नगर कॉलोनी की मुख्य सड़क लगभग जर्जर हो चुकी है ,और यहां वहा जल भराव भी देखने को मिलता रहता हैं जो कॉलोनी वाशियो के लिए मुश्किलों का सबब बन रहा हैं । इस कड़ी में आपकों बता दे कि नगर पालिक तिफरा द्वारा मूलभूत सुविधाओं जैसे मच्छर दवाइयों का छिड़काव, नालियों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव जैसी जरूरी कार्यों में भी रुचि नहीं ली जा रही हैं,जो नगर पालिक तिफरा के उदासीन कार्य शैली की ओर इशारा करता हैं। यदि समय रहते इन समस्याओं पर विचार नही किया तो कॉलोनी में निवासित लोगो में उनकी सेहत पर इसका बुरा प्रभाव पड़ सकता हैं,जो बेहद निंदनीय होगा।

नेशनल स्पर्धा के लिए दुगली स्कूल के 5 छात्र चयनित

नगरी/नवप्रदेश। शहीद निर्मल कुमार नेताम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुगली के पांच विद्यार्थी का स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित होने वाली 67 वी.स्क्वैश स्कूल नेशनल गेम्स के विभिन्न वर्ग में हुआ है, जिसमें से बालिका अंडर 19 वर्ग कु. मनीषा मंडावी ,कु. संजीला मरकाम, कु. दामिनी नेताम तथा बालक अंडर 19 वर्ग में ललेश्वर मरकाम व भोजराज का चयन हुआ। ये सभी खिलाड़ी स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 10 जनवरी से 13 जनवरी 2024 को महाराष्ट्र के पुणे शहर आयोजित होने वाली 67वी स्कूल नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के इस उपलब्धि के लिए प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार ग्वाल, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनूप वट्टी,वरिष्ठ शिक्षक मोहन कुमार चौरसिया, नगरी ब्लॉक के शिक्षक संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार कौशल, राजेंद्र कुमार नेताम, गिरधर नाग, दुष्यंत कुमार नेताम, पवन कुमार साहू, शिक्षिका श्रीमती भावना सोरी, श्रीमती रूपा यादव , सुश्री वर्षा रंगारी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा उज्जवल भविष्य की कामना की. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुगली के व्यायाम शिक्षक केशव कुमार जलक्षत्री ने बताया है कि ऐसा पहला अवसर होगा जब स्क्वैश जैसे खेल में नगरी वनांचल के खिलाड़ी छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे।

पीएम विश्वकर्मा योजना से शिल्पकारों और कारीगरों को किया जाएगा लाभान्वित

कवर्धा/नवप्रदेश। भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय, द्वारा 17 सितंबर 2023 से पीएम विश्वकर्मा योजना प्रारंभ की किया गया है। योजना अंतर्गत कुल 18 प्रकार के कार्य करने वाले व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाएगा। जिसमें बढ़ई, नाव बनाने वाला, अस्त्रकार, लोहार, लोहे के औजार निर्माता, ताला साज, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, चर्मकार, राज मिस्त्री, टोकरी चटाई झाड़ू बनाने वाले, खिलौने बनाने वाले, नाई, धोबी, दर्जी, मछली जाल का निर्माण का कार्य करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों की विश्वकर्मा के रूप में पंजीयन कर, दो लाख रूपये तक रियायती ब्याज दर 5 प्रतिशत पर ऋण सहायता दी जाएगी। साथ ही राशि 15 हजार रूपए का टूलकिट प्रोत्साहन एवं डिजिटल लेनदेन प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।

राजस्व संग्रह पर जिला प्रशासन का जोर

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर चंदन कुमार के नेतृत्व में राजस्व अधिकारियों द्वारा लगातार राजस्व संग्रह पर जोर दिया जा रहा है। जिसमें लंबित डायवर्सन शुल्क शासन के पक्ष में जमा कराने के लिए संबधित व्यक्तियों एवं संस्थानों को प्रेरित किया जा रहा है। इस तारतम्य में सिमगा अनुविभाग अंतर्गत दो संस्थानों द्वारा 15 वर्षो के लिए 76 लाख 28 हजार 110 रूपये डायवर्सन भू-भाटक शुल्क जमा कराया गया है। जिसमे अल्ट्राटेक हिरमी द्वारा 64 लाख 89 हजार 10 रूपये एवं अर्थस्टील द्वारा 11 लाख 39 हजार 100 रूपये शामिल है। इसी तरह अब तक जिले में 15 दिनों में ही अब तक 1 करोड़ 31 लाख 73 हजार रूपये डायवर्सन शुल्क जमा कराएं जा चुके है। जिसमें अनुविभाग बलौदबाजार द्वारा 34 लाख रूपये,भाटापारा 12 लाख रूपये, सिमगा 85 लाख रूपये एवं कसडोल द्वारा 73 हजार रुपए शामिल है।

लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं आशीष शास्त्री

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिले में एक से बढ़कर एक महान विभूतियों ने जन्म लिया है। उन्हीं में से एक है आशीष कृष्ण शास्त्री, जिन्होंने ज्योतिष शास्त्र की बारीकियों का गहन अध्ययन किया हैं। उन्हें फेस रीडिंग में भी महारत हासिल हैं। दूर-दूर से काफी सारे लोग कैरियर स्वास्थ्य और जीवन के विभिन्न पहलुओं के बारे में सलाह लेने आते हैं, उनकी सलाह से हजारों लोगों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आया है। वे कहते है कि ज्योतिष को लेकर लोगों में तरह-तरह की भ्रांतियां हैं। ज्योतिष वास्तव में वैदिक युग का एक उन्नत विज्ञान हैं। आइए जानते हैं इंजीनियर आशीष शर्मा से लेकर आशीष कृष्ण शास्त्री तक के सफर के बारे में। मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि घर मे ही पूजा-पाठ और साधना का माहौल बचपन से रहा है। पिताजी पंडित आचार्य कमलेश शर्मा क्षेत्र के ख्यातिलब्ध ज्योतिषचार्य हैं। प्रारंभिक शिक्षा राजनांदगांव में हुई, फिर सिविल इंजीनियर की पढ़ाई भिलाई से कम्प्लीट की, चूंकि बचपन से ही ग्रह नक्षत्र की बातों में मुझे बेहद रुचि थी। इसीलिए मैंने महर्षि कालेज ऑफ वेदिक एस्ट्रोलॉजी उदयपुर से आचार्य की उपाधि ली है। ज्योतिष पर शोधपरक लेख के लिए अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष वास्तु सम्मेलन में गोल्डन अचीवमेंट अवार्ड एवं ज्योतिष मार्त्तण्ड की मानद उपाधि प्रदान की गई। ज्योतिष वाचस्पति की मानद उपाधि और गोल्ड मेडल भी प्राप्त हुई है। आशीष कृष्ण शास्त्री तमाम बाधाओं से आगे बढ़कर आज एक कुशल ज्योतिषी बनकर लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। फेस रीडिंग और मन को पढ़ने की कला में माहिर हैं, उनका मानना है कि हर चीज की एक वैज्ञानिक विधि है। साथ ही श्रीमद्भागवत महापुराण और शिवपुराण कथा करते है, जिसमें श्रोताओं को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति होती हैं।

विधायक सम्मान समारोह में शामिल होने डिप्टी सीएम को न्यौता

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले में 24 दिसंबर को पुरानी मंडी धमतरी में आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन व नव निर्वाचित विधायक सम्मान समारोह में आमंत्रित करने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात की। इस दौरान समाज के पदाधिकारी गण मौजूद थे।

सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाएं

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा ने समय - सीमा की समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने शासन द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण अभियान विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में बताया कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से अधिकारी कर्मचारी जन - जन तक शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार - प्रसार और पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने का कार्य करें।

स्वसहायता समूह की महिलाओं ने की शौचालय की ग्रेडिंग

बेमेतरा/नवप्रदेश। राज्य के समस्त नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत विश्व शौचालय दिवस मनाया जा रहा है। जिसके परिपालन में नगर पंचायत बेरला में 17 नवंबर से 25 दिसंबर 2023 तक स्वच्छ शौचालय अभियान प्रारम्भ किया गया हैं। अभियान का यह अंतिम सप्ताह हैं जिसमें निकाय क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति को जानने डे-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एन.यू.एल.एम) द्वारा गठित सन्तोषी महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों जिसमें श्रीमती पुष्पा तुर्काने, श्रीमती सुधा सिवारे, श्रीमती चित्ररेखा सिवारे एवं श्रीमती धनेश्वरी तुर्काने के द्वारा वार्ड क्र. 3 खरगा तालाब, वार्ड क्र. 9 शीतला तालाब एवं वार्ड क्र. 12 बस स्टैंड के पास स्थित सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों में जाकर शासन द्वारा जारी चेक लिस्ट में शामिल मानकों के अनुरूप अंक प्रदान कर ग्रेडिंग किया गया।

राष्ट्रपति मुर्मु से डीएवी की संस्कृत टीचर पुरस्कृत

राष्ट्रपति अवार्ड मिलना गर्व की बात : प्राचार्य जायसवाल

बेमेतरा/नवप्रदेश। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता की संस्कृत टीचर एवं राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लाल बहादुर शास्त्री नई दिल्ली की एमएड की टॉपर छात्रा रही सुमित्रा पटेल को नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपति मुर्मू ने दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल, सर्टिफिकेट तथा नगद राशि 40 हजार रुपए से सम्मानित किया।

सुमित्रा पटेल के परिवार वाले भी दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस उपलब्धि के लिए राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने सुमित्रा पटेल को बधाई व शुभकामना देते हुए कहा कि आप सच में भारत की बेटी हैं व बेटियों को सम्मानित करते हुए मुझें भी बड़ी गर्व होती हैं। बेटियां आधुनिक भारत की भविष्य हो, आपके उज्ज्वल भविष्य मंगलमय हो, सपनो के भारत में आत्मनिर्भर बनते देख रही हूँ। बेटियाँ के सहयोग से 2047 तक एक विकसित राष्ट्र सुनिश्चित करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सुमित्रा पटेल को शुभकामनाएं दी। दिए। छत्तीसगढ़ डीएवी संस्थान के प्रमुख व डिप्टी रीजनल ऑफिसर प्रशांत कुमार व सहायक क्षेत्रीय अधिकारी प्रक्षेप डीके डॉ बीपी साहू ने भी शिक्षिका को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी है। डीएवी जांता के संस्था प्रमुख पीएल जायसवाल ने बताया कि हमारे विद्यालय की शिक्षिका सुश्री सुमित्रा पटेल को उनकी उपलब्धि हेतु राष्ट्रपति पुरस्कार मिला हैं, यह निश्चित ही गर्व का विषय हैं। हमारे विद्यालय के लिए भी यह एक उपलब्धि हैं। शिक्षिका पटेल के बारे में बताते हुए श्री जायसवाल ने बताया कि कॉफी मेहनती व लग्नशील शिक्षिका हैं।

कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

गरियाबंद/नवप्रदेश। संयुक्त जिला कार्यालय में मंगलवार को जन चौपाल का आयोजन किया गया। कलेक्टर जनचौपाल में कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिले के दूर दराज से आये नागरिकों, ग्रामीणजनों की मांग, समस्याओं एवं शिकायतों को सुनकर आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। जनचौपाल में आये सभी नागरिकों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। इस पर उन्होंने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को यथाशीघ्र आवेदकों के समस्याओं के निराकरण के संबंध मे आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनचौपाल में ग्राम पसौद के मुकुंद साहू ने सीसी रोड निर्माण हेतु, ग्राम पारागांव की सपना ठाकुर ने पीएम आवास हेतु, ग्राम परसदाजोशी की सरस्वती स्वर्णिम महिला स्व सहायता समूह ने प्राथमिक शाला परसदाजोशी में मध्यान्ह भोजन संचालन करने, ग्राम खुर्शीपार के सरपंच ने शिक्षक व्यवस्था, ग्राम परतेवा की पुनियाबाई वर्मा ने धान बिक्री हेतु, ग्राम नागझर के समारू राम और रामजी साहू ने पशु शेड दिलाने आदि शामिल है।

सामुदायिक सार्वजनिक शौचालय की ग्रेडिंग

साजा/नवप्रदेश। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के समस्त नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत विश्व शौचालय दिवस मनाया जा रहा है। जिसके परिपालन में नगर पंचायत बेरला में 17 नवंबर से 25 दिसंबर 2023 तक स्वच्छ शौचालय अभियान प्रारम्भ किया गया हैं। अभियान का यह अंतिम सप्ताह हैं जिसमें निकाय क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति को जानने डे-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एन.यू.एल.एम) द्वारा गठित राधा रानी स्व सहायता समूह के सदस्यों जिसमें जिसमे प्रत्येक दल में 03 महिलाओं द्वारा एवं निकाय के निरीक्षणकर्ता सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों में जाकर शासन द्वारा जारी चेक लिस्ट में शामिल मानकों के अनुरूप अंक प्रदान कर ग्रेडिंग किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि विभाग द्वारा वर्चुअल प्रशिक्षण स्व सहायता समूह की सदस्यों को दिया गया था। शौचालय की ग्रेडिंग हेतु प्राप्त चेकलिस्ट में मुख्य रूप से प्रथम बिंदु में उपयोगिता जिसमें पर्याप्त हवादार एवं प्रकाश युक्त शौचालय, समस्त सीट में पानी की उपलब्धता, समस्त सीट हेतु कुंडी/सिटकिनी की व्यवस्था, पानी एवं साबून के साथ वाशबेसिन की व्यवस्था द्वितीय बिंदु में पहुंच योग्य जिसमें महिला एवं पुरुष हेतु अलग-अलग प्रवेश द्वार, दिव्यांगजन हेतु शौचालय में उपलब्ध सुविधाएं, शौचालय को खोजने एवं पहुंच हेतु सुविधाएं तृतीय बिंदु में सफ़ाई जिसमें शौचालय की सभी सीट साफ़ सुथरी, शौचालय में डस्टबिन की उपलब्धता, शौचालय में किसी भी प्रकार का रिसाव/लीकेज नहीं चतुर्थ बिंदु में पर्यावरण अनुकूल जिसमें शौचालय हेतु सेप्टिक टैंक/सीवर की व्यवस्था, सैनिटरी पैड कलेक्शन एवं निपटान की व्यवस्था आदि।

रोहित शर्मा के टी- 20 क्रिकेट के आंकड़ों से खुश नहीं हैं संजय

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 की तैयारी मुंबई इंडियंस ने अलग अंदाज में की। पहले उन्होंने हार्दिक पांड्या को गुजरात टाइटन्स से लिया और फिर उन्हें कप्तान भी नियुक्त कर दिया। वहीं, पांच बार खिताब जिता चुके रोहित शर्मा को उन्होंने एकाएक कप्तानी से हटा दिया। वे सिर्फएक बल्लेबाज के तौर पर आईपीएल में खेलेंगे। हालांकि, मैनेजमेंट ने कहा है कि रोहित शर्मा टीम में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। हालांकि, टीम के फैसले से लाखों फैंस और तमाम पूर्व क्रिकेटर और क्रिकेट एक्सपर्ट नाखुश हैं और उन्होंने इसकी आलोचना भी की, लेकिन पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का कुछ और ही कहना है।

ऐसा भी नहीं है कि हार्दिक पांड्या नए नवेले कप्तान हैं, उन्होंने दो साल गुजरात टाइटन्स की कप्तानी की है। गुजरात को एक सीजन में उन्होंने चैंपियन बनाया था और दूसरे सीजन में टीम फाइनल में पहुंची थी और आखिरी गेंद पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबला हार गई थी। कप्तान के तौर पर और एक बल्लेबाज के तौर पर भी पिछले कुछ साल रोहित शर्मा के लिए आईपीएल में अच्छे नहीं रहे। यहां तक कि आखिरी बार 2019 में उन्होंने 400 रनों का मार्क क्रॉस किया था। इसके बाद से वे 332, 381, 268 और 332 रन ही अगले टूर्नामेंट्स में बना सके हैं। इसी को मांजरेकर ने उठाया।

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच जारी वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले के दौरान संजय मांजरेकर ने हॉटस्टार पर कमेंट्री के दौरान कहा, ईशान किशन को जब से एमआई ने मोटी रकम में खरीदा है, उससे पहले भी वे उसी तरह की फॉर्म में थे। टिम डेविड अभी भी किरोन पोलार्ड की जगह भरने की कोशिश कर रहे हैं। फॉर्म के मामले में एक खिलाड़ी जिस पर आप भरोसा कर सकते हैं, जिस खिलाड़ी से आप अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर सकते हैं, वह सूर्यकुमार यादव हैं। मेरे लिए, एक बल्लेबाज के रूप में रोहित शर्मा, टी20 क्रिकेट में एक प्रश्नचिह्न हैं। जिस तरह से उन्होंने पचास ओवर के विश्व कप में खेला, उससे उम्मीद जगी है, लेकिन यह पूरी तरह से अलग प्रारूप है, जब आप जानते हैं कि आपके पास पचास ओवर हैं। वे उसी अंदाज में बल्लेबाजी करते हैं। गेंदबाज भी 50 ओवरों में अलग तरह से गेंदबाजी करते हैं।

महिला फैन ने मांगी हैट, मजेदार अंदाज में बाबर ने ठुकराई मांग

नई दिल्ली। तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम इन दिनों ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर है। पाकिस्तान सीरीज में 0-1 से पीछे है। सीरीज का पहला मैच पाकिस्तान ने पर्थ में खेला था, जहां टीम को 360 रनों से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था। सीरीज का दूसरा मैच 14 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाना है। आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच पाई थी, जिसके बाद बाबर आजम ने स्वदेश लौटने के बाद कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। पाकिस्तान नए टेस्ट कप्तान शान मसूद की अगुवाई में यह टेस्ट सीरीज खेलने उतरा है। बाबर आमज की फैन फॉलोइंग ऑस्ट्रेलिया में भी कम नहीं है और इसका नजारा पाकिस्तान के प्रैक्टिस सेशन के दौरान भी देखने को मिल जाता है। बाबर की एक झलक के लिए फैन्स परेशान नजर आते हैं और बाबर भी अपने फैन्स को ऑटोग्राफ देने से पीछे नहीं हटते हैं।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक महिला क्रिकेट फैन ने बाबर आजम से उनकी हैट मांगी, बाबर ने जिस अंदाज में इस महिला क्रिकेट फैन की मांग ठुकराई वह देखने लायक था। फैन ने बाबर से कहा, 'भाई मुझे ना आपकी हैट चाहिए।' बाबर ने जवाब में कहा, 'मेरे पास भी एक ही है' और इतना बोलकर वह मुस्कुराने लगे।

बाबर आजम के लिए अभी तक यह ऑस्ट्रेलिया दौरा कुछ खास नहीं रहा है। पर्थ टेस्ट में बाबर पहली पारी में 21 और दूसरी पारी में महज 14 रन बनाकर आउट हो गए थे। ऐसा माना जा रहा था कि कप्तानी का दबाव हटने के बाद बाबर आजम की बैटिंग में और ज्यादा सुधार नजर आएगा, लेकिन फिलहाल ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला है। बाबर ने पाकिस्तान की ओर से कुल 50 टेस्ट मैचों की 90 पारियों में 47 की औसत से

1.5 करोड़ में आरसीबी को बिके टॉम करन भिड़े अंपायर से

लगा चार बीबीएल मैचों का बैन

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग (बीबीएल) में सिडनी सिक्सर्स के लिए खेल रहे टॉम करन पर चार मैचों का बैन लग गया है। टॉम को अंपायर से बदसलूकी करने का आरोपी पाया गया, जिसके चलते उन पर चार बीबीएल मैचों का बैन लगाया गया है। सिडनी सिक्सर्स हालांकि इस फैसले के खिलाफअपील कर रहा है। जिस घटना के लिए टॉम करन पर यह बैन लगा है, वह 11 दिसंबर की है। सिडनी सिक्सर्स और होबार्ट हरिकेन्स के बीच मैच खेला जाना था, जिससे पहले टॉम करन प्रि मैच प्रैक्टिस के दौरान पिच पर रन-अप ले रहे थे, ऐसा करने से उन्हें अंपायर ने रोका।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बयान में कहा, 'अंपायर स्टंप के बगल में खड़े हो गए, और टॉम करन को पिच पर रन-अप लेने से मना करते हुए पिच से हटने का इशारा किया। क्लिप में देखा गया कि टॉम करन ने अंपायर को पिच से हटने के लिए कहा, इसके बाद करन को तेजी से रन-अप लेकर अंपायर की तरफदौड़ते हुए देखा गया। दोनों के बीच भिड़ंत से बचने के लिए इसके बाद अंपायर अपनी जगह से हट गए।' टॉम करन को इस पूरी घटना के लिए चार मैचों के लिए बैन किया गया है।

बीबीएल में सिडनी सिक्सर्स के लिहाज से ये चारों मैच काफी अहम हैं। एडिलेड स्ट्राइकर्स, मेलबर्न स्टार्स, सिडनी थंडर और ब्रिसबेन हीट के खिलाफ टॉम करन सिडनी सिक्सर्स की ओर से नहीं खेल पाएंगे। सिडनी सिक्सर्स का इस फैसले को चुनौती देने के लिए तैयार है। सिडनी सिक्सर्स का मानना है कि टॉम करन ना ही मैच ऑफिशियल से भिड़ना चाहते थे और ना ही यह सबकुछ उन्होंने जानबूझकर किया है। टॉम करन ने बीबीएल में अभी तक दो मैचों में तीन विकेट चटकाए हैं। टॉम को आईपीएल 2024 में आरसीबी के लिए खेलना है।

स्टार्क और पैट कमिंस की आईपीएल बोली पर भड़के आकाश चोपड़ा

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी मंगलवार (19 दिसंबर) को दुबई में हुआ। इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क पर फ्रेंचाइजीज ने जमकर पैसा लुटाया। दोनों ने मिलकर 45.25 करोड़ रुपये कमा लिए. इस नीलामी को देखकर कई दिग्गज खिलाड़ी भी हैरान रह गए।

भारतीय खिलाड़ियों पर ज्यादा पैसे खर्च होने चाहिए

अपनी बात रखते हुए आकाश चोपड़ा ने कहा कि उनके हिसाब से आईपीएल भारतीय टूर्नामेंट है, ऐसे में इस नीलामी में भारतीय खिलाड़ियों पर ज्यादा पैसे खर्च होने चाहिए. आकाश ने कहा, 'अगर वो नहीं हो रहा है, तो कहीं तो गलती है. अब उसको कैसे सुलझाएं तो उसका तरीका ये है कि ओवरसीज पर्स बना दें. मान लीजिए 200 करोड़ का पर्स है, तो इसमें से 125 या 150 करोड़ रुपये भारतीय खिलाड़ियों के लिए रखें. बाकी 8 विदेशी खिलाड़ी खरीदने हैं उसे आपको 70 करोड़ में खरीदने है.'

इनमें से एक पूर्व भारतीय दिग्गज आकाश चोपड़ा भी है, जिन्होंने इन दोनों बड़ी नीलामी पर आपत्ति जताई है. उन्होंने कहा कि अगर इन्हें इतने पैसे मिले हैं, तो फिर विराट कोहली 42 करोड़ और जसप्रीत बुमराह तो 41 करोड़ रुपये में बिकने चाहिए.

आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'इस समय टी20 का नंबर-1 बॉलर कौन है? इस समय दुनिया का नंबर-1 बॉलर कौन है? उसका नाम है जसप्रीत बुमराह. बुमराह को मिलते हैं 12 करोड़ और मिचेल स्टार्क को मिलते हैं 25 करोड़. ये बहुत गलत है यार. मैं चाहता हूं कि सबको ज्यादा से ज्यादा पैसे मिलें, लेकिन ये बात भी तो सही नहीं है ना. क्योंकि यह इंडियन प्रीमियर लीग है. अब सप्लाई डिमांड की कहानी हुई तो एक को इतने पैसे और दूसरे को इतने कम.'

आकाश ने कहा, 'लॉयल्टी इज रॉयल्टी. अगर बुमराह मुंबई इंडियंस को कहे कि मुझे छोड़ दीजिए और मैं जाता हूं ऑक्शन में. या फिर यही बात कोहली कह दें RCB को. फिर इनके प्राइस तो क्या 35 करोड़ में खरीदोगे ना. ऐसा ही होना चाहिए.

बिजनेस

हर शेयर पर 3 बोनस शेयर दे रही कंपनी, रिकॉर्ड डेट का हो गया ऐलान

नई दिल्ली। लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशन उपलब्ध कराने वाली कंपनी ऑलकार्गो लॉजिस्टिक्स अपने निवेशकों को बड़ा तोहफा देने जा रही है। कंपनी ने अपने इनवेस्टर्स को 3:1 के रेशियो में बोनस शेयर देने का ऐलान पिछले दिनों किया है। यानी, कंपनी हर शेयर पर 3 बोनस शेयर देगी। ऑलकार्गो लॉजिस्टिक्स के शेयरों में गुरुवार को जबरदस्त तेजी आई है। कंपनी के शेयर 4 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी के साथ 286.90 रुपये पर पहुंच गए हैं।

एयरटेल बिजनेस ने 20 मिलियन स्मार्ट मीटर्स को पावर-अप करने के लिये इंटेलिस्मार्ट के साथ साझेदारी की

गुरुग्राम। भारती एयरटेल (एयरटेल), भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक है, ने आज इंटेलिस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी किए जाने की घोषणा की है। इंटेलिस्मार्ट एक अग्रणी स्मार्ट मीटरिंग एवं डिजिटल समाधान प्रदाता है और इस साझेदारी के तहत 20 मिलियन स्मार्ट मीटर्स को पावर-अप किया जाएगा। यह साझेदारी हाई एंड ऐनालिटिकेशंस, जैसे कि क्लाउड और एनालिटिक्स के साथ एडवांस मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और मीटर डेटा मैनेजमेंट सिस्टम्स में एयरटेल का प्रवेश भी दिखाती है। यह देश में स्मार्ट मीटरिंग के क्षेत्र में इस तरह कीसबसे बड़ी डील है। यह विभिन्न सेक्टर्स में एयरटेल के तेजी से बढ़ रहे आईओटी डिप्लॉयमेंट के लिये महत्वपूर्ण योगदान देगी।

एयरटेल के आईओटी प्रस्ताव में इसके स्वामित्व वाला प्लेटफॉर्म 'एयरटेल आईओटी हब' शामिल है। यह स्मार्ट मीटर्स की एडवांस्ड एनालिटिक्स से ट्रैकिंग और निगरानी में कंपनी की मदद करेगा। यह टेल्को ग्रेड सिक्योरिटी से समृद्ध बेहद उच्च विश्वसनीयता भी बनाकर रखेगा। आईओटी हब एयरटेल के अपने क्लाउड नेटवर्क पर है। इससे एंटरप्राइज यूजर्स को काफी सुरक्षित एवं शानदार तरीके से अरबों उपकरणों तथा प्रयोगों से जुड़ने और उन्हें प्रबंधित करने की क्षमता मिलेगी।

अमेजन फ्रेश के विंटर स्टोर के साथ सर्दी के मौसम का आनंद लिजीए और कीजिए खाने पीने के सामानों की खरीदारी

बिलासपुर। सर्दी का मौसम जैसे जैसे करीब आ रहा है, अपने किचन में किराने से जुड़े जरूरी सामानों को जमा करना हर किसी की प्राथमिकता बन जाती है। अमेजन फ्रेश इन्हीं जरूरतों को पूरा करने का एक सुविधाजनक तरीका पेश करता है। अब आप अपने घर में सुकून के साथ बैठकर अमेजन फ्रेश के विंटर स्टोर विंटर स्टोर से अपने सभी किराने के सामानों की खरीद कर सकते हैं। विंटर स्टोर में आप पौष्टिक भोजन तैयार करने के लिए हॉट चॉकलेट, सूप, ग्रेनोला बार के साथ ताजे फल और सब्जियां जैसे स्ट्रॉबेरी, स्वीट कॉर्न और कद्दू जैसे मौसमी उत्पाद भी खरीद सकते हैं। ग्राहक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर एक ही स्थान पर सुविधाजनक डिलीवरी विकल्पों के साथ निविया, वैसलीन, डेल मोंटे, एरियल, आईटीसी और सफोला जैसे लोकप्रिय ब्रांडों के कई शानदार ऑफर्स के साथ खरीदारी कर सकते हैं।

ओला एस वन एक्स प्लस अब 20,000 रुपये के फ्लैट डिस्काउंट पर उपलब्ध

रायपुर/नवप्रदेश। भारत की सबसे बड़ी ईवी कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने #EndICEAge मिशन में तेजी लाने के लिए अपने दिसंबर टू रिमेंबर अभियान की घोषणा की। इस अभियान में एकदम नया एस1 एक्स प्लस अब 20,000 रुपये के फ्लैट डिस्काउंट के साथ मिल सकेगा, जिसका मतलब एस वन एक्स प्लस की कीमत अब घटकर केवल 89,999 रुपये हो गई है। इस वजह से एस वन एक्स प्लस सबसे सस्ते 2 व्हीलर ईवी स्कूटर्स में से एक बन गया है, जिसे अपनाना सबके लिए आसान हो गया है। देश भर में एस वन एक्स प्लस की डिलीवरी शुरू हो चुकी है और यह स्कूटर काफ़ी ज़्यादा माँग में है। एस वन एक्स प्लस किफायती दाम पर सबसे अच्छा प्रदर्शन, उन्नत तकनीकी सुविधाएँ और बेहतर सवारी गुणवत्ता देता है। यह 3kWh बैटरी के साथ आता है और 151 किमी की प्रमाणित रेंज देता है। साथ ही 6kW मोटर से चलने वाला एस1 एक्स+ 3.3 सेकंड में 0 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेता है और इसकी टॉप स्पीड 90 किमी प्रति घंटे है।

फुल इमोशन से भरपूर है शाहरुख-तापसी की डंकी, देखकर नहीं रोक सकेंगे आंसू

नई दिल्ली। फिल्म की कहानी की बात करें तो 50 साल की मनु रंधावा(तापसी पन्नू) को अपने घर की बहुत याद आती है और वह अब भारत वापस जाना चाहती है अपने दो दोस्त बुग्गु(विक्रम कोच्चर) और बल्ली(अनिल ग्रोवर) के साथ, लेकिन उन्हें वीजा नहीं मिलता है। जब मनु के पास कोई ऑप्शन नहीं बचता तो वह अपने दोस्त हार्डी (शाहरुख खान) को कॉल करती है जो पंजाब में हैं। मनु को उम्मीद होती है कि हार्डी ही अब उनकी मदद कर सकता है। इसके बाद दिखाई जाती है कहानी कि आखिर कैसे वे विदेश पहुंचे।

रिव्यू: डंकी फुल इमोशन से भरी है। फिल्म में आपको बहुत फ्लैशबैक दिखाई देंगे जो कहानी के हिसाब से महत्वपूर्ण है। हिरानी ने इस फिल्म के जरिए 5 साल बाद डायरेक्शन में वापसी की है। उन्होंने फिल्म को एक पूरा पैकेज बनाने की कोशिश की है जिसमें प्यार, दिल टूटना, आंसू, आशाएं और दिल छू लेने वाला म्यूजिक है। डंकी के जरिए एक अहम मुद्दे पर डिस्कस किया गया है कि क्यों गरीब और जो इंग्लिश नहीं जानते हैं उन भारतीय को कोई देशों में वीजा क्यों नहीं मिलता है। फिल्म के कई ऐसे हिस्से हैं जहां आप समझ पाएंगे कि कैसे विदेश में पैसा कमाने और अपने फ्यूचर को बेहतर बनाने के लिए लोग कितने रिस्क लेते हैं जो आपकी भी आंखों में आंसू ला देंगे।

फिल्म की स्क्रिप्टअभिजात जोशी, कनिका ढिल्लों और हिरानी ने लिखी है जो काफी अच्छी है, लेकिन इसे स्क्रीन पर और अच्छे से दिखाया जा सकता था। इसमें आपको हिरानी का बेस्ट तो नहीं दिखेगा, लेकिन कह सकते हैं कि आपको फिल्म जोड़े रखेगी। फिल्म का फर्स्ट हाफ स्लो है, लेकिन सेकेंड हाफ से आपको मजा आने लगेगा। फिल्म में कई ऐसे अहम चीजों को ह्यूमर के साथ दिखाने की कोशिश की है जैसे आईलेट्स के एग्जाम की तैयारी, इंग्लिश टीचर(बोमन ईरानी) कैसे सभी को ट्रेन करते हैं और सुखी को कैसे इंग्लिश पढ़ने और समझने में दिक्कत होती है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग)
द्वितीय बार निविदा सूचना क्रमांक-87

क्रमांक 3853 /व.ले.लि./ग्रा.यां. सेवा/2023-24 राजनांदगांव, दिनांक 15.12.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन मैनुवल निविदा दिनांक 25.12.2023 तक आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख रूपये में)
प्रथम तल पर हॉल निर्माण कार्य सह 02 दुकान निर्माण कार्य रेड कॉस राजनांदगांव विकासखंड राजनांदगांव	19.24
सामुदायिक भवन निर्माण कार्य बदराटोला विकासखंड छुरिया	16.51

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** में दिनांक 16.12.2023 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 26.12.2023 सायं 5.30 तक है।

जी-06536/2

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग-राजनांदगांव

कार्यालय नगर पंचायत-नगरी
जिला-धमतरी (छ.ग.)

क्र. 762/न.पं./राजस्व/2023-24
नगरी, दिनांक 21/12/2023

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती रिजवाना परवीन पिता युसुफ भाई जाति मुसलमान चुरियापारा वार्ड क्र. 11 नगर पंचायत नगरी तह. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.) का निवासी है। उनके द्वारा निकाय क्षेत्रांतर्गत रानीदुर्गावती वार्ड क्र. 06, प.ह.नं. 23 आबादी भूमि खसरा नं. 61/1 रकबा 4.25 हेक्टे. का टुकड़ा 2079 वर्गफीट भूमि पर काबिजदार श्री साजिद हुसैन पिता स्व. साबिर हुसैन की भूमि पर स्थित मकान/ मलमा को खरीदी बिक्री पत्र के माध्यम से क्रय किया गया है। विक्रेता साजिद हुसैन का नाम निकाय के कर संग्रहण पंजी वार्ड क्र. 06 का मांग संख्या 142 पर दर्ज है। निकाय के कर संग्रहण पंजी से विक्रेता का नाम नाम विलोपित/ संशोधित कर आवेदक का नाम दर्ज करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन के बाबत यदि उक्त काबिज मलमा पर किसीभी व्यक्ति/संस्था का हितबद्ध तो संबंधित हितबद्ध पक्षकार अपना दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 21.01.2024 तक कार्यालय नगर पंचायत नगरी के राजस्व शाखा में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 21.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी किया गया।

सील

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत नगरी

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 1975/लो.क.वि./न.पा.नि./2023 रायगढ़, दिनांक 20/12/2023

// ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिक निगम रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि रु. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
1	150169	CONSTRUCTION OF CULTURAL BUILDING AT BADE RAMPUR W.N. 06	25.00	04.01.2024

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

''स्वच्छ पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण करें एवं पालिथीन का प्रयोग न करें''

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि. रायगढ़

छत्तीसगढ़ शासन, जली संसाधन विभाग
कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
शिवनाथ मण्डल, दुर्ग (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

e Procurement portal: https:// eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 150007/ निविदा सूचना क्र. 34/वलेलि/2023 -24 छुईखदान, दिनांक 19.12.2023

निम्मलिखित कार्यो के लिए दिनांक 09.01.2024 17:30 तक ऑन निविदाए आमंत्रित की जात है:-

कार्य का नाम- खैरागढ़- छुईखदान- गण्डई जिले के छुईखदान विकासखंड अंतर्गत पदमावतीपुर जलाशय योजना के बांयी तट नहर आरडी 0 मी. से 2400 मी. दांयी तट नहर आरडी 0 मी. से 330 मी. तक जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग का कार्य तथा 01 नग डीआरबी 09 नग व्ही आर बी 03 नग इनलेट, 04 नग डीसी, 01 नग स्क्रेप कार्यो का निर्माण, पुराने पक्के कार्यो का मरम्मत एवं कुलाबा पाइप फिक्सिंग कार्य।

अनुमानित लागत - **रू. 173.48 लाख**
(दिनांक 01.08.2010 के एस.ओ.आर तथा संशोधित 22.8.2022 के अनुसार)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 26.12.2023 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते है।

नोटः निविदा में भाग लेके हेतु ठेकेदार को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है

जी-06548/3

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, छुईखदान (छ.ग.)
कृते-अधीक्षण अभियंता शिवनाथ मण्डल दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय सेनानी 4थी वाहिनी छसबल माना, रायपुर छ.ग.

क्र.-4थी वाहिनी/छसबल/माना/सा.अ./A/1110-C/2023, दिनांक 16/12/2023

पुनः निविदा सूचना

इकाई में निम्नानुसार कार्य कराये जाने/सामग्री क्रय किये जाने हेतु सेनानी 4थी वाहिनी, छसबल, माना रायपुर की ओर से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से 02 लिफाफा पद्धति में (लिफाफा 'अ' में टेक्निकल बीड एवं लिफाफा 'ब' में फायनेंसियल बीड) दर्शाए अनुसार कार्य कराये जाने बाबत् मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सीलबंद लिफाफे के ऊपर निविदा सूचना क्रमांक तथा निविदाकर्ता का पूरा नाम/पता लेख किया जाना आवश्यक है।

क्र.	कार्य विवरण/सामग्री का नाम	स्वीकृति राशि रू.	अमानत राशि
1	इकाई में एम्युनेशन के भण्डारण हेतु नवीन मैगजीन भवन का निर्माण कार्य।	13,77,000.00	13,770.00
2	1. LATH MACINE CNC TYPE-01 NOS. 2. DA CYLINDER WITH ACETYLENE GAS - 01 नग।	10,45,000.00	10,450.00

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन पत्र (आयकर प्रमाण पत्र सहित) के साथ रू. 300-300 (सं0क्रं0-01 में अंकित निर्माण कार्य हेतु राशि रुपये 300.00 एवं सं0क्रं0-02 में अंकित सामग्री क्रय हेतु राशि रुपये-300 के पृथक-पृथक) कोषालय में लेखा शीर्ष 0055 पुलिस मिसलिनियस पुलिस रिसिप्ट के अंतर्गत सेनानी 4थी वाहिनी छसबल, माना रायपुर के नाम से जमा कर चालान की मूल प्रति सेनानी 4थी वाहिनी छसबल, माना रायपुर छ.ग. को प्रस्तुत कर दिनांक 02-01-2024 के 17:00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में निविदा फार्म प्राप्त किये जा सकते है।

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 02.01.2024 को समय 17.00 बजे तक।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 03.01.20 को समय 15.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि - 03.01.2024 को समय 16.00 बजे तक।

नोटः- 01. उपरोक्तानुसार कार्य हेतु निविदा की नियम एवं शर्तें टेण्डर फार्म के साथ कार्यालयीन समय में कार्यालय सेनानी 4थी वाहिनी छसबल, माना से प्राप्त किए जा सकते हैं।
02. निविदाकार को उपरोक्तानुसार सं. क्रं.-01 एवं 02 के लिये पृथक पृथक टेण्डर फार्म प्राप्त करना होगा।

जी-06533/3

सेनानी
4थी वाहिनी छसबल
माना, रायपुर छ.ग.

नारायणपुर में नक्सली उत्पात, सड़क खोदकर गिराए पेड़

- सोनपुर और कोहकामेटा में आवागमन ठप
- पुलिस को बैनर लिखकर दी चेतावनी

नारायणपुर/नवप्रदेश। 22 दिसंबर को नक्सलियों ने भारत बंद बुलाया है. लेकिन उससे पहले नक्सली काफी सक्रिय है. बस्तर संभाग के अलग अलग जिलों में नक्सली उत्पात मचा रहे हैं. नारायणपुर में नक्सलियों ने फिर रोड जाम किया है. अबूझमाड़ सोनपुर और कुंदला कोहकामेटा मार्ग में नक्सलियों ने रोड जाम किया है.इसके लिए नक्सलियों ने सड़क खोदकर उसके आगे पेड़ काटकर गिराए हैं.जिससे दोनों ओर वाहनों की आवाजाही रुक गई है.टू व्हीलर से लेकर यात्री बस और मालवाहकों को परेशानी उठानी पड़ रही है.

सड़क खोदकर गिराए पेड़

आपको बता दें कि सोनपुर मार्ग में लंबे समय के बाद नक्सली उत्पात देखने को मिला है.नक्सलियों ने नारायणपुर सोनपुर मार्ग के कोडोली गांव के पास पेड़ काटकर और सड़क को खोदकर आवागमन बाधित किया.वहीं कुंदला से कोहकामेटा मार्ग के पुल के पास भी सड़क खोदा गया है. जिससे राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. इलाके में आवाजाही प्रभावित होने से यात्री बस के पहिए भी थमे हैं.

बैनर पोस्टर के जरिए दहशत फैलाने की कोशिश

नक्सलियों ने कई जगह मार्ग बाधित कर चेतावनी वाले बैनर पोस्टर भी चस्पा किए हैं.इन बैनर और पोस्टर्स में आसपास बम लगे होने की बात लिखी गई है. आपको बता दें कि बीते दिनों छोटेडोंगर के कोमल मांझी की हत्या की जिम्मेदारी भी नक्सलियों ने ली है. नक्सलियों ने कोमल मांझी पर आमदाई माइंस में पैसे खाने का आरोप लगाया था. इसी के साथ 22 दिसंबर को नक्सलियों ने भारत बंद का आह्वान किया है.

बीजापुर में भी नक्सलियों ने उत्पात मचाया है. मद्देड़ के सोमनपल्ली में लगे टावर में आग लगा दी है. इलाके में बंद को लेकर बैनर- पोस्टर भी फेंके हैं. थाना प्रभारी रविशंकर साहू ने बताया कि टावर में लगे बेटरी बॉक्स में आगजनी की गई है. कुछ लोगों से पूछताछ जारी है. इलाके में दहशत का माहौल है।

धान की खरीदी पर लिमिट से परेशान किसान, बिना टोकन कटाए वापस लौटे

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले में धान खरीदी की रफ्तार सुस्त है। मध्यांतर तक महज 15 फीसदी धान की खरीदी पूरी हो सकी है। अब जब खरीदी ने रफ्तार पकड़ी है तो उपार्जन केंद्रों की अव्यवस्था किसानों को परेशान कर रही है। एक सीमा तय होने की वजह से अधिकांश किसानों को बिना टोकन के बैरंग लौटना पड़ रहा है। वहीं जो धान बेच रहे हैं उन्हें हमाली का काम करना पड़ रहा है।

अव्यवस्थाओं को लेकर किसानों ने जताई नाराजगी

समर्थन मूल्य पर 1 नवंबर से किए जा रहे धान खरीदी अभियान के दौरान जिले में अव्यवस्थाओं का आलम भी शुरू हो चुका है। मंगलवार को उपार्जन केंद्र बरपाली में टोकन कटाने पहुंचे किसान जहां बैरंग लौटे, वहीं कई किसान हमालों की तरह अपने बेचे गए धान के बारदानों (बोरों) की सिलाई करते नजर आए। जिम्मेदार अधिकारियों के मॉनिटरिंग में ढिलाई की वजह से किसान व्याप्त असुविधाओं से खासे नाराज नजर आए। उपार्जन केंद्र बरपाली में धान बेचने और टोकन कटाने के लिए सैकड़ों किसान नजर आए, लेकिन जर्वे, नवापारा के कुछ किसानों को बिना टोकन काटे ही वापस जाने की बात कही गई।

मंगलवार को तय लिमिट के अंतर्गत टोकन कट चुका था, लिहाजा उन्हें दूसरे दिवस आने की बात कही गई। साथ ही उन्होंने समिति में 20 हमालों की व्यवस्था की बात कही, लेकिन उनके इस दावे के उलट उपार्जन केंद्र में ही उनके सामने संडेल के किसान सुरेंद्र जांगड़े, फिरतराम हमालों की तरह अपने बेचे गए धान के बारदानों की सिलाई करते नजर आए। सुरेंद्र 22 क्विंटल तो फिरतराम 37 क्विंटल धान बेचने आए थे। निश्चित तौर पर यह बदइंतजामी किसानों को हतोत्साहित करने वाली साबित हो सकती है।

धान बेचने के लिए किसानों को कटवाना होता है टोकन

जर्वे के किसान राधेलाल हर साल की तरह इस साल भी धान बेचने के लिए पहुंचे। उनके पास करीब 38 क्विंटल धान थी, जिसके लिए उन्हें टोकन कटवाना था, लेकिन उन्हें बैरंग लौटा दिया गया। हालांकि इसके पीछ समिति का कहना था कि समिति की धान खरीद की लिमिट निर्धारित है। उस लिमिट के अंतर्गत ही धान बेचने आए किसानों का टोकन काट सकते हैं उससे अधिक नहीं।

पूर्व विधायक जायसवाल और महापौर गिरफ्तार

मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर/नवप्रदेश। नई सरकार आने के बाद पुलिस प्रशासन एक्शन मोड में है। मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर में रेलवे पुलिस ने पूर्व विधायक विनय जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया। विनय जायसवाल की पत्नी और चिरमिरी की महापौर कंचन जायसवाल को भी रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। रेलवे एक्ट के तहत दोनों पर कार्रवाई की गई।

किस मामले में हुई गिरफ्तारी: पूर्व विधायक विनय जायसवाल और उनकी पत्नी कंचन जायसवाल पर रेलवे एक्ट के उल्लंघन का आरोप है। साल 2021 के कोरोना काल क दौरान रेलवे ने कई ट्रेनों को बंद कर दिया था। जिसके बाद विनय जायसवाल, कंचन जायसवाल और गायत्री बिरहा सहित कांग्रेस के कई नेताओं ने रेल की पटरी पर रेल रोको आंदोलन किया था। इसी केस में तीनों की गिरफ्तारी की गई.

गिरफ्तारी के बाद तुरंत हुई रिहाई

रेलवे पुलिस ने दोनों नेताओं की गिरफ्तारी की। उसके बाद मुचलके पर तुरंत दोनों को रिहा कर दिया गया। इस मामले में विनय जायसवाल और उनकी पत्नी को एक दिन पहले ही समन मिला था। जिसके बाद दोनों नेताओं ने गिरफ्तारी दी और फिर इनकी रिहाई हुई। इस घटना के बाद विनय जायसवाल का अगला कदम क्या होता है।

> *कांग्रेस की सरकार प्रदेश में रहते किसी को समन जारी नहीं हुआ था। लेकिन सरकार बदलते ही समन जारी हुआ इसे लेकर विनय जायसवाल ने कहा कि, डबल इंजन की सरकार बदले की भावना से काम कर रही है। जनसुविधाओं को लेकर किये गए आंदोलन में गिरफ्तारी की जा रही है। लेकिन हम डरने वाले नहीं है.*
>
> **विनय जायसवाल,** पूर्व विधायक

मिड डे मील योजना हो सकती है बंद

कोरबा/नवप्रदेश। सरकारी मिडिल और प्राइमरी स्कूलों में मिड डे मील की व्यवस्था चरमरा गई है। एक तरफ बच्चों को देने वाले आहार के लिए पैसे नहीं आ रहे हैं तो दूसरी तरफ बच्चों को खाना बना कर देने वाले समूहों और रसोइयों को भी 4 महीने से मानदेय नहीं मिला है। इससे ग्रामीण क्षेत्र में कई स्कूलों में मिड डे मील नहीं मिलने की सूचना है। जिन स्कूलों में बच्चों को मिड डे मील दिया जा रहा है वहां या प्रधान पाठक अपने जेब से पैसे लग रहे हैं या फिर महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं दुकानों से उधार सामान लेकर बच्चों के लिए स्कूल में खाना बना रही है।

सूत्रों की माने तो केंद्र सरकार से ही भुगतान जारी नहीं हुआ है। इसके कारण समूहों को पैसे जारी नहीं हुए हैं। समूह के अधीन काम करने वाले रसोइयों को मानदेय के रूप में हर महीने 1500 रुपये दिए जाते हैं। लेकिन बताया जा रहा है कि पिछले कुछ महीनों से वो पैसे भी नहीं दिए गए हैं। जिसके कारण कुछ स्कूलों में सिर्फ दाल, चावल, अचार या चावल और सब्जी देकर बच्चों को मिड डे मील खिलाया जा रहा है।भुगतान जारी नहीं होने के पीछे कारण चाहे जो भी हो, फिलहाल स्कूलों में मिड डे मील की हालत बेहद चिंताजनक है।

> कोई पार्षद देखने भी नहीं आते हैं। दुकान से हम सामान खरीद कर बना रहे हैं।
>
> **–फूलबती, सदस्य, महिला सहायता समूह**

> जुलाई अगस्त का मानदेय मिला है, उसके बाद से मिला ही नहीं है। ऐसे में हम घर कैसे चलाएं और काम कैसे करें, ना हम इस काम को छोड़ सकते हैं, और न कर पा रहे हैं.
>
> **–अमृता मरावी, रसोईया, मिड डे मील**

महंगाई के दौर में 8 और 5 रु. प्रति छात्र

महंगाई के इस दौर में मिड डे मील का मैनू बना हुआ है. जिसके अनुसार मिड डे मील में समूह के द्वारा बच्चों को दाल, चावल, हरी सब्जी, सलाद, पापड़ और अचार देने का नियम है। हर दिन का अलग अलग मैनू तय है। लेकिन इसके लिए प्रति छात्र के हिसाब से जो राशि मिलती है वह इस महंगाई के दौर में काफी कम है। मिडिल स्कूल में प्रति छात्र 8.17 रुपये और प्राइमरी में 5.67 रुपये प्रतिदिन प्रति छात्र के हिसाब से मिलती हैं। अब यह भुगतान भी महीने से रुका हुआ है। भुगतान नहीं होने के कारण बच्चों को चावल और आलू और सोया बड़ी की सब्जी दी जा रही है. लेकिन सब्जी के नाम पर वो भी मजाक ही है।

उधार मांग कर चला रहे व्यवस्था : प्राथमिक स्कूल दादर खुर्द में मिड डे मील की व्यवस्था संभालने वाली महिला सहायता समूह की सदस्य फूलबती बेहद नाराज दिखीं। फूलबती का कहना है कि पिछले 4 महीने से हमें भुगतान नहीं दिया गया है। चावल दाल तक खरीदने के लिए हमारे पास पैसे नहीं हैं। दुकानदार से उधार मांगकर किसी तरह व्यवस्था चल रहे हैं। अब दुकानदार भी हमें ताने दे रहा है। घर से पैसे लगाने पड़ रहे हैं। जिससे आर्थिक तंगी है। काफी समस्याओं का सामना

नक्सलियों ने यात्री बस सहित 3 वाहनों में लगाई आग

सुकमा/नवप्रदेश। बस्तर के अलग-अलग जिलों में नक्सलियों ने बुधवार की रात जमकर उत्पात मचाया है। सुकमा के कोंटा इलाके में यात्री बस सहित 3 वाहनों को आग के हवाले कर दिया। वहीं, बीजापुर में नेशनल हाईवे पर पेड़ काटकर गिरा दिए। दोनों जिलों की ओर जाने का रास्ता बंद हो गया है। इसके बाद इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की खबर पर सुकमा और बीजापुर जाने वाले यात्रियों को दहशत में दंतेवाड़ा में रात गुजारनी पड़ी। बस्तर में हुई इन घटनाओं के बाद इलाकों में सर्चिंग बढ़ा दी गई है।

ऐसे दिया घटना को अंजाम

जानकारी के मुताबिक़ बुधवार की रात कोंटा इलाके के आसिरगुड़ा के पास नेशनल हाईवे नंबर 30 पर नक्सली आ धमके। जगदलपुर से विजयवाड़ा की ओर जा रही यात्री बस को रोक दिया। इसके बाद यात्रियों और ड्राइवर समेत सभी को नीचे उतारकर बस का डीजल टैंक फोड़कर आग लगा दी। यहां दो ट्रकों को भी आग के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि इस घटना को अंजाम देने के लिए 10 से ज्यादा नक्सली पहुंचे थे। दरअसल, 22 दिसंबर को नक्सलियों ने भारत बंद का ऐलान किया है। इससे पहले बस्तर में दहशत फैलाने के लिए अलग-अलग इलाकों में नक्सलियों ने उत्पात मचाकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है।

मौके पर पहुंची फ़ोर्स

जैसे ही इस बात की जानकारी पुलिस को मिली, तो तुरंत सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल के जवानों को रवाना किया गया। नक्सलियों पर जवानों ने पैरा बम भी दागे। इसके बाद नक्सली यहां से भाग खड़े हुए। पुलिस ने आसपास के इलाकों की सर्चिंग भी बढ़ा दी है। इस घटना के बाद यात्रियों में खौफ का माहौल है। वहीं, इसकी सूचना मिलते ही दंतेवाड़ा से हैदराबाद की ओर जा रही बस बीच रास्ते से ही वापस दंतेवाड़ा लौट आ गई, जिसकी वजह से यात्रियों को काफी दिक्क़तों का सामना करना पड़ा।

चार ट्रैक्टर जब्त

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार द्वारा खनिज विभाग को जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन रोकने के कड़े निर्देश लगातार दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन और परिवहन में संलग्न चार ट्रैक्टरों पर कार्यवाही की गई है। खनिज अधिकारी श्री प्रमोद नायक ने बताया कि रात्रि में कार्यवाही के पश्चात् जब्त ट्रैक्टर सीजी 12 यू 0359 सलिहाभाठा, ट्रैक्टर जॉन डियर (बिना नंबर) प्रगति नगर एनटीपीसी, ट्रैक्टर जॉनडियर (बिना नंबर) कुदरमाल, ट्रैक्टर जॉन डियर (बिना नंबर) कुदुरमाल को थाने में रखा गया है।

घर में बंधे भैंसा को जंगली हाथी ने कुचला

सरगुजा/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के उदयपुर वन परिक्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार की रात जिले के गुमगा डाहीमार गांव में हाथियों ने जमकर आतंक मचाया। यहां के मोहल्ला डाहीमार में 9 हाथियों के दल ने जीतू मझवार नाम के ग्रामीण के घर के बाहर पेड़ से बंधे भैंस पर पहले दांत से हमला कर घायल किया फिर पैरों से कुचलकर मार डाला। घटना की जानकारी वन विभाग को दी गई। इसके बाद प्रशिक्षु डीएफओ अक्षय भोसले के नेतृत्व में मंगलवार सुबह पशु चिकित्सक के साथ एक टीम घटनास्थल पर पहुंची। फिर भैंस के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। वहीं, ग्रामीण को मुआवजा दिलाने की कार्रवाई की जा रही है।

बताया जा रहा है कि 11 दिसंबर से 9 हाथियों का दल सूरजपुर जिले के तारा से होते हुए सरगुजा जिले परसा, साल्ही, गुमगा, मुड़गांव के जंगलों में लगातार विचरण कर रहा है। हाथियों ने अभी तक गुमगा डाहीमार गांव में छंदन, सालन, करीमन, ललान, जगत, दिलबोध और जीतू मझवार समेत कई अन्य ग्रामीणों के घरों को नुकसान पहुंचाया है। हाथियों की निगरानी में परिक्षेत्र सहायक अजीत सिंह, चन्द्रभान सिंह, शशीकान्त सिंह, दुर्गेश सिंह, वन रक्षक अमरनाथ, विष्णु, अवधेष, आर्मा कुमार, ऋषि, दिनेश तिवारी और धनेश्वर सिंह सहित अन्य स्टॉफ लगाए गए हैं।

आठ दिन में 12 घरों को किया क्षतिग्रस्त

जंगली हाथियों का यह दल 11 दिसंबर से उदयपुर वन क्षेत्र की ओर विचरण कर रहा है। पिछले आठ दिनों में हाथियों के दल ने 12 घरों को क्षतिग्रस्त किया और साथ ही घर पर रखे अनाजों को निवाला बना समानों को भी नुकसान पहुंचाया है। कड़ाके की ठंड में आशियाना उजड़ने से प्रभावित ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीण अलाव जलाकर रात को जगकर रखवाली करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। वन विभाग के द्वारा जनहानी रोकने के लिए ग्रामीणों को मुनादी कर सतर्क किया जा रहा है।

मजदूर की बेटी अब नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में दिखाएगी जलवा

- चैंपियन के पास कभी अच्छे जूते लेने नहीं थे पैसे

अंबिकापुर/नवप्रदेश। अंबिकापुर की आदिवासी मजदूर की बेटी नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2023 में खेलेगी। लेकिन यहां पहुंचने का सफर आसान नहीं था। बच्ची की लगन और मेहनत को देख गरीब मां बाप ने भी बेटी के सपने पूरा करने की ठानी और दिनरात मजदूरी कर एक एक पैसे जोड़कर उसके लिए जूते खरीदे। पिता राज मिस्त्री और मां मजदूरी का काम करती हैं। जब बेटी के लिये बास्केटबॉल के महंगे जूते खरीदने थे तो वो नामुमकिन था। सस्ते जूतों से ही सीमा ने खेलना शुरू किया। मजदूरी करके भी परिवार ने साथ दिया, बच्ची की लगन और प्रतिभा को देखकर कोच राजेश सिंह ने भी सहयोग किया और आज एक आदिवासी मजदूर की बच्ची बास्केटबॉल का नेशनल खेलने जा रही है।

अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल दिवस पर ये कहानी है सरगुजा की आदिवासी बच्ची सीमा नगेशिया की। जो अंबिकापुर के गोधनपुर की रहने वाली हैं। पिता मिस्त्री हैं। मां भी पिता के साथ मजदूरी का काम करती हैं। 14 साल की सीमा नगेशिया को बचपन से ही बास्केटबॉल खेलना काफी पसंद था। विपरीत परिस्थितियों के बाद भी हर हाल में बास्केटबॉल खेलना नहीं छोड़ा। सीमा अब सब जूनियर बास्केटबॉल नेशनल चैंपियनशिप 2023 खेलने राजस्थान जाने वाली है। इससे पहले दो बार स्टेट लेवल में भी सीमा को दो बार ब्रॉन्ज मेडल मिल चुका है।

अच्छे जूते लेने नहीं थे पैसे

बास्केट बॉल खेलने के लिए जूते अच्छे होने चाहिए। अच्छे जूते के लिए पैसे भी ज्यादा देने पड़ते हैं। ऐसे में घर की परिस्थितियों को देखते हुए सीमा के पिता अपनी बच्ची की ख्वाहिशों को पूरा करने किसी तरह पैसे जमा कर जूते लेकर देते थे। जिसे पहनकर सीमा बास्केटबॉल की प्रैक्टिस करती थी।

अंबिकापुर में कई खिलाड़ियों का बनाया भविष्य

सीमा के कोच राजेश प्रताप सिंह हैं। जिन्होंने अंबिकापुर की कई खिलाड़ियों की भविष्य बनाया है। उनका कहना है कि सरगुजा में बास्केटबॉल की कई प्रतिभा हुई हैं, जिन्होंने ना सिर्फ प्रदेश का नाम रोशन किया बल्कि अपना करियर भी बनाया। कुछ खेल कोटे से रेलवे में जॉब कर रही हैं तो कुछ शासकीय सेवा में तो कुछ कोच बनकर प्राइवेट सेक्टर में काम कर रही हैं। निशा कश्यप, उर्वशी बघेल, शबनम एक्का बास्केटबॉल खेलकर खेल कोटे से रेलवे में जॉब कर रही हैं। इसके अलावा बबिता, रिबिका खेलो इंडिया के प्रोजेक्ट के साथ प्राइवेट सेक्टर में काम कर रही हैं।

> जब खेलने के लिये जूते लेने थे तो बास्केटबॉल के जूते काफी महंगे थे। महंगे नहीं लेकिन सस्ते जूते उन्होंने लेकर दिये। परिवार और कोच दोनों ने सपोर्ट किया
>
> **– सीमा नगेशिया, बास्केटबॉल प्लेयर**

> जो मैं नहीं कर सका वो ये बच्चे कर रहे हैं। नगेशिया एक मजदूर परिवार की बच्ची है। अभी इसकी शुरुआत है, पूरा विश्वास है कि आगे जाकर अंबिकापुर और देश का नाम ऊंचा करेगी। इन्हीं की मदद से सरगुजा की बाकी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाएंगे। जो छोटी मोटी मदद होती है मैं करता हूं। इनको खेल की बारीकियां सिखाते हैं और जब ये सफल होती हैं तो अच्छा लगता है.
>
> **–राजेश प्रताप सिंह, बास्केटबॉल कोच**